माया, आस्टेक और इंका, अमेरिका की प्राचीन कोलंबिया सभ्यता है। ये अमेरिका के इंडियन मूल निवासियों की संस्कृति है। मध्यकालीन यूरोप के देश, भारत को नये जलमार्ग अन्वेषण के प्रयत्न में नये भूखण्डों का संशोधन किया। इन भूभागों में अमेरिका तथा अस्ट्रेलिया को भारत समझकर वहाँ के लोगों को इंडियन कहने लगे। तदुपरांत इतिहास में परिचित देशों को पुरानी दुनिया तथा नये भू भागों को 'नयी दुनिया' कहते हैं। अमेरिका के प्राचीन को लंबिया की सभ्यता, ईजिप्ट, मेसोपोटामिया तथा चीन सभ्यता के समान विशिष्ट है। इस नयी दुनिया की सभ्यता में संस्थानों, साम्राज्यों, अद्भुत स्मारकों, नगरों तथा कला लोहतंत्रज्ञान और लिपि को देख सकते हैं।

इस प्रदेश के लोगों का जीवन ई.पू करीब 1500 तक स्थिर रहे। वे जवार, अनाज, फल, मेंथी तथा कपास उपजाते थे। बनाने से संबंधित को कपडे बुननेवाले, मटका आदि नये पत्थर युग की जानकारी थी। ई. पू. 1200 से 900 तक अवधि में पिरामिड तथा शिला प्रतिमा की स्मारकों का निर्माण का आरंभ, साधारण जीवन में नया परिवर्तन लाया। यह परिवर्तन मेंक्सिको के समुद्रतट में दिखते हैं। यहाँ मूर्तिकार मुखिया तथा राजाओं के रेखाचित्र चित्रित करते थे। इनको 'ओलमेंक' कहते हैं। यहाँ के आधार तथा उत्खनन की व्यवस्था श्रेणीकृत व्यवस्था से प्रकटित केंन्द्रीकृत समाज की सूचना देती है। इस प्रदेश के चारों ओर कई बडी राजधानी, ग्राम और नगर (Capital Cities) निर्मित हुए। यहाँ भी ओलमेंक कला की



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

शैली का प्रयोग हुआ। इस समय सांस्कृतिक सीमा में रचना से पहले पहल ऐक्यता उत्पन्न हुई। ई.पू. 500 के बाद ओलमेंक ऐक्यता प्रत्येक स्थानीय शैली तथा संस्थानो का मार्ग प्रशस्त हुआ। ये माया, अस्टेक, इंका आदि नागरिकताएँ हैं।

**माया की सभ्यता :** मेंक्सिको के युकटेन प्रदेश के अमेरिका के इंडिया मूलनिवासियों को 'माया' कहते है। इनकी भाषा को 'युकटेक' कहते हैं। माया लोग कद से छोटे थे। लंबे बाल तथा गोल-मटोल सिर वाले थे। प्राचीन अमेरिका के इंडियनों में अत्यंत समझदार लोग 'माया' थे। पत्थरों से बनाये नगरों के अवशेष मेक्सिको का युकटेन, ग्वाटेमाला तथा होन्डुरस में मिला है। यहाँ की नागरिकता 1700 साल पहले विकसित हो गये। इनका पहला नगर ई.श 320 में निर्माण हुआ था। 1527 से 1546 तक कोर्टेज के नेतृत्व में स्पेन के आक्रमण के साथ माया संस्कृति अवनति तक पहुँची। इस अवनति के बीच बचे 'माया इंडियन' युकटन के उत्तरी प्रदेश तथा ग्वाटेमाला में आज भी है।

**माया लोगों का जीवन**

माया के बहुत प्रदेश आचार विचारों का केन्द्र थे। इनको 'नगर' कहते हैं। ये जन निवासित प्रदेश नहीं थे। इन प्रदेशों के लोग धार्मिक आचारणों, बाजारों, न्यायालय तथा नागरिक शासन का उपयोग करते थे। इसके चारो ओर के ग्रामों में लोग रहते थे। बाजार तथा धार्मिक त्योहारों के समय छोडकर बाकी समय में यह आचरण केन्द्र निर्जन प्रदेश होता था। 'तिकल' नामक बडे निवेशन में पिरामिडों का 'महल' और एक मील क्षेत्र पल के आँगन को देख सकते हैं।

इन सब क्षेत्रों में आंगन तथा उसके दोनो ओर पिरामिड थे। उसमें कई कमरों की इमारते थी। इसके सामने बडे शिला स्तंभ थे। इनमें कई सादा स्तंभों देवताओं, पुरोहितों शासन, आदि गण्यव्यक्तियों के चित्र तथा हिरोग्लैफिक पठ्यों को भी खुदाया गया। ऐसे पत्थर की आकृतियों को 'स्टेलिस' कहते हैं। इनमें बहुत ऊँची करीब 35 फुट ऊँचा तथा 65 वजन की आकृति थी। पिरामिडों पर मंदिर थे। आंगन में लोग इकट्टा होकर मंदिर के सामने होनेवाले आचरणों को देखते थे। 9 वीं सदी तक इस आचरण केंद्र से लोग बाहर निकल गये। बचे 6 वीं सदी में केन्द्र प्रदेश इतने प्रमुख नहीं रहे। माया के सामान्य लोग, आचरण केन्द्रों के बाहरी मंडियों में रहते थे। उसके चारों ओर ज्वार के खेत थे। किसान ज्वार, शकरकंद आदि उपजाते थे। बहुत संख्या के किसाना ने, मेहनत से यहाँ की बडी इमारतों को बनाया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

माया की बौद्धिक साधना, उनकी लिपि हिरोग्लैफिक खगोलशास्त्र तथा कालगणना की जानकारी मिलती है। माया की हिरोग्लैफिक लिपि वैचारिक संकेत है, तथा शब्दों के आधार पर है। इन में करीब 850 अंश हैं। ज्यादातर इनका अर्थ हमें मालूम नहीं है। हिरोग्लैफिक पठ्य, पत्थरों के स्मारक, इमारते तथा लकडी के टुकडों पर खुदाई है। इनको किताबों में भी लिखे थे। ये किताबें स्पेन के आक्रमण के बाद नष्ट हो गयीं। इनमें केवल तीन बच गये हैं। इसमें एक ड्रेसडन कोडक्स ग्रहणों के दिनों को पहले ही समझाने के लिए इस्तेमाल करते थे।

मायाओं को लोहों का उपयोग करने के बारे में जानकारी नहीं थी। 16 वीं सदी के आरंभ में भी ताम्र और सोना भी विरल था। ये पत्थर हड्डी तथा लकडी के उपकरण का इस्तेमाल करते थे। 9 वी सदी तक इनको तीरकमान की जानकारी नहीं थी। जवार फसल से संबंधित देवता, माया के आराध्य देव थे। वर्षा, मिट्टी वायु, सूर्य, चंद्र तथा जवार को ही अपना देवता समझते थे। माया नागरिकता में नरबलि देते थे।

**अस्टेक (अज्टेक)**

मेंक्सिको में 'टेक्सकोको' नामक एक द्वीप है। इस सरोवर के द्वीप पर अस्टेक ने अपना नगर बसाया। इस कुल के मुखिया में एक 'टेनोच' (पूर्व अस्टेको को टेनोच कहते है।) होता था। इनके नगर को टेनोटेटलान (पानी से उगनेवाला पत्थर) कहते हैं। इनके नगर को 'मेंक्सिक' भी कहते है। वहाँ के लोगों को उसी नाम से पहचानते हैं। इनकी भाषा 'नहूवा' आज भी मेंक्सिको में बोली जाती है।

पेरु के इंकाओं को छोडकर, नयी दुनिया में अस्टेक की तरह व्यापक साम्राज्य और कोई प्राप्त नही किया था। एक ही सदी में साम्राज्य बनाकर शासन किया, एक छोटे, भटकनेवाले लोगो के इतिहास में वे प्रथम हैं। शीघ्र ही इसकी अवनति भी हो गयी। इनके बढाव-उतार की कथा इसकी मौखिक परंपरा में तथा उत्खनन में व्यक्त की गयी है। इस परंपरा को स्पेनिश इतिहासकार तथा समाज विज्ञानियों अनुवाद किया है। इनको इंडियन कौडैसस कहते हैं।

स्पेनिश सेना मेंक्सिको की खाडी को 1519 में प्रवेश करते समय सरोवर के द्वीप का सुन्दर नगर दीख पडा। यह नगर अस्टेक की राजधानी टेनोटिटलान थी। यह सुन्दर होते हुए भी अधिकार और दौलत का द्योतक था। स्पेन के लोग जब आये तब उन्हें तीन मार्ग दीख पडे। उनमें पहला महल जाने का, दूसरा मंदिर जाने का, तीसरा पिरामिड जाने का मार्ग थे। ये सब स्पेन के आक्रमण के कारण बने।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अस्टेक भटकनेवाले लोग थे। ऐसा जान सकते हैं कि 13 वीं सदी में ये मेंक्सिको आये। यहाँ कई पुश्तों के साथ अनेक युद्ध हुए। हमले के प्रदेश के सुसंस्कृत लोगों ने टोलेटेक्कर, मायन, जेपोटेक्कर की संस्कृति को अपनाया। आखिर 14 वीं सदी में मेंक्सिको सरोवर के द्वीप में आश्रय पाकर टेनोटिटलान नगर विकसित होने का कारण बना। आज भी मेंक्सिको नगर के इंडियन लोग इस वंश के हैं।

वास्तुशिल्पकला तथा खुदाई इनकी इमारतों में देख सकते हैं। बडे बडे मंदिर खुदाई से अलंकृत थे। ऐतिहासिक तथा धार्मिक घटनाओं को संकेत द्वारा हिरग्लैफिक्स में व्यक्त किया गया था। त्योहारों के समय सूची तथा निर्दिष्ट समय में प्रभाव देनेवाले देवताओं की सूची देते थे।

व्यापार व्यवस्था साम्राज्य के दूर भागों को टेनोटिटलान के संपर्क में रहते थे। सैनिक व्यापारियों को रक्षण देते थे। ये बोझ ढोनेवाले प्राणी न होने के कारण मजदूरों पर अवलंबित थे। खेतों से फसल को बाजार लाने के लिए नालों का इस्तेमाल करते थे। वे वहाँ नावों द्वारा आते थे। उनकी प्रमुख फसलें अनाज, मेंथी, फलों का रस, टमाटर, तम्बाकू तथा कपास थीं। ये वस्तु विनिमय द्वारा व्यापार कर रहे थे।

अस्टेक अपनी दौलत तथा अधिकार राजाधानी के जीवन को सुन्दर बनाने में इस्तेमाल करते थे। राजा सुन्दर महल में रहते थे। प्रतिष्ठित लोग तथा हजारों गुलाम इनके अधीन थे। राजभवन के पास वाटिकाएँ तथा प्राणि संग्रहालय था। रास्ते, पुल तथा नाला नगर के संपर्क मार्ग थे। पीने के पानी की योजना भी थी।

नगर के बाहर छोटे छोटे द्वीपों को खेतीबाडी में परिवर्तित किया गया था। इन्हें ‘चिनंप’ कहते थे। किसान झोंपडियों में रहते थे। आधिकारियाँ पत्थर और ईटों से बनाये महल में थे। युद्ध प्रशिक्षण में भाले तथा तीर कमानों का उपयोग करना सिखाया जाता था। वे कैदियों को नहीं मारते थे। उन्हे आहुति के लिए रखते थे। अस्रटेक की इस धार्मिक कर्म को देखकर स्पेनिष डरते थे। उन्होंने प्राचीन अंधविश्वास को मिटाने के लिए सब मंदिरो का नाश कर दिया। अस्टेको के वैभवयुत दिन ही आखिरी दिन भी हो गये। अस्टेक प्रकृति के आराधक थे। देवताओं की तृप्ति के लिए धार्मिक विधि विधान को पालन करते थे। उनमें नरबलि भी एक था। अस्तेक, अपने साम्राज्य विस्तार करते करते देवताओं की तृप्ति के लिए ज्यादा आहुति देते थे। कहते है कि टेनोटिटलान पिरामिड मंदिर को समर्पण के समय 20,000 कैदियों को आहुति दिये। 1517 में हर्नेंडे। कार्टेस्स के नेतृत्व में आये स्पेन की सेना सांस्कृतिक निग्रह के कारण भी हुए।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## इंका

15 और 16 वी सदियों में इंका अभिवृद्धि पायी। इंका की व्याप्ति पेरु, इक्वेडोर चिलि तथा अर्जेंटैना तक थी। इंका साम्राज्य अपना प्राचीन संस्कृति की परंपरा को आगे बढाया। इंका में लिखावट न होने के कारण उनके प्रारंभिक जीवन की जानकारी कम और अगोचर है। ये करीब 11 वीं (ग्यारह) सदी में पेरु के कुस्को (Cuzc) खाडी में आकर बसे। धीरे-धीरे इस खाडी को ही घेर लिया मगर 15 वीं सदी तक उनके जीवन की जानकारी स्पष्ट नहीं है। ट्यूपेक (Tupac) इनका प्रसिद्ध नायक था। यह इंका से भी पहले चिमु के विरुद्ध लडाई करके उन्हें परास्त किया था । इसके बाद इसका वंश साम्राज्य निर्माण हुआ । लेकिन 1532 में स्पेनिश के 200 से भी छोटी-सी सेना इंका को परास्त किया। इसने इंका सैनिकों को क्रूर (अमानुष) रीति से मारकर राज्य को अपने वश में कर लिया।

इंकाओ की प्रतिभा उनके कलासक्ति से भी संघटना सामर्थ्य में देखी जा सकती है। इंका साम्राज्य चार प्रांत्यों में विभाजित था। प्रात्यों की देख रेख मुखिया करते थे। इनपर राजा भी थे। समाज में अधिकारी और पुरोहित ऊँचे और बलशाली वर्ग के थे। भूमि को तीनों भागों में बाँटो गया था। एक भाग कुटुंब को, और दूसरा भाग सूर्य देव और तीसरा राजा को आरक्षित था। बडे गोदामों की सुविधा साम्राज्य भर में थी। विपत्ति के समय गोदामों के पदार्थों को तथा कपडे, आदि, लोगों को बाँटे जाते थे। हर साल निरीक्षक, ग्राम की जनसंख्या, आहार तथा जानवरों का हिसाब रखने को देखते थे। इनमें बहुधा कृषक थे। कुछ सैनिक और हस्तकारी भी थे।

व्यवस्थित योजना उनकी संपर्क साधना से हुई। राज्य में कई छोटी सडकें तथा दो प्रमुख सडके थी। शीघ्र संदेश भेजने के उद्देश्य से सडकों में लोगों को नियुक्त किया गया था। इंका की प्रमुख देन, उसकी बडी पत्थर की इमारतें हैं। इनके वास्तुशिल्प साम्राज्य भर फैले थे। इनमें पेरु की इमारत श्रेष्ठ है। यहाँ के कई महलों और मंदिर देखे जा सकते हैं। यहाँ ट्यूपेक से बनाया किला है। टिटिकाक सरोवर के द्वीप पर राजाभवन तथा चंद्र के मंदिर दोनों प्रसिद्ध इमारतें हैं।

मटका, कपडे तथा लोहे को काम में नया विधान अपनाया गया। सोने के पहिए का काम, उत्तर पेरु के भाग में अभिवृद्धि हई। नागोदा मंदिर के सूर्य चित्र तथा राजभवन, विविध सोने के पहिए इनकी कलात्मक निपुणता का प्रमाण है।

सूर्य देव इंका के आराध्य देव है। वीरकोच्च नामक देवता सृष्टि के कारण थे। इन को विश्वास था कि सूर्य देव वोरकाच्च और लोगों के बीच में संपर्क था। इस कारण से सब इंका केन्द्र में सूर्य मंदिर था। प्रकृति के विस्मय, चंद्र, नक्षत्र बिजली की पूजा करते थे। इसके अलावा दूसरे प्राकृतिक अंशो की भी प्रार्थना कर रहे थे।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# अभ्यास

## I. निम्नलिखित वाक्यों को पूर्ण कीजिए :

1. होमर द्वारा रचित महाकाव्य ईलियड और ____________ है।
2. ग्रीक सर्वाधिकारियों को ____________ कहते थे।
3. वैद्यकीय अध्ययन की नींव ____________ ने डाली।
4. ____________ प्रथम इतिहास विश्लेषणकार है।
5. पिनेप्स से तात्पर्य है ____________ ।
6. रोमन की भाषा ____________ थी ।
7. माया नागरिकता के पत्थर की कलाकृति को ____________ कहते हैं।
8. टेक्सकोको, मेंक्सिको के एक ____________ है।
9. इंका के प्रसिद्ध नायक ____________ है।
10. इंकाओं के आराद्य देव ____________ थे ।

## II. निम्नलिखित प्रश्नों का संक्षिप्त उत्तर लिखिए :

1. ग्रीक साहित्य को होमर की देन क्या है ?
2. ग्रीकों के नगर राज्यों के नाम बताइए।
3. रोमन् गणराज्यों के अंशों को समझाइए ।
4. प्राचीन कोलंबिया की नागरिकता कौन-कौन सी है ?
5. माया किसे कहते हैं ?
6. अस्टेक लोग प्रकृति के आराधक थे। कैसे ?

## III. क्रिया-कलाप

1. अध्यापकों की सहायता से ग्रीक तत्वज्ञानियों के जीवन इतिहास को समझिए।
2. शेक्सपियर द्वारा रचित जूलियस सीजर नाटक को देखिए और पढिए।

❖❖❖



©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अध्याय -6

# जैन और बौद्ध धर्मों का उदय

**इस अध्याय में निम्नलिखित जानकारी प्राप्त होगी -**

- *नवीन धर्मों के उदय की पृष्ठभूमि*
- *जैन और बौद्ध धर्म*
- *जैन और बौद्ध धर्म के तत्व*
- *नवीन धर्मों का विकास*

भारत विविध संस्कृति और धर्मों का देश है । विविधता पूर्ण इस बहुमुखी संस्कृति को कई धर्मों ने पोषित किया है । इनमें सा.श.पूर्व 6 वीं शताब्दी में मध्य गंगा के मैदान में उदित जैन तथा बौद्ध धर्म प्रमुख थे । गौतम बुद्ध तथा महावीर ने बहुमुखी संस्कृति का सार - शांति, अहिंसा तथा सहिष्णुता जैसे मानवीय मूल्यों का उपदेश दिया । इन धर्मों के उदय का कारण उस काल की सामजिक और राजनैतिक व्यवस्था में निहित तत्व था।

## नवीन धर्मों के उदय की पृष्ठभूमि

सा.श. पूर्व 6 वीं शताब्दी तक भारतीय समाज वर्ण के आधार पर विभाजित था। चारों वर्ण स्पष्ट रुप से दिखाई दे रहे थे । दो उच्च वर्णों में ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा उनसे नीचे के वर्णो में वैश्य तथा शूद्र थे। ब्राहमण पुरोहित रुप में यज्ञ आदि धार्मिक कार्यो के आचरण में प्रमुख स्थान रखते थे। और वे दान दक्षिणा पाने के अधिकारी थे। राजाओं को राजधर्म का पालन करने के लिए मार्गदर्शक रुप में क्षत्रिय मुख्य अधिकार रखते थे। दूसरे स्तर के क्षत्रिय शासन करने वाले थे जो किसानों से कर वसूल कर जीवन व्यतीत करते थे। कृषि, पशुपालन तथा व्यापार संबंधी कार्य वैश्य करते थे जिन्हें द्विज माना जाता था। उन परकई प्रतिबंध थे । शूद्र कृषि के लिए नौकर घरों के नौकर के रुप में तथा कुशल कार्य कर्ताओं की सेवा के लिए रखे गए थे । समाज में सभी सुविधाओं का अधिकार उच्च वर्णे को ही था। स्त्री सहित सभी शूद्रो को अशुद्ध माना जाता था । इस वर्णाधारित असमानता से समाज में कलह द्वेष तथा झगडे होने लगे । इस संदर्भ में जनता को गौतम बुद्ध तथा महावीर के तत्व विश्वास के नवीन मार्ग के रुप में दिखाई पडे ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

सभी प्राचीन काल के समाज में धर्म और राज्य व्यवस्था में बहुत बडा परिवर्तन आने के लिए उस समाज विशेष के कृषि के तौर तरीकों में परिवर्तन तथा खाद्य अनाजों की बहुलता, अधिकतर मुख्य प्रेरक तत्व होती है । बौद्ध तथा जैन धर्मों के उदय के लिए भी यही प्रमुख कारण थे । इस काल तक उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग बिहार के उत्तर तथा दक्षिणी भाग में नवीन कृषि आधरित अर्थ व्यवस्था प्रारंभ हुयी थी । 5 वीं शताब्दी में यहाँ लोहे के व्यवसापिक उपकरण प्रयोग में आने लगे । लोहे की सराखों से हल खींचने वाले बैलो की आवश्यकता थी । खादय अनाजो का उत्पादन बढा । खाद्य आहारों की देखभाल के लिए बैलो की बलि दिए जाने के कारण उनकी संख्या में कमी आयी । इस प्रसंग में प्राणि बलि का बहिष्कार कर अहिंसा का उपदेश देने वाला नवीन धर्म लोगों को नई आशा दिलाकर उन्हें आकर्षित करने लगा ।

इस काल में नगरों में वृद्धि हुई । कौशांबी कुशीनगर, वाराणसी, बिहार, वैशाली, चिरंदा तथा राजगृह प्रकाश में आए । इन नगरों में कुशल कर्मचारी तथा व्यापारी रहते थे . प्रारंभ में सिक्कों का चलन हुआ । व्यापार वाणिज्य के लिए अनुकूल इस परिस्थिति में वर्ण विभक्त समाज में तीसरे स्थान में स्थित सामाजिक सम्मान से रहित वैश्यों ने वैदिक धर्म द्वारा उन पर लागू प्रतिबंधों को तोड अपने स्थान को उन्नत करने के लिए वर्ण व्यवस्था को महत्व न देने वाले बौद्ध तथा जैन धर्मों को अपनाया ।

राजनैतिक व्यवस्था में इस काल के महत्वपूर्ण परिवर्तन भी नवीन धर्म के उदय की पृष्ठभूमि में थे । गंगा नदी के मैदान में जनपद और महाजनपद राजप्रभुत्व के रुप में बदल रहे थे । जनपद समुदाय से जुडे नये राजवंश के राजा, वैदिक परम्परा को तथा पुरोहितो के वल को तोडने के लिए नए धर्म मार्ग की खोज कर रहे थे । युद्धों की निरर्थकता को तथा अहिंसा का उपदेश देनेवाले बुद्ध तथा महावीर के तत्वों को लोगो ने अपनाया ।

बुद्ध तथा महावीर के धर्म बताया कि मनुष्य की समस्याओं के लिए आशा ही मुख्य कारण है इसे त्यागना चाहिए । संपत्ति का संग्रह, भोग जीवन के प्रतिप्रेम, गृहस्थी के जीवन के लिए कितना आवश्यक है । उतनी मात्र संपात्ति अर्जित कर उपयोग करने का उपदेश दिया गया । संस्कृत भाषा में धर्मोपदेश दिया गया । वैदिक धर्म के साथ समरसता न रखते हुए भिन्न नवीन मार्ग समाज को दिखाया गया ।

### जैन धर्म

बहुत प्राचीन धर्मों में जैन धर्म भी एक है। सामान्यत: विश्वास है कि जैन धर्म में 24 तीर्थंकर थे। ऋषभ इनमें पहला तीर्थंकर, पार्श्वनाथ 23 वें तीर्थंकर थे । पार्श्वनाथ ई. पू 8 वीं सदी में राजा अश्वसेन के पुत्र रुप में जन्म लिया। जो सुख भोग त्यागकर अमर बन गया है। सर्व संघ परित्याग कर ये सन्यासी बने। इन्होंने सुखी जीवन के लिए चार तत्वों का उपदेश दिया।

Not to be republished ©KTBS



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पार्श्वनाथ के चार तत्व

(1) अहिंसा (2) सत्य (3) अस्तेय (चोरी न करना) (4) अपरिग्रह (सपंति प्राप्त न करना) पाँचवें तत्व ब्रह्मचयी को वर्धमान ने समझाया। यही 24 वें तीर्थंकर हैं।

## वर्धमान महावीर (ई.पू 599-527)


महावीर

वर्धमान ने वैशाली के कुण्डलग्राम में जन्म लिया। इनके पिता सिद्धार्थ, ज्ञात्रिक पुश्त के राजा थे। माता त्रिशलादेवी थी।

अपनी 30 वीं. वर्ष की आयु में सत्यान्वेषण करते अपना घर और कुटुंब त्याग दिया। ये बारह वर्ष तक सत्य की शोध में भटकते रहे। तपस्या की। निंराहार अपनी देह को दंडित किया। 42 वीं आयु में उन्हें कैवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ। 'कैवल्य ज्ञान' का मतलब-ज्ञानोदय है। इन्होंने इन्द्रियों का निग्रह करते सुख तथा दुःख (दर्द) पर नियंत्रण पाया। इस साधना से इन्हें महावीर कहकर 'जिना' कहा गया। 'जिना' का मतलब निग्रही है। 'विजयी' इनके अनुयायियों को जैन कहते हैं।

©KTBS Not to be republished

महावीर ने अपने शेष 30 साल तक गंगा नदी प्रदेश की जनता को अपने ज्ञान का उपदेश दिया। इन्होंने भारत में ही उपदेश दिया। 72 वर्ष की आयु में बिहार के पावापुरी में इनका निर्वाण हो गया। महावीर ने पाँच प्रतिज्ञाओं तथा तीन नियमों का उपदेश दिया। इन्हें 'त्रिरत्न' कहते हैं।

**पाँच प्रतिज्ञाएँ :** (1) अहिंसा (2) सत्य (3) अस्तेय (4) अपरिग्रह (5) ब्रह्मचर्य

**त्रिरत्न :** (1) सम्यक ज्ञान (2) सम्यक दर्शन (3) सम्यक चरित

जैन धर्म पूर्ण रुप से परमात्मा को इनकार नहीं करता। फिर भी नास्तिकवाद को ऊपर/श्रेष्ठ मानता है। दुनियादारी में भगवान की भूमिका को नहीं मानता। यहाँ जिना से भी भगवान को निचले स्थान में रखा गया है।

इनका विश्वास था कि सब चराचर वस्तुओं में जीवात्मा है। उस आत्मा के शुद्धीकरण से ही पुनर्जन्म द्वारा मुक्ति तथा निर्वाण साध्य है। शुद्धीकरण तपस्या और देह को दंडितकर



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उपवास के द्वारा ही होता है। इसे 'सल्लेखन' कहते है। कर्म सिद्धांत जैनों का मुख्य दृष्टिकोण है उत्तम पुण्यकर्म द्वारा विमोचन (मुक्ति) पा सकते हैं। कैवल्य ज्ञान पाने के लिए देह बंधन से आत्मा की मुक्ति होना चाहिए ।

सांप्रदायिक रुप से जैन मुनि और उनके अनुयायियों में श्वेतांबर और दिगंबर नामक दो भाग है। श्वेत वस्त्रधारियों को श्वेतांबर, नग्न शरीरवालों को दिगंबर (बिना वस्त्र) कहते हैं। पहले जैन समावेश के बाद महावीर के विचारों को 12 (बारह) ग्रंथों में संग्रह किया गया है। इन्हें जैन लोग 12 अंग कहते हैं। ये प्राकृत भाषा में है। वस्त्र न पहननेवाले जैन मुनि और उनके अनुयायियों को दिगंबर माना गया है।

पहले जैनों का एक समूह विहार के अकाल से उसे छोडकर दक्षिण के श्रवणबेलगोल आया। यहाँ जैन धर्म का प्रचार किया। इससे अनेक ग्रंथ कन्नड, तेलुगु, तथा तमिल भाषा में रचित हुए। कन्नड के प्रसिद्ध कवि, पंप, रन्न, जन्न, पोन्न, आदि भी जैन थे।

## बौद्ध धर्म

ई.पू. 6 वीं सदी में गौतम बुद्ध नाम से प्रख्यात सिद्धार्थ का जन्म हुआ। शाक्य वंश के राजा शुद्धोधन इसके पिता थे। सिद्धार्थ राजभोग तथा संसार सुख त्यागकर सन्यासी बने। प्रचलित जीवन की निरर्थकता को देखकर सत्य की खोज में पडकर ज्ञानोदय पाकर 'बुद्ध' बने। ज्ञानोदय के बाद पहले बनारस (काशी) के पास सारनाथ पहुँचे। यहाँ के हिरण्यवन में पहली बार उपदेश आरंभ किया। यहाँ बुद्ध ने चार आर्यसत्यों और अष्टांगिक मार्ग के बताया। इसे 'धर्म चक्र प्रवर्तन' कहा जाता है।


बुद्ध

सारी दुनिया में दुःख और दर्द है। दुःख के मूल और उसके कारण, को चतुर आर्य सत्य की विवरण देते है। लालच, दुःख का पहला कारण है। बुद्ध ने एक और सत्य को समझाया कि लालच को छोडने से संतुष्ट जीवन बिता सकते हैं। उन्होंने अष्टांगिक मार्ग बताया। इसे 'मध्यम पंथ' कहते हैं।

## अष्टांगिक मार्ग

(1) सच्चरित्र (2) बात (3) दृष्टि (4) जीवन (5) प्रयत्न (6) स्मरण (7) निर्णय (8) चिंतन



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## नये धर्म के अनुयायी

अमीर व्यापारी, हस्तशिल्पी, सामान्य लोग, इस नये प्रतिपादन से प्रेरित हुए। कई परंपरा के विचार तथा प्राकृत भाषा बुद्ध के उपदेश का माध्यम हुई। नये नगरों के जीवन गति में परिवर्तन हुआ। इस हालत में नये नगरों का वातावरण लोगों की जीवन कीं गतिविधियों में परिवर्तन लाया। उनमें बौद्ध धर्म नयी भूमिका से प्रवर्तना के पथ पर विकास हुआ ।

बुद्ध और उसके अनुयायी, कोसल, मगध तथा गंगा नदी के मैदानी प्रदेश और कई नगरों में अपनी विचारधारा को फैलाते रहे। एक प्रदेश से दूसरे प्रदेशको पैदल चलकर अपने जीवन को दूसरों के जीवन केलिए अर्पित किया। अपने 80 (अस्सी) साल की आयु में बुद्ध का सार्थक जीवन कुशीनगर में समाप्त हुआ। इसे महापरिनिर्वाण कहते हैं।

बुद्ध के विहरित प्रदेशों में विहारों का निर्माण किया गया। लोगों ने उसके कंकाल को उनकी अस्थि को अपना स्मृति चिह्न बनाया। चैत्यालय तथा स्तूपों का निर्माण कर उसकी साधना का स्मरण करके पूजा करते रहे। इस तरह पहले पहल मंदिर, प्रतिमा तथा मूर्ति पूजा का आरंभ हुआ।



सांची स्तूप

*बौद्धधर्म देश विदेश में फैल गया। चीन के प्रवासी फाहियान, इत्सिंग, तथा ह्युयनत्सांग इसके वैभव का वर्णन करते हैं। मलाया, बर्मा, थाईलैंड वियतनाम्, कंबोडिया, श्रीलंका तथा बामियान तक बौद्ध धर्म फैल गया। पहाडी शिलाओं को खुदवाकर बुद्ध की मूर्तियाँ बनायी गयीं। कई जगह बडी बडी मूर्तियाँ निर्मित की गईं । कंबोडिया के अकोरवाट तथा अफगानिस्तान के बामियान में इन्हें देखा सकता है। यह हमारी बदनसीबी है कि बामियान की प्रतिमाएँ, विदेशियों के आक्रमण से नष्ट हो गयी हैं।*

*1956 में भारत के प्रमुख सामाजिक दार्शनिक संबिधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ बी.आर. अंबेड्कर जी ने बुद्ध के तत्वों से प्रेरित होकर बौद्ध धर्म स्वीकार किया।*

बुद्ध की मृत्यु के बाद, उसके अनुयायियो ने बुद्ध के आशीर्वाद तथा परंपरा को त्रिपिटकाओं में संग्रहित किया है। इनको विनय, सुत्त, तथा अभिधम्म पिट्टक कहते हैं। हीनयान, महायान, वज्रयान तथा उनके सूत्र पैदा हुए। विश्वभर में आज बुद्ध को खोजने का अनेक मार्ग इन संघटन में देख जा सकता है।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

### विदेशियों का आक्रमण

इस काल में ग्रीक में नगर राज्य विकसित हुए। प्राचीन फारस एक मजबूत साम्राज्य था। यह इन दो प्रदेशों में संघर्ष का कारण बना। इनमें प्राचीन फारस पर अखिमेंनियन ने प्रशासन किया। ई.पू. 6 वीं सदी में इस वंश के राजा डेरियस ने एक मजबूत साम्राज्य की स्थापना की। इसके काल में उसका साम्राज्य भारत की सीमा तक फैल गया। ई.पू. 4 सदी में अलेक्जेंडर ग्रीक के नगर राज्यों को जीत कर फारस को भी अपने वश में कर लिया। फारस को जीतने के बाद अलेक्जेंडर ने 'कन्दाहार' तथा हिन्दकुश के मार्ग से भारत प्रवेश किया। रावी और बियास नदी तक आया किंतु वहाँ से आगे नहीं जा सका । झेलम नदी से होते हुए भारत की सीमा से लौटते हुए बेबिलोनिया में उसकी मृत्यु हुई।

**अलेक्जेंडर और पौरव की लडाई**

*तक्षशिला के राजा अंबी के निमंत्रण से अलक्जेंडर भारत आया। यहाँ पौरव से इसका सामना हुआ। इन्हें पोरस भी कहते हैं। भयानक तूफान तथा बाढ युक्त झेलम नदी के सामने दोनों की सेना का आमना सामना हुआ। अलेक्जेंडर की सेना ने नदी के प्रवाह को पार करके पौरव पर हमला किया। इस लडाई में अलेक्जेंडर विजयी हो गये। कैदी पौरव से अलेक्जेंडर ने पूछा कि 'तुम्हारे साथ कैसे बर्ताव किया जाय? पौरव निडर और स्वभिमान से उत्तर दिया कि जिस तरह एक राजा दूसरे राजा से बर्ताव करते है वैसे बर्ताव करो' पौरव के धैर्य, साहस ग्रीक की लिपि में अमर है। अलेक्जेंडर के आक्रमण मौर्य राजप्रभुत्व के कारण बन गये। महाजनपद के बीच व्यापारी संपर्क गिर गया। मगर ग्रीक में उत्तर भारत की कला तथा विज्ञान पर प्रभाव पडा तो वहाँ की गांधार शिल्पकला ग्रीक लोगों से प्रभावित हुई।*

© KTBS Not to be republished

## अभ्यास

### I. खाली जगह भरिए

1. जैन का पहला तीर्थंकर ____________ है।
2. वर्धमान का जन्मस्थान ___________ है।
3. महावीर ने अपनी 42 वर्ष की आयु में ____________ पाया।
4. महावीर का (72) बहत्तर वर्ष की आयु में _________ स्थान में निर्वाण हो गया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5. गौतम बुद्ध का पहला नाम ____________ था ।
6. बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश ____________ में दिया ।
7. बुद्ध का प्रथम उपदेश ____________ कहलाता है।

## II. संक्षिप्त उत्तर लिखिए।

1. महावीर के जीवन का विवरण दीजिए।
2. त्रिरत्न किसे कहते हैं ?
3. जैनो के समूह का विवरण दीजिए ।
4. मध्यम पंथ किसे कहते हैं ?
5. नवीन मतों से कौन कौन प्रभावित हुआ ?
6. त्रिपिटक के बारे में टिप्पणी लिखिए ।

## III. क्रिया-कलाप

1. महावीर के जीवनचरित्र पर विषय संग्रह कीजिए।
2. गौतम बुद्ध के जीवन से संबंधित चित्रों को संग्रह कीजिए ।
3. धर्म, मत, पंथ और नास्तिक पदों का मतलब समझिए।

❖❖❖

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# राजनीति शास्त्र

### अध्याय-1

## राजनीति शास्त्र का अर्थ व महत्व

**इस अध्याय के अध्ययन के बाद इन निम्नलिखित अंशों की जानकारी प्राप्त करेंगे।**

- राजनीतिशास्त्र की परिकल्पना के बारे में समझ लेना।
- राजनीतिशास्त्र विकास क्रम को समझना।
- राजनीतिशास्त्र के विशेषज्ञों को पहचानना।
- राजनीतिशास्त्र के महत्व के बारे में समझना।

**अर्थ :** राजनीतिशास्त्र एक समाज विज्ञान है। यह मानव जीवन की राजनैतिक प्रक्रियाओं और राजनीति की रूपरेखा से संबंधित है। वह व्यक्ति की राजनैतिक चालचलन राजनैतिक स्वभाव तथा उनसे जन्म लेनेवाले राजनीति और सरकार की व्यवस्था का अध्ययन करता है।

राजनीतिशास्त्र की नींव हम ग्रीस देश में देख सकते हैं। ग्रीकों द्वारा यह अध्ययन प्रारंभ हुआ। पर्शियन, ग्रीक से भी पहले ईजीप्शियन, बेबिलोनियन, पारसी, भारतीय तथा चीनी लोगों ने राजनीति से संबंधित विचारों को व्यक्त किया था। फिर भी राजनीतिशास्त्र की क्रमानुगत अध्ययन की विषयवस्तु के रूप में अभिवृद्धि नही हुई। राजनीतिशास्त्र को स्वतंत्र स्थान दिलाने का श्रेय ग्रीकों को मिलता है।

ग्रीक के प्रसिद्ध तत्वज्ञानी सुकरात (साक्रेटीस) और उनके शिष्य प्लेटो ने अपनी 'रिपब्लिक' महाकृति में राजनीति से संबंधित कुछ अमूल्य विचारों को सर्वप्रथम व्यक्त किया। परन्तु उसी देश के एक दार्शनिक और 'अरस्तू राजनीतिशास्त्र के अध्ययन को क्रमबद्ध बनाकर राजनीतिशास्त्र की बुनियाद डालनेवाले प्रथम दार्शनिक कहलाते हैं। अरस्तू राजनीतिशास्त्र से संबंधित विश्व का प्रथम ग्रंथ पोलीटिक्स' नाम का कृति की रचना करनेवाले प्रथम राजनीतिज्ञ कहलाते हैं। इस कृति में राजनीति का उगम विकास और कथाशैली की चर्चा हुई है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी राजनीतियों से संबंधित अनेक विषय है। राजनीतिशास्त्र अरस्तू से ही प्रारंभ होता है। इसी कारण से अरस्तू को ही पितामह का गौरव प्राप्त है।

अरस्तू के साथ साथ प्राचीन ग्रीक लोग राजनीति के सभी प्रक्रियाओं के लिए 'राजनीति' शब्द का प्रयोग करते थे। पालिटिक्स शब्द की व्युत्पत्ति 'पोलिस' शब्द से हुई है। जिसका अर्थ होता है 'नगर राज्य। ग्रीकों का नगर ही राज्य था। नगर राज्य का अध्ययन ही 'राजनीति' शास्त्र कहलाता था।

राजनीतिशास्त्र को पॉलिटिक्स नाम से ही आज भी जाना जाता है। इसको एक ही अर्थ में प्रयोग करना ठीक नहीं है। राजनीति शब्द सरकार द्वारा प्रतिदिन सामना करनेवाली अनेक समस्याओं को सूचित करता है। कई बार व्यक्ति के स्वहित को भी सूचित करता है। राजनीति अधिकार के लिए चलनेवाले होड और अधिकार प्राप्त करनेवालों के दबाव को भी



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

सूचित करता है। लेकिन राजनीतिशास्त्र (पोलिटिकल साईन्स) राजनीति के मूल विकास स्वरूप, प्रशासन पद्धति, राज्य की कार्यव्याप्ति, नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य आदि अनेक विषयों को लेकर अध्ययन करता है। राजनीतिशास्त्र राजनीति की सभी दिशाओं का अध्ययन करता है।

राजनीतिशास्त्र राजनीति के वर्तमान, भूत, भविष्य और राजनैतिक संस्था, राजनैतिक कार्य और सिद्धांतों का अध्ययन करता है। राजनीति, सरकार और मानव की राजनैतिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करनेवाला विषय सामान्यता: राजनीतिशास्त्र कहलाता है।

**राजनीतिशास्त्र का महत्व :**

वर्तमान युग में राजनीतिशास्त्र का ज्ञान हर एक के लिए अत्यंत आवश्यक है। एक राजनीति की अभिवृद्धि और प्रगति वहाँ के लोगों की आलोचना ज्ञान और राजनीति में लगे रहने पर अवालंबित है।

- राजनीतिशास्त्र राज्य का उगम, विकास के बारे में जानकारी प्राप्त करने में सहायता प्रदान करता है। राज्य के कार्यों में राजनैतिक गतिविधियों और विविध सरकारों द्वारा अपनायी जानेवाली प्रक्रिया की सूचना देता है।
- राजनीतिशास्त्र चक्राधिपत्य स्वातंत्रता, न्याय, कानून, समानता, उत्तम सरकार, युद्ध और शांति इत्यादि की परिकल्पनाओं की उत्पत्ति और अभिवृद्धि की जानकारी देता है।
- राजनीतिशास्त्र राज्य और सरकार की रचना और कार्यों की जानकारी देता है।
- राजनीतिशास्त्र सरकार के भूत वर्तमान काल की प्रक्रियाओं के प्रकाश में भविष्य की प्रक्रियाओं का आयोजन करने में मदद करता है। साथ ही आधुनिक कल्याण राजनीति की स्थापना में सहायक बनता है।
- राजनीतिशास्त्र राज्य के संविधान और कानून के बारे में ज्ञान प्रदान करता है।
- राजनीतिशास्त्र शासकांग, कार्यांग तथा न्यायांग और उनके कार्यों की जानकारी प्रदान करता है।
- राजनीतिशास्त्र आम जनता में राजनैतिक ज्ञान को जागृत करने के साथ-साथ सरकार और जनप्रतिनिधियों को भी जागृत और सक्रिय बनाता है।
- राजनीतिशास्त्र का ज्ञान उत्तम नेता समाज सेवक आदि को लोगों की समस्याओं को सम झकर परिणामकारी कार्यों को अपनाने में मदद करता है।
- राजनीतिशास्त्र का ज्ञान उत्तम नेता और उत्तम नागरिकों की सृष्टि में भी मदद करता है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

- राजनीतिशास्त्र के ज्ञान से राजनैतिक पक्ष, स्थानीय संस्था इत्यादि की जानकारी भी प्राप्त होती है।
- लोग सक्रिय रूप में राजनीति में भागलेनेवाले पूरक तत्व और नीतियों को प्रोत्साहित करने में राजनीतिशास्त्र का ज्ञान मदद करता है।
- राजनीतिशास्त्र अंतर्राष्ट्रीय संबंधो के बारे में ज्ञान देने के साथ साथ विशेष रूप से देशों के बीच में होने वाले युद्धों के बारे में और शांति सहकारिता के महत्व को समझाता है।

उपर्युवत सभी कारणों से राजनीतिशास्त्र का अध्ययन राज्य की आवश्यकता, उत्तम राज्य प्रशासन नेता और प्रजा के भागलेने के बारे में उसके कर्तव्यों के बारे में स्पष्ट जानकाती देता है। राजनीतिशास्त्र का ज्ञान सत्य, शांति प्रगतिदायक सुखी राज्य की स्थापना में महत्व पूर्ण योगदान देने के साथ साथ सहस्र लोगों के सपने को पूरा करता है।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. सार्थक शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. 'राजनीति' शब्द की उत्पत्ति ...................... ग्रीक शब्द से हुई है।
2. 'रिपब्लिक' ग्रंथ के रचनाकार ...................... थे।
3. राजनीतिशास्त्र के सर्वप्रथम दार्शनिक ...................... थे।
4. राजनीतिशास्त्र के पितामह ...................... हैं।

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

1. राजनीतिशास्त्र का अर्थ क्या है?
2. राजनीतिशास्त्र का क्रमबद्ध अध्ययन किनसे प्रारंभ हुआ?
3. राजनीतिशास्त्र के पितामह कौन है ?
4. राजनीतिशास्त्र की एक परिभाषा लिखिए।
5. राजनीतिशास्त्र के अध्ययन से होनेवाले किसी एक लाभ को लिखिए।

**III. पूरक प्रक्रियाएँ :**

1. पूर्व भारत में स्थित राजनैतिक व्यवस्था को प्रतिबिंबित करनेवाले चित्र पटों का सग्रंह कीजिए।

2. अपनी कक्षा में राजनीतिशास्त्र से संबंधित अरस्तू के विचारों की चर्चा कीजिए।

3. ''मानव की सामाजिक आवश्यकता राजनीति निर्माण करने में कैसे सहायक होंगी'' इस



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पर विचारगोष्ठी का आयोजन कीजिए।

**IV. योजना कार्य :**

1. 'कल्पना कीजिए कि आप एक प्राचीन ग्रीस देश के निवासी है तो नगर राज्य के किसी एक विचार के बारे में चर्चा कीजिए।

2. 'निरंकुशता व्यक्तिस्वातंत्र्य और प्रजाप्रभुत्व संस्थाओं का दमन करती है' इस विचार से संबंधित विवरण और चित्र पटों का संग्रह कीजिए।

3. महाकाव्यों में चित्रित राजनैतिक विचारों के बारे में जानकारी संग्रह कीजिए।

✧ ✧ ✧ ✧ ✧

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अध्याय-2

# सार्वजनिक प्रशासन (लोक प्रशासन)

**इस अध्याय में निम्नलिखित अंशो को समझते हैं -**

- सार्वजनिक प्रशासन का अर्थ और महत्व
- नियुक्ति का अर्थ और उसके प्रकार
- केंद्र लोक सेवा आयोग
- केंद्र सचिवालय
- कानून और व्यवस्था
- सार्वजनिक प्रशासन की सीमा
- कर्नाटक राजनीति लोकसेवा आयोग
- राजनीति सचिवालय
- प्रशिक्षण का अर्थ और प्रकार

©KTBS Not to be republished

## सार्वजनिक प्रशासन

आधुनिक समाज के क्षिप्र गति के परिवर्तन के संदर्भ में सार्वजनिक प्रशासन का स्थान महत्वपूर्ण होता है । इससे होने वाले लाभ दिन प्रतिदिन अधिक महत्व पा रहे हैं । मानव समाज को शिक्षित नागरिक समाज बनाने में सार्वजनिक प्रशासन अधिक महत्व रखता है । इस प्रकार के प्रशासनिक प्रयोग मानव समाज जैसे ही अत्यंत प्राचीन है । सार्वजनिक प्रशासन का अध्ययन का विकास अमेरिका में हुआ । अमेरिका के भूतपूर्व अध्यक्ष उड्रो विलसन को इसका पितामह कहा जाता है । आजकल सार्वजनिक प्रशासन सभी - देशों में अध्ययन का विषय बन रहा है ।

सार्वजनिक प्रशासन विस्तृत प्रशासन क्षेत्र का निश्चित भाग माना जाता है । सार्वजनिक नामक सरकार का अर्थ सूचित करता है । 1812 में सर्वप्रथम अलेक्जैंडर हैमिल्टन ने इस श्ब्द का प्रयोग किया । उसके बाद दूसरे लेखक इसके बोरे में परिभाषाए देते रहे हैं ।

1. उड्रो विलसन के अनुसार कानून को पूर्ण और व्यवस्थित रूप में जारी करना ही सार्वजनिक प्रशासन है ।
2. फिफनर के अनुसार सार्वजनिक नीति को जारी करने का सामूहिक प्रयास ही सार्वजनिक प्रशासन है ।
3. लूथर गलिक के अनुसार सार्वजनिक प्रशासन सरकार के कार्यांग से संबंधित है ।

कुल मिलाकर पूरी व्यवस्था जो सरकार द्वारा चलायी जाती है राजनीति के दैनिक व्यवहार से संबंधित है ।

## महत्व

सुरक्षात्मक राजनीति से कल्याण राजनीति के रूप में परिवर्तन के अनुरूप सार्वजनिक



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्रशासन का महत्व अधिक हो रहा है । इससे सार्वजनिक प्रशासन का क्षेत्र भी विस्तृत होता जा रहा है ।

मानव की पूर्ण अभिवृद्धि और मानव समाज का उत्थान पतन सार्वजनिक प्रशासन पर निर्भर है ।

व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु तक सार्वजनिक व्यवस्थ में रहता है । यह राजनीति व्यवस्था का हृदय भाग है । इसके बिना राजनीति की कल्पना ही असंभव है । इसलिए आधुनिक राजनीति को प्रशासनिक राजनीति के नाम से जाना जाता है ।

निम्नलिखित अंश सार्वजनिक प्रशासन के महत्व को समझाते हैं ।

**1) सार्वजनिक प्रशासन सरकार का आधार स्तंभ है :** राजनीति में शासनांग और न्यायांग के बिना सरकार हो सकती है । लेकिन प्रशासनीय व्यवस्था के बिना सरकार या राजनीति अस्तित्व में नहीं होता । सरकार की नीतियों को जारी करने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था भी राष्ट्रों को चाहिए । इसलिए पाल अपल बी का कथन है कि प्रशासन के बिना सरकार केवल बक बक करनेवाली बैठक कहलायेगी ।

**2) लोगों के हित के लिए विविध सेवा :** सार्वजातीक प्रशासन व्यक्ति को गर्भ से समाधि तक की सभी व्यवस्थाओं को उपलब्ध कराती है । यह व्यवस्था शांति और समृद्धि को सुरक्षित कर लोगों की रक्षा करके उनकी जायदाद को बचाती है । यह शिक्षा प्रदान करना, व्यवसाय का प्रबंध करना आदि कामों के अलावा देश की रक्षा, आर्थिक समानता उपलब्ध कराती है । इस प्रकार अनेक सेवाओं को प्रदान करती है ।

**3) कानून और नीतियों का कार्यान्वियन :** कानून और नीतियों को जारी करने के द्वारा लोक प्रशासन समाज में लोगों के कार्यों पर नियंत्रण रखकर कानून और व्यवस्था की रक्षा करता है । यदि लोक प्रशासन निष्ठा और दक्षता से काम नहीं करेगा हो अच्छी नीतियाँ काग के नारे बनकर रह जायेंगी ।

**4) सामाजिक सुरक्षा के लिए अवश्यक है :** लोक सेवा या सार्वजनिक प्रशासन सामाजिक व्यवस्था की अटल बुनियाद है । सरकार बदलने पर भी लोकसेवा प्रशासन शाश्वत व्यवस्था होने के कारण प्रशासन को स्थाई रूप प्रदान करता है । उत्तम प्रशासन की व्यवस्था न होने पर अत्यंत प्रबल राष्ट्र भी डगमगाता है, पतन की ओर जाता है । सार्वजनिक प्रशासन समाज की समस्याओं को हल कर समाज में एकता और समरसता लाता है ।

**5) शासनीय व्यवस्था और कार्यांग में मदद गार है :** लोक सेवा आयोग विधान मंडल के द्वारा निरूपित सार्वजनिक नीतियों को कार्यान्वय करने में मदद करता है । नीति बनाने के समय में सरकार को आवश्यक मार्गदर्शन देता है । इस प्रकार केवल नीतियों का कार्यान्विया



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

ही नही बल्कि नीति रचना के कार्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । प्रशासन में अधिनियमों के बारे में विवरण देने के द्‌वारा कार्यांग की मदद करता है ।

**कार्यक्षेत्र :** सार्वजनिक प्रशासन अथवा लोक प्रशासन के कार्यक्षेत्र के बारे में विद्‌वानों में मतभेद है । उडोविलसन, एल डी ठहैट आदि इसके कार्यक्षेत्र को व्यापक मानते हैं । इनके अनुसार लोक सेवा प्रशासन में विधानमंडल, न्यायिक व्यवस्था और कार्यकारी (कार्यांग) इन तीनों के कार्य कलाप निहित है ।

**पोस्डकार्ब :** यह दृष्टिकोण लुथार गलिक द्वारा लोक प्रशासन के कार्यक्षेत्र को पोस्डकार्ब नामक अंग्रेजी शब्दों द्‌वारा सूचित करता है । इस अंग्रेजी शब्द का प्रत्येक अक्षर लोक सेवा प्रशासन के कार्य को बताता है ।

1) **P** - योजना (**Planning**) सकारी कार्य तंत्र द्वारा बनायी जानेपाली कार्यसूची, निर्वहण के कार्य और उनको कार्यान्वयन करने के लिए स्थूल रूप - सेवा की योजना बनाता है ।

2) **O** - संघटन (**Organisation**): निश्चित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विभाग उपविभाग आदि में प्रशासन की व्यवस्था को जारी करना । उन्हें विविध विभागों में बांटना ।

3) **S** - कर्मचारी की व्यवस्था (**Staffing**) प्रशासन के कार्यों का निर्वहण करने में अवश्यक कर्मचारी की नियुक्ति, प्रशिक्षण सेवा नियमों को लागू करना ।

4) **D** - निदेशन (सूचना) (**Direction**) सरकार के विविध विभागों के लिए निर्देशन देना, निर्णय लेना ।

5) **Co** - समन्वयीकरण (**Coordination**) : सरकार के विविध विभागों के बीच झगडे, मत भेद आदि को हल करके कार्यों में समन्वय आदि करना ।

6) **R** - रिपोर्ट (**Reporting**): उच्चा अधिकारी के अधीन अधिकारी विविध विभागों के कार्य कलापों की रपट तैयार करना दस्तावेजीकरण खोज - बीन द्वारा प्रशासनीय व्यवस्था की मदद करना ।

7) **B** - आय-व्यय (**Budgeting**) वित्तीय योजन, आय-व्यय, लेखा, परिशोधन आदि का निर्वाह करना ।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

सार्वजनिक प्रशासन का कार्याक्षेत्र आज कल विस्तृत होता जा रहा है । यह सुरक्षात्मक नियंत्रित क्रियाकलापों को संभालता है । शिक्षित समाज जैसे जैसे विकसित होगा सार्वजनिक या लोक सेवा प्रशासन का कार्य क्षेत्र भी विस्तरित होगा । लोगों की आकांक्षा अपेक्षा इसके क्षेत्र को व्यापक बनाती है ।

**नियुक्ति**

लोकसेवा प्रशासन या सार्वजनिक प्रशासन के यश के लिए सशक्त कर्मचारी अधिकारीगणों की उनकी  आवश्यकत होती है नियुक्ति करते वक्त अनेक प्रक्रियाओं को अपनाना पडता है ।

उत्तम तथा सक्षम प्रशासन में नियुक्ति का स्थान महत्वपूर्ण होता है । योग्य रक्षक तथा ईमानादार अधिकारियों की नियुक्ति से इसको सबल बनाया जाता है । वे लोग अपनी बुद्धिमता से सब काम सुचारु रूप से करके प्रशासन को सुगम बना सकते हैं ।

नियुक्ति पारदर्शक और शैक्षणिक होनी चाहिए । ओ जी स्टाल के अनुसार नियुक्ति सार्वजनिक प्रशासन की बुनियाद है ।

**नियुक्ति के प्रकार**

ए) सीधी सरल नियुक्ति (बाह्य  नियुक्ति)

बि) पदोन्नति दवारा नियुक्ति (आंतरिक नियुक्ति)

**सीधी सरल नियुक्तिः** इस प्रकार की नियुक्ति लोकप्रिय तथा शैक्षणिक है । योग्य प्रत्याशियों को प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा निश्चित रीति से नियुक्त करना सरल नियुक्ति कहलाता है । इस प्रकार की नियुक्ति के लिए प्रत्याशी या अभ्यर्थी को कुछ सामान्य तथा विशेष योग्यता प्राप्त करनी चाहिए ।

**पदोन्नति द्वारा नियुक्ति (आंतरिक नियुक्ति):**

सरकारी सेवा में स्थिति योग्य व्यक्तियों को पदोन्नति द्वारा चयन करना ही आंतरिक नियुक्ति कहलाता है । यह पद्धति सभी देशों ने अपनायी है । भारत में भी यह व्यवस्था है ।

**प्रशिक्षणः**

सार्वजनिक प्रशासन में कर्मचारी की दक्षता पर प्रशिक्षण निर्भर रहता है ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

आधुनिक राजनीति के प्रशासनिक कार्य क्लिष्ट होने के कारण प्रत्याशी को अपने कार्यों के प्रति और भी दक्ष, योग्य बनाने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है । व्यवस्थित प्रशिक्षण से मात्र प्रत्याशी को अपने कार्य में योग्य बनाने के लिए अधिक ज्ञान को प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण महत्वपूर्ण होता है ।

निर्दिष्ट कार्य निर्वहण के लिए आवश्यक ज्ञान तथा योग्यता पा लेना ही प्रशिक्षण कहलाता है । प्रशिक्षण से उन्हें कार्यपालन के प्रति तात्विक तथा प्रयोगिक रूप से जानकारी दी जाती है ।

सार्वजनिक प्रशासन में प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण स्थान होता है । निरंतर गांति से क्लिष्ट तथा तकनीकी कार्यों को कराने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है । प्रशिक्षण एक निरंतर प्रक्रिया है ।

**प्रशिक्षण के प्रकार :**

प्रशिक्षण के प्रकार, अवधि, स्तर प्रशिक्षण देनेवाली संस्था निम्नलिखित पांच उद्देश्य को अपनाकर प्रशिक्षण देना पडता है । इन्हें पांच प्रकारों में बांटा गया है ।

**i) औपचारिक तथा अनौपचारिक प्रशिक्षण:** इस प्रकार के प्रशिक्षण पूर्व निश्चित उद्देश्यों को पहले से बना लेता है । इस प्रकार के प्रशिक्षण अनुभवि विशेषजों दवारा दिए जाते है । इस प्रकार के प्रशिक्षण से कर्मचारी दैनिक कार्यों में अधिक क्षमता पाते हैं ।

**ii) सेवा पूर्व तथा सेवा के आरंभ का प्रशिक्षण:** सेवा पूर्व प्रशिक्षण भावी उद्योगियों को सार्वजनिक सेवा के लिए तैयार करता है । प्रशिक्षित किये जाने से पूर्व ही उसे शिक्षकों के लिए बी एड का प्रशिक्षण पहले ही दिया जाता है ।

सेवा के प्रारंभ मे देनेवाला प्रशिक्षण पद पर नियुक्ति होनेवालों के लिए दिया जानेवाला प्रशिक्षण है । इस प्रकार के प्रशिक्षण से व्यक्ति अधिक निपुणता, कौशल प्राप्त होता है । इस प्रकार के प्रशिक्षण को बुनियादी प्रशिक्षण कहा जाता है ।

**iii) अल्पावधि और दीर्घावधि प्रशिक्षण :** अल्पावधि प्रशिक्षण 4 या 6 सप्ताह का होता है । उदा : लोक सेवा आयेग से नियुक्त डाक्टरों को 6 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाता है ।प्रशिक्षण निरंतर होता है । यही प्रशिक्षण एक साल या दो साल भी दिया जाता है तो वह दीर्घवधि प्रशिक्षण कहलाता है । उदा: IAS वालों को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है ।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**iv) विभागीय या केंद्रीय प्रशिक्षण :** अपने विभाग के लिए नियुक्त प्रत्याशियों को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है । उदा: पुलिस विभाग का प्रशिक्षण । यह केंद्र से संबंधित प्रशिक्षण कहलता है । उदा: मसूरी में लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्था द्वारा दिया जानेवाला प्रशिक्षण ।

**v) कौशल तथा पृष्ठभूमि प्रशिक्षण :** अगर प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रत्याशी में कौशल बढानेवाला हो उसे कौशलपूर्ण प्रशिक्षण कहते है । उदा: हाईस्कूल शिक्षकों के लिए बी एड का प्रशिक्षण कुछ सामान्य विषयों के बारे में दिया जाता है तो उसे पृष्ठभूमि प्रशिक्षण कहते हैं ।

**उदा:** मैसूर के प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्था के दवारा इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है ।सरकारी कर्मचारी, अधिकारियों को सेवा में रह्ते हुए उनको दक्षता प्रशिक्षण दिया जाता है । जिला स्तर तथा राजनीतिस्तर में अनेक प्रशिक्षण केंद्र होते हैं ।

**केंद्र लोक सेवा आयोग :**

केंद्र लोक सेव आयोग संविधान का 315 वें अधिनियम के अनुसार स्थापित संस्था है । इस आयोग में एक अध्यक्ष तथा 10 लोग सदस्य होते हैं । इनकी नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं । सदस्यों की अधिकार अवधि 6 वर्ष की होती है । या 65 वर्ष की आयु निर्धारित की गयी है इनमें से कोई एक की गणना कर सदस्यता की अवधि को तय किया जाता है ।

**कार्य :**

संविधान अधिनियम 320 इनके निम्नलिखित कार्यों को सूचित करता है ।

1. केंद्र के ए और बि वर्ग की सेवा के लिए परीक्षा चलाना ।
2. सरल (सीधी) या प्रत्यक्ष नियुक्ति के लिए साक्षात्कार करना ।
3. सेवा के लिए पदोन्नति और स्थानांतरण के लिए अपनानेवाले नियमों के बारे में सरकार को सलाह देना ।
4. केंद्र तथा राज्य सरकार के विविध पदों में कार्यरत अधिकारी के बर्ताव के बारे में कार्रवाई करने के लिए सरकार को सलाह देना ।
5. राष्ट्रपति की सूचना के अनुसार किसी भी विषय के लिए सरकार को सलाह देना ।

आयोग राष्ट्रस्तर में नागरिक सेवा, प्राविधिक सेवा, चिकित्सीय सेवा, अरण्य सेवा, और रक्षा सेवा, आदि से संबंधित पदों की नियुक्ति के लिए स्पर्धात्मक परीक्षओं को चलाता है । इनमें नागरिक सेवा के लिए चलायी जाने वाली परीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है । भारतीय



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

नागरिक सेवा या प्रशासनीय सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय विदेशीय सेवा, भारतीय राजस्व सेवा, भारतीय लेखा और परिशोधन सेवा आदि मुख्य परीक्षाएँ हैं। सामान्यतः इन परीक्षाओं को तीन स्तरों में चलाया जाता है ।

1. प्रारंभिक परीक्षा
2. मुख्य परीक्षा
3. व्यक्तित्व परीक्षा

**कर्नाटक राजनीति लोक सेवा आयोग**

केंद्र स्तर के आयोग की तरह राज्य में भी राजनीति लोक सेवा आयोग संविधान के निर्देशानुसार अस्तित्व में हैं । कर्नाटक में इसे कर्नाटक लोक सेवा आयोग के नाम से जाना जाता है । इसकी स्थापन 18-5-1951 में हुई । इस आयोग में 1 अध्यक्ष 9 सदस्य होते हैं । इनकी नियुक्ति राज्यपाल करते हैं । इनकी अधिकार अवधि 62 आयु तक या 6 वर्ष की होती है । इसमे जो प्रथम लागू होता है उसकी गणना की जाती है । आयोग का केंद्र कार्यालय बेंगलूर में है । मैसूरु, बेलगावी, कलबुरगी, और शिवमोग्गा में प्रादेशिक शाखा है ।

**कार्य :**

1. राज्य सरकारी सेवा के लिए राजपत्रित अधिकारी और अराजपत्रित नौकरों की नियुक्ति स्पर्धात्मक परीक्षाओं द्वारा और साक्षात्कार द्वारा चलाना । सरकार द्वारा परिचालित नियमों के अनुसार ए तथा बि वर्ग के अधिकारियों के अनुसार करना । उदाः सहायक आयुक्त, तहशीलदार, आदि ।
2. प्रत्यक्ष नियुक्ति के प्रत्याशियों का साक्षात्कार करना।
3. सरकारी कर्मचारियों के लिए साल में दो बार विभागीय परिक्षाओं का आयोजन करना।
4. अनुशासन संबधी, पदोन्नति संबंधी अधिकारों के बारे में सरकार को सलाह देना।
5. केंद्र लोक सेवा आयोग और राज्य में चलने वाले विविध परिक्षाओं के साथ समन्वय का निर्वाह करना ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# सचिवालय (केंद्र तथा राजनीति)

## केंद्र सचिवालय

प्रशासनिक दक्षता तथा कार्य में यश लाने के लिए विविध सेवा और विभागों की रचना करता है। केंद्र सचिवालय केंद्र सरकार के विविध मंत्रालय विभागों का मिश्रण होता है । इसका मुख्य कार्य है विविध मंत्रालय के मंत्रियों को उनकी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने में मदद करना । इसमें अनेक सचीव, प्रशासनिक प्रमुख को भी रखा जाता है ।

## केंद्र सचिवालय की रचनाः

केंद्र सचिवालय में विविध मंत्रालय विभाग होते हैं । संविधान के 77 (3) अधिनियम के अनुसार भारत सरकार के विविध प्रशासनिक व्यवहार सुचारु रूप से निर्वहण करने के लिए मंत्रियों में उन व्यवहारों के बंटवारे के नियमों की रचना करने का अधिकार रखते हैं ।

प्रत्येक कैबिनेट सचिव अपने स्वतंत्र खातों का निर्वहण करते हैं। उनका मंत्रालय बडा हो तो इनकी सहव्यता करने के लिए राजनैतिक कार्यदर्शी होते हैं । एक मंत्रालय या खाता एक से अधिक विभागों को भी रख सकता है । उदाः गृह मंत्रालय, प्रशासन का एक हिस्सा होता है । वह एक कार्यदर्शी के नियंत्रण में काम करता है ।

खातों को निम्नलिखित रूप से बाँट कर प्रत्येक विभाग के लिए एक एक अधिकारी की नियुक्ति की जाती है । सचिवालय की श्रेणी व्यवस्था इस प्रकार होती है -

1. विभागीय प्रधान सचिव/ अपर / विशेष सचिव ।
2. संयुक्त सहायक सचिव
3. विभागीय निर्देशक
4. अधीन सचिव
5. विभागीय शाखा अधिकारी

## सचिवालय के कार्य :

1. सचिवालय सरकार को उसके उद्देश्य / लक्ष्यों की उपलब्धि में सहायता प्रदान करता है ।
2. मंत्रियों को संसदीय जिम्मेदारियों के निर्वाह में मदद करता है ।
3. प्रशासन के विधि -नियमों को बनाता है ।
4. समस्याओं का पर्यवेक्षण करता है।
5. वित्तीय विभाग के साथ निकट संपर्क में रहकर आय - व्यय की सूची तैयार करता है।
6. केंद्र सरकार और शेष राज्य सरकार के बीच में सचिवालय प्रमुख संपर्क सेतु की तरह कार्य करता है ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कुल मिलाकर कह सकते हैं कि सचिवालय सरकार का तकनीकी केंद्र होता है। नीती निरूपण के बौद्धिक केंद्र के रूप में काम करता है।

**राज्य सचिवालय**

प्रत्येक राज्य का सचिवालय मुख्य तंत्रिका के रूप में कार्य करता है। सचिवालय में विविध विभाग होते हैं। इन विभागों के लिए मंत्रि नेता होते है प्रधान सचिव प्रशासन के मुखिया होते हैं। मुख्य सचिव राज्य सचिवालय का मुखिया होता है। ये समान्यता: आइ ए एस स्तर के अधिकारी होते हैं।

**सचिवालय की रचना :** मुख्यमंत्री मंत्रियों को खातो का बंटवारा करते हैं। खतों का बंटवारा एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न भी हो सकता है। सामान्यत : विभाग या मंत्रालयों की संख्या 16 से 35 तक की होती है।

राज्य का मुख्य सचिव सरकार का प्रशासनिक मुखिया और सचिवालय का मुखिया भी होता है। प्रत्येक विभाग के लिए एक विभागीय सचिव होता है। सचिवों को ये प्रशासनिक सलाह देते हैं।

प्रधान सचिव के कार्यालय को विविध भागों में बांटा जाता है। प्रत्येक विभाग विभागीय सचिव के मार्गदर्शन में काम करता है। ये अपने विभाग के कागज पत्रों का परीशीलन करके संबंधित अधिकारियों को पंहुचाते हैं। प्रत्येक विभाग में शीघ्रलिपिक विशेषज्ञ होते हैं। प्रथम तथा द्वितीय दर्जे के लिपिक होते हैं।

सचिवालय के विभाग में अनेक स्तर के अधिकारी होते हैं। सचिवालय की श्रेणी वव्यवस्था इस प्रकार है।

प्रधान सचिव
↓
विशेष सचिव । अतिरिक्त सचिव
↓
संयुक्त सचिव
↓
उप सचिव
↓
अधीन सचिव
↓
सहायक सचिव
↓
अनुभाग सचिव (सेक्शन आफीसर)

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**सचिवालय के कार्य :**

सचिवालय सलाहकारी वर्ग है उसके निम्नलिखित कार्य होते हैं ।

1. सचिवालय राज्य सरकार का उच्च कार्यालय होकर प्रशासन का साधन होता है । सरकार के नीति नियमों के अनुपालन में कार्यक्रमों का निरूपण करने में मंत्रियों की मदद करता है।
2. यह सरकार को सलाह देनेवाले विशेषज्ञ की भॉंति काम करता है ।
3. प्रशासन के कार्य में मार्गदर्शन तथा संयोजन करता है ।
4. विधयक रचना में नीति नियमों को जारी करने में मदद करता है । वित्तीय नियंत्रण भी करता है ।
5. राज्य के आय-व्यय को तैयार करता है । और सार्वजनिक व्यय पर नियंत्रण करता है ।
6. राज्य सचिवालय प्रशासन के केंद्रबिंदु के रूप में काम करता है ।

**कानून और सुव्यवस्था:**

राष्ट्र की सुख शांति एकता और अभिवृद्धि के लिए कानून की सुव्यवस्था महत्वपूर्ण होती है । विकासशील समाज में यह मुख्य स्थान प्राप्त कर चुका है ।

कानून और सुव्यवस्था एक ही सिक्के के दो पहलू है । ये अविभाज्य अंग हैं । सुव्यवस्था के बारे में संविधान की 7 वीं अनुसूची में कहा गया है । राज्य पट्टिका में इसके बारे में बतलाया गया है । कानून व्यवस्था की सुरक्षा करता है । केंद्र सरकार कानून सुव्यवस्था के निर्वाह में मार्ग दर्शन करने का संविधानात्मक अधिकार रखता है ।

**केंद्र सरकार की भूमिका :**

कानून और सुव्यवस्था में केंद्र सरकार की जिम्मेदारी के संबंध में संविधान के 355 वें अधिनियम में बताया गया है । जैसे बाहय आक्रमण से राज्य को सुरक्षित करना, 356 अधिनियम के अनुसार संविधानात्मक प्रशासन की विफलता में आपातकालीन परिस्थिति की घोषणा करके राष्ट्रपति के अधिकार को लागू करना आदि ।

सार्वजनिक सुरक्षा हेतु केंद्र गृह मंत्रालय सह सैनिक बलों की सहायता से प्रशासन को सफल बनाने की जिम्मेदारी निभाता है वे हैं ।

1) **केंद्र सशस्त्र पुलिस बल (सि आर पि एफ):** इसकी सहायता से दंगों को रोका जा सकता है । प्राकृति विकोप की परिस्थिति को नियंत्रण में रखा जा सकता है ।

2) **सीमी सुरक्षा बल ( बि एस एफ ):** सीमा भागों में अपराध को रोकने में यह मदद करता है । सीमा प्रदेश के लोगों की सुरक्षा आदि इसके प्रमुख कार्य हैं ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

3) **रेल सुरक्षा बल :** रेल में होनेवाले अपराध को रोकने में यह मदद करता है । रेल जायदाद की सुरक्षा आदि इसके प्रमुख कार्य हैं ।

4) **केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ( CISF):** सार्वजनिक क्षेत्र में भारत सरकार के बृहत उद्यमों की रक्षा करना इसका प्रमुख कर्तव्य है ।

देश में कानून सुव्यवस्था की सुरक्षा में केंद्र सरकार संयोजन कार्य है । केंद्र सरकार की जिम्मेदारियों को निभाने में राज्य सरकारों एक ढाँचा निर्मित किया गया है ।

**राज्य सरकार की भूमिका के लिए पुलिस व्यवस्था :**

शांति सुव्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार का प्राथमिक कर्तव्य है । इसके लिए राज्य सरकार की अनेक प्रकार की पुलिस संघट्न व्यवस्था हैं ।

राज्य में पुलिस विभाग गृहमंत्री के अधीन होता है । गृहमंत्री इससे संबंधित अधिकारों का निर्वाह करते हैं । गृह मंत्रालय के सचिव भारतीय नागरिक सेवा स्तर के अधिकारी होते हैं । प्रशासन के मुखिया होकर गृहमंत्री की मदद करते हैं । राज्य में गृह मंत्रालय विभाग प्रशासनिक जिम्मेदारी को निभाने में निम्नलिखित व्यवस्थित कार्य करता है ।

राज्य पुलिस संघटन इस प्रकार है

गृह सचिव

↓

पुलिस महा निर्देश्क (D.G.P)

(राज्य पुलिस विभाग के मुखिया)

↓

अतिरिक्त (अडिशनल) डायरेक्टर जनरल आँफ पुलिस (A.G.D.P)

↓

सहायक (डेप्युटी) इन्सपेक्टर आफ पुलिस ( D.I.G.P)

↓

क्षेत्र (वलय) कार्यालय के मुखिया

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

↓

जिला पुलिस वरिष्ठ अधिकारी (S.P)

↓

सहायक जिला पुलिस वरिष्ठ अधिकारी (D.Y.S.P)

↓

इन्सपेक्टर ऑफ पुलिस (C.P.I)

↓

सब इन्सपेक्टर ऑफ पुलिस (P.S.I)

↓

सहायक सब इन्सपेक्टर ऑफ पुलिस ( A.S.I)

↓

मुख्य कान्सटेबल (दरोगा)

↓

पुलिस कान्सटेबल (दरोगा)

©KTBS Not to be republished

पुलिस व्यवस्था कानून की सुव्यवस्थित निर्वहण और सुरक्षा में प्रमुख भूमिक निभाती है ।

***इन्हें जानें :*** कोई भी असुरक्षित घटना के बारे में पुलिस स्टेशन में शिकायत कर सकते हैं शिकायत के बाद FIR बनायी जाती है ।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# अभ्यास

**I. निम्नलिखित वाक्यों में सही शब्दों से खाली जगह भरिए :**

1. सार्वजनिक प्रशासन के पितामह ........................ हैं ।

2. सार्वजनिक प्रशासन शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम ........................ ने किया ।

3. केंद्र लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति ........................ करते हैं ।

4. संविधान का ........................ अधिनियम कर्नाटक लोक सेवा आयोग के बारे में समझाता है ।

5. राजनीति सचिवालय के मुखिया ........................ हैं ।

**II. समूह में चर्चा करके इन प्रश्नों का उतर लिखिए :**

1. सार्वजनिक प्रशासन की वर्तमान आवश्यकता पर चर्चा कीजिए ।

2. सार्वजनिक प्रशासन व्यक्ति के गर्भ से समाधि तक अथवा जन्म से मृत्यु तक कार्य निर्वाह करता है । स्पष्ट कीजिए ।

3. नियुक्ति के प्रकारों के बारे में समझाइए ।

4. प्रशिक्षण के प्रकारों के बारे में लिखिए ।

5. केंद्र सचिवालय की रचना के बारे में लिखिए ।

6. कानून की सुव्यवस्था में राजनीति सरकार की भूमिका क्या है ?

**III. कार्य योजना:**

1. केंद्र लोक सेवा आयोग के सवाओं की सूची तैयार कीजिए ।

2 राजनीति सचिवालय के अधिकारियों की श्रेणी की सूची बनाइए ।

**IV. क्रिया - कलाप**

1. कानून और सुव्यवस्था में पुलिस विभाग की भूमिका के बारे में और यातायात पुलिस नियमों के बारे में अपने समीपवर्ती पुलिस स्टेशन के अधिकारी के साथ चर्चा कीजिए ।

✧ ✧ ✧ ✧ ✧



©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# समाज शास्त्र

## अध्याय -१

## समाज शास्त्र का परिचय

**इस अध्याय में निम्नलिखित अंशों की जानकारी प्राप्त करेंगे ।**

- समाज शास्त्र का उदय, अर्थ, स्वरूप, विस्तार, और महत्व
- समाजशास्त्र तथा अन्य समाजविज्ञानों के बीच का संबंध और अंतर
- आरंभिक विदेशी समाजशास्त्री

  1. अगस्ट काम्टे 2. कार्ल मार्क्स 3. एमिलि दुर्खेम 4. म्याक्स वेबर
- भारत के प्रमुख समाज शास्त्रज्ञ

  1. बी.आर. अंबेड्कर 2. जी.एस.घुरे 3. एम.एन. श्रीनिवास

  4. सी. पार्वतम्मा 5. इरावती कार्वे 6. ए.आर. देसाई

**समाजशास्त्र का उदय:**

मानव का जीवन कुतूहल पैदा करनेवाला है । बहुत प्राचीन समय से मानव अपने रहने के पर्यावरण, प्रकृति और अपनी ही सृष्टि सामाजिक जगत को अधिक गहराई और सही रूप से पहचानने का प्रयत्न करता रहा है । अन्य प्राणियों से भिन्न मानव चिंतन करनेवाला अर्थात सोच विचार करनेवाला है । मानव और अन्य प्राणियों में बहुत अंतर है । उदाहरण के लिए शारीरिकरचना और विकास में, आहार पदार्थ खाने में, क्रियाशीलता में, मस्तिष्क के विकास में अधिक अंतर हम देख सकते हैं ।

मानव समाज विकासित होते-होते आज विज्ञान, सूचना और प्रसारण की तकनीक युग तक पहुँचकर यह समझने में उतावला है कि अपने ग्रह के साथ -साथ अन्य ग्रहों में क्या हो रहा है ?

**मानव संघ जीवि । समाज जीवि -**

व्यक्ति और समाज के बीच का संबंध अनन्य है । व्यक्ति के बिना समाज का, समाज के बिना व्यक्ति का अस्तित्व नहीं है । यदि सोचा जाय कि इस धरती पर क्या मैं अकेला ही रह सकता हूँ ? तो उत्तर एक ही होगा कि यह असाध्य है । मानव संघजीवि है, वह सबके साथ जीना चाहता है । हम सब के उन्नति और विकास के लिए सांघिक जीवन आवश्यक है । इसलिए मानव समाज को संबंधों का जाल कहा जाता है ।

**समाजशास्त्र का अर्थ:**

सोषीयालजी शब्द अंग्रेजी का है जो हिंदी में समाजशास्त्र का अर्थ रखता है । सोषियालजी

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

शब्द लैटीन भाषा के सोशियस और ग्रीक भाषा के लागोस शब्दों से उत्पन्न हुआ है । सोशियस का अर्थ है - साथी, सहचर, लागोस का अर्थ है - शास्त्र अथवा विज्ञान । इस प्रकार समाजशास्त्र समाज का वैज्ञानिक अध्ययन का शास्त्र है ।

**समाजशास्त्र की परिभाषा :**

**आगस्ट काम्टे** के अनुसार समाजशास्त्र प्रकृति के सहज तथा स्थाई रूप के नियमों से बंधित विज्ञान है । इन नियमों को पहचानना ही समाजशास्त्र है ।

**म्याक्सवैबर** के अनुसार सामाजिक व्यवहारों का विश्लेषण-अध्ययन ही समाजशास्त्र है ।

**दुर्खेम** के अनुसार सामाजिक संस्थाओं का विज्ञान ही समाजशास्त्र है । प्रायः सभी मानव समाज का अध्ययन ही समाजशास्त्र है ।

**समाजशास्त्र का उदय**

समाजशास्त्र को एक स्वतंत्र तथा अलग रूप से अध्ययन करनेवाले शास्त्र के रूप में 19 वीं शताब्दी के मध्य भाग में आकार प्राप्त कर अगले 50 वर्ष की अवधि में वह वैज्ञानिक स्वरूप मिला । इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, आदि सामाजिक विज्ञान के विषयों के लिए दीर्घकाल की भूमिका रहने पर भी उन्हें सामाजि विज्ञान का स्थान-प्राप्त होने का कारण ईसा की 10 और 19 वीं शताब्दियों में यूरोप की आद्योगिक क्रांति और फ्रान्स की महाक्रांति है । ईसा की 16 और 18 वीं शताब्दियों में घटे ज्ञान - पुनरूत्थान, धार्मिक सुधार, आदि बौद्धिक प्रक्रिया तथा भौतिक विज्ञानों के लिए प्राप्त प्रेरणा ही समाजशास्त्र के उदय के कारण हैं ।

**समाजशास्त्र का विस्तार :** समाजशास्त्र मानव समाज का अध्ययन करता है। मानव के सामाजिक जीवन, सामाजिक संबंध, सामाजिक संस्थाए और सामाजिक प्रक्रियाएँ -इस शास्त्र के अंतर्गत आती हैं ।

**समाजशास्त्र का स्वरूपः** समाज विज्ञान के समूह में समाजशास्त्र एक विशेष स्थान रखता है । यह अपने कुछ गुणों से अन्य समाज विज्ञानों से भिन्न है। यह समाजशास्त्र एक अलग और स्वतंत्र रूप का अध्ययन शास्त्र है ।

1 **समाजशास्त्र एक समाज विज्ञान ही है नकि एक विज्ञान :** समाज शास्त्र का संबंध समाजविज्ञान के परिवार से ही है न कि विज्ञान समूह से । समाज विज्ञानों में एक समाज शास्त्र मानव समाज के सामाजिक क्रियाकलाप और सामाजिक जीवन का अध्ययन करता है । इसीप्रकार समाजशास्त्र - इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, मानवशास्त्र से निकट संबंध रखता है ।

2. **समाजशास्त्र एक निश्चित शास्त्र है, न कि गुण निर्देशक शास्त्रः** समाजशास्त्र के अध्ययन का विषय जैसा है वैसा ही अध्ययन करना है । वह, कैसे रहना है - इस



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

दृष्टिकोण का अध्ययन नहीं करता है । यह दृष्टिकोण नैतिक भी नहीं अनैतिक भी नही बाल्कि तटस्थ धारणा रखता है ।

3. **समाजशास्त्र एक शुद्ध शास्त्र है न की प्रायोगिक या अन्वय विज्ञान :** समाजशास्त्र एक शुद्ध शास्त्र है जिसका उद्देश्य ज्ञान अर्जित करना है । यह प्रयोगिक शास्त्रों सा नहीं है ।

4. **समाजशास्त्र अमूर्तरूप क विज्ञान है न कि मूर्त रूप काः** समाजशास्त्र मानव समाज में स्थित कुछ घटनाओं के मूर्तरूप में रुचि नहीं लेता, लेकिन सामान्य स्वरुप की घटित घटनाओं के रुप तथा प्रतिदर्शों में रुचि लेता है ।

   उदाहरण के लिए समाजशास्त्र इतिहास की भांति किसी निश्चित युद्ध अथवा दंगो में रुचि नहीं लेता है । अर्थात उन्हें विभिन्न प्रकार के सामाजिक संघर्ष के रुप में देखकर उनके सामान्य स्वरुप तथा लक्षणों का अध्ययन करता है ।

5. **समाजशास्त्र एक सामान्य विज्ञान है, न की विशेष विज्ञान :** समाजविज्ञान में केवल समाजशास्त्र ही मानव अपनी आंतरिक क्रियाओं में संलग्न जैसे कई स्थितियों के स्वरुप का अध्ययन करता है । इसकी व्याप्ति अन्य सामाजिक विज्ञानो के समान सीमित न होकर विशाल है ।

**समाजशास्त्र का महत्वः**

समाजविज्ञानो में समाजशास्त्र को न्यूनतम विज्ञान होने पर भी उसके उपयोगों को सार्वत्रिक रुप से मान्यता मिली है ।

1. **समाजशास्त्र वैज्ञानिक रुप से समाज का अध्ययन करता है :** समाजशास्त्र में वैज्ञानिक विधियों के द्वारा मानव स्माज के संबंध में क्रमबद्ध ज्ञान का संग्रह है । यह विविध क्षेत्र में प्रगति हासिल करने में सहायक है ।

2. **व्यक्तित्व के विकास के लिए पूरक :** मानव मूलतः समाज जीवी है समाज में बदलनेवाली स्थिति से उसे मेल खाना पडता है । समाज की संरचना, विकास, परिवर्तन, समस्याएँ, व्यक्ति की मजबूरियाँ इसके बारे में समग्र रुप से जानकारी देकर सभी प्रकार के व्यक्तित्व का विकास करता है ।

3. **सामाजिक प्रक्रियाओं का परिचय :** अन्य समाज के धर्म, संप्रदाय, संस्कृति, नीति-नियम, सामाजिक संस्थाएँ, मूल्य, आदर्श आदि के बारे में वैज्ञानिक और वैचारिक दृष्टिकोणों को विकास्तिकरने में और समाज के विविध समूह के लोगों के सहजीवन, सहसंबंधों की जानकारी प्राप्त करने में समाजशास्त्र सहायक है ।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Not to be republished ©KTBS

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

4. **समाजिक समस्याओं को समझकर और उनके लिए समाधान ढूंढ़ने में सहायक है :** प्रत्येक समाज अपनी ही समस्याओं को सामना करता रहता है । उदाहरण के लिए समाज - अपराध, बाल अपराध, कौमी दंगे मद्यपान, भूख, /अपौष्टिकता, जात-पात, गरीबी, बेरोजगारी, आंतकवाद, जुआ, वेश्यावृत्ति, बालश्रमिकता, असमानता, हिंसा, जैसी अनेक असमस्यओं का सामना कर रहा हैं । इनके समाधान के लिए उचित सुझावों को समाजशास्त्र वैज्ञानिक रुप से देता है ।

5. **विकास योजनाओं को प्रभाव युक्त बनाने में समाजशास्त्र सहायक है :** समाज का वैज्ञानिक अध्ययन करके सामाजिक विकास योजनाओं को प्रभावयुक्त बनाने में समाजशास्त्र सहायता पहुंचाता है ।

**समाजशास्त्र और अन्य सामाजिक विज्ञानों के बीच सह संबंध तथा अंतर :**

समाजविज्ञानों मे समाजशास्त्र एक छोटा सा अंग है । वह अपने ही अध्ययन के विषयों के साथ अन्य सामाजिक विज्ञान के साथ सह संबंध बनाता है ।

**समाजशास्त्र और राजनीति शस्त्र के बीच का सह संबंध :** राजनीतिशास्त्र और सम ाजशास्त्र के साथ बहुत निकट संबंध है । राजनीतिशास्त्र व्यक्ति के राजनैतिक क्रिया कलाप, राजनैतिक संस्था, और राजनैतिक व्यवस्थाओं के बीच के व्यवहारों का अध्ययन करता है । समाजशास्त्र राजनीति के अधीन आनेवाले संघटित सामाजिक समूहों और संस्थाओं का अध्ययन करता है।

**समाजशास्त्र और इतिहास के बीच का संबंध :** समाजशास्त्र और इतिहास के बीच बहुत घनिष्ठ संबंध है । इतिहास समाज के पिछले जीवन की पुनर्रचना है । समाजशास्त्र सामाजिक मानव समाज की रचना है । सामाजिक समाज की विविध सामाजिक घटनाओं और उनके विवरणो को इतिहासकारों को अभिलेख के साथ वैज्ञानिक सूचना देने में सम ाजशास्त्र सहायक है।

**समाजशास्त्र और मानवशास्त्र के बीच का संबंध :** समाजशास्त्र तथा मानवशास्त्र के बीच का संबंध व्यापक रुप से पहचाना गया है । मानवशास्त्र जनजाति, समुदाय तथा संस्कृति के विकास की राह दर्शता है। मानव के सामाजिक जीवन के समग्र अध्ययन द्वारा समाजशास्त्र बहुत विस्तृत रुपसे विकसित होने के साथ विविध समाजों के बारे में, वहाँ की सामाजिक संस्थाओं के बारेमें विश्लेषणात्मक विवरण देता है ।

**समाजशास्त्र और मनोविज्ञान के बीच का संबंध:** समाजशास्त्र और मनोविज्ञान एक दूसरे लिए सहायक हैं । मनोविज्ञान मानव के व्यवहारों को मनोविज्ञान की भूमिका में अध्ययन करता है । समाजशास्त्र समाज में व्यक्तियों सामाजिक व्यवहारों, सामाजिक संस्थाओं के कार्यों को वैज्ञानिक अध्ययन द्वारा समझाता है।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**समाजाशास्त्र और अर्थशास्त्र के बीच का संबंध :** अर्थशास्त्र समाज की आर्थिक गतिविधियों का अध्ययन करता है, लेकिन समाजशास्त्र जनता के सामाजिक अंशो के साथ आर्थिक अंश कैसे व्यवहार करते हैं - इसका अध्ययन करके आर्थिक अंश लोगों के व्यवहारों के कैसे संरचित करते हैं - इसका विश्लेषण भी करता है ।

आमतौर पर एक समाज के सामाजिक व्यवहारों को विश्लेशण करते समय सम ाजशास्त्र समाजविज्ञान के अन्य सभी विषयों से सह संबंधित है ।

**आरम्भिक समाजशास्त्रज्ञ**

**१. आगस्ट काम्टे** (1798-1857): आगस्ट काम्टे फ्रान्स के एक महान चिंतक थे । प्रथम सामाजिक तत्वज्ञानी समाजशास्त्र के पितामह के रुप मे इन्हें माना जाता है। आगस्ट काम्टे ने समाज को वैज्ञानिक रुप से अध्ययन करके समाजशास्त्र को एक विज्ञान का स्थान दिलाया है। आगस्ट काम्टे के प्रयत्न को जोर देकर समर्थन करनेवालों में हर्बट स्पेन्सर, एमिली दुर्खेम, म्यक्सवेबर प्रमुख हैं। ई 1839 में पॉसिटिव फिलासफी के विषय से संबंधित व्याख्या देते समय आगस्ट काम्टे ने सर्वप्रथम समाजशास्त्र शब्द का प्रयोग किया।



**आगस्ट काम्टे**

इनका पूरा नाम - इसिडूर अगस्ट मेरी फ्रांकायिस झेवियर काम्टे है, ये सामान्य रुप से अगस्ट काम्टे नाम से परिचित हैं । दक्षिण फ्रान्स के माउण्ट पेलियार स्थान में ई 1798 के जनवरी 19 को क्याथोलिक समुदाय में इनका जन्म हुआ था । इन्होंने इंपीरियल स्कूल मे अपनी आरंभिक शिक्षा पूरी की । ये बाद में इकोम पोलिटेक्निक कांलेज में प्रवक्तबने ।

इनकी प्रमुख देन : पोसिटिव फिलोसफी - 1839, पोसिटिव पॉलिटी - 1851, मानवता धर्म - 1857, तीन स्तर के सूत्र - इस प्रकार इन्होंने कई समाजशास्त्र
5, 1857 को 59 वीं आयु में काम्टे का निधन हुआ ।

**२. कार्लमार्क्स** (1818-1883) : कार्लमार्क्स ईसा की 19वीं शताब्दी के विश्वमान्य सामाजिक चिंतक हैं । कार्लमार्क्स एक राजनैतिक क्रांतिकारी, चतुर संघटक और प्रखर लेखक, संघर्ष सिद्धांत के प्रवर्तक माना जाता है । श्रमिक वर्ग और मजदूर के संबंध में इनके चिंतन, अध्ययन और लेखन ने मजदूरों के संघर्ष के लिए नई दिशा प्रदान की है ।



**कार्लमार्क्स**

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

ईसा 1818 के मई 5 को जर्मनी के ट्रियर में मार्क्स का जन्म हुआ था । इनके माता-पिता हिन्रिच और हेन्रियट मार्क्स थे और इनकी पत्नी जेन्निवान वेस्ट पेलीन थी । हेगेलेन कार्लमार्क्स के प्रिय अध्यापक थे । ई 1841 को इन्होंने कानून में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त करके वृत्ति जीवन का आरम्भ किया ।

इनकी प्रमुख देन : दास कौपिटल - 1865, दि होली फैमिली, दि जर्मन ऐडियालोजी-1845, दि म्यनिफेस्टो आफ दि कम्युनिस्ट पार्टी-1848 आदी । 14 मार्च 1883 को इनका निधन हुआ । इनके देहांत के एक शताब्दी बाद भी इनके विचार, सिद्धांत आज भी अमर हैं ।

**३. एमिली दर्खेम** (1858-1917) : एमिली दुर्खेम 19 वीं शताब्दी के फ्रान्स के प्रमुख शास्त्रज्ञ थे । इन्होंने यह साबित किया की समाजशास्त्र की अध्ययन विधियाँ भी विज्ञान के समान है । आगस्ट काम्टे को समाजशास्त्र का पितामह माना जाय तो दुर्खेम को समाजशास्त्र के विकास का पितामह माना जाता है ।



**एमिली दर्खेम**

फ्रान्स के लोरोयिन प्रांत के एपिनाल में 15 अप्रैल 1858 को दर्खेमू का जन्म हुआ था । यहूदी समुदाय के दुर्खेम फ्रान्स के एपिनाल स्कूल में प्रतिभा संपन्न विद्यार्थी होकर आगे प्राध्यापक बनकर वृत्ति जीवन का आरंभ किया ।

इनकी प्रमुख देन : दि डिविजन आफ लेबर इन सोसैटी-1893, सुयिसैड (आत्महत्य)-1897, दि रूल्स आफ सोषियालाजिकल मैथेड-1895, दि एलिमेंटरी फार्मस आफ रिलिजियस लैफ-1912, आदि । अपनी 59 की उम्र में इनका देहांत हुआ ।

**४. म्याक्सवेबर** (1864-1920) : म्याक्सवेबर का व्यक्तित्व समाज विज्ञान के क्षेत्र में अविस्मरणीय है । ये एक प्रभावी लेखक और प्रतिभासंपन्न राजनेता भी थे। वेबर कानून, अर्थशास्त्र, धर्म, कला, इतिहास, समाजशास्त्र में अधिक अभिरुचि रखते थे । पश्चिमी जर्मनी के एरफर्ट में 21 अप्रैल 1864 को एक प्रोटेस्टेंट परिवार में म्याक्सवेबर का जन्म हुआ । वे अपनी 18 वी आयु में जर्मनी के हीडलबर्ग विश्वविद्यालय में कानून के विद्यार्थी रहे । आगे उन्होंने कानूनशास्त्र में पीएच.डी. उपाधि प्राप्तकर बर्लिन विश्वविद्यालय में प्राध्यापक केरुपमें काम किया । 56 वीं आयु में इनका देहांत हो गया ।



**म्याक्सवेबर**

इनकी प्रमुख देन : दि जर्मनी सोषियालाजिकल सोसैटी-1910, दि प्रोटेस्टेंट एथिक अन्ड स्पिरिट आफ कैपिटलिसम्, सिटी ब्यूरोक्रेसी, एकोनमी अन्ड सोसैटी-आदि।



© KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**भारत के प्रमुख समाजशास्त्रज्ञ :**


डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (1891-1956) : आधुनिक भारत के निर्माताओं की श्रेणी में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की देन अत्यंत महत्वपूर्ण है । इनका पूरा नाम भीमराव रामजी अंबेडकर है । ये जगत् के प्रमुख समाज सुधारक तथा न्याय शास्त्रज्ञ थे। भारत में दलितों द्वारा अस्पृश्यता के साथ अनेक कुरीतियों का सामना किया इन सामाजिक भेदभावों के खिलाफ इन्होंने संघर्ष किया । इन्होंने दलितों, महिलाओं को अपने अधिकार के लिए सामाजिक संघर्ष के लिए सामाजिक संघटित करके जागृत किया ।

इसके अलावा प्रमुख रूप से भारत की सांस्कृतिक असमानता के साथ सभी रूप के श्रेणीकृत शोषणों, असमानतओं और अत्याचारों को शिक्षा द्वारा ठीक करने की उम्मीद को कर दिखाने वे प्रथम रहे हैं । इनके शैक्षिक विचार कई तत्वशास्त्र के विचारों से भिन्न है । उनका प्रतिपादन है कि शिक्षा सामाजिक बदलाव का प्रमुख साधन है । उनके अनुसार शिक्षा तार्किक और विमर्शात्मक विश्लेषण करने के संसाधन प्राप्त करने का मार्ग है । उनका कहना है भारतीय सामाजिक संदर्भ में पूर्वाग्रहों से होनेवाली विपत्तियां और पूर्वाग्रहों से रचित सामाजिक मानहानियों की कारणों को तार्किक रूप से चर्चा करने के लिए शिक्षा आवश्यक है ।

उनके अभिप्राय में अनिवार्य और निःशुल्क रूप से सभी को शिक्षा देनी चाहिए क्योंकि शिक्षा सामाजिक बदलाव का गुण रखती है । इसलिए शिक्षा सार्वजनिक संपदा होनी चाहिए । इस प्रकार के क्रांतिकारी चिंतन रखकर ही अंबेडकरजी ने संविधान के प्रारूप की रचना के संदर्भ में रचनात्मक भूमिका निभाई है ।

प्रायः इस कारण से ही भारत का संविधान विश्व में न्याय और समानता दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण स्थान रखता है ।

जीवन और शिक्षा : बी.आर. अम्बेडकर जी का जन्म महाराष्ट्र के अंबावाडे नामक ग्राम में 14 अप्रैल 1891 ओ हुआ था । अंबेडकर जब 6 साल के थे तब उनकी माता का देहांत हुआ था । वे मौसी मीराबाई के आश्रय में बडे हुए । इन्होंने सतारा में प्राथमिक शिक्षा आरंभ की । ये मुंबई के प्रख्यात एल्पिन्स्टन हाईस्कूल में दाखिला लेकर 1907 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होते हुए। रमाबाई के साथ इनका विवाह हुआ । महाराजा से 25 रू की छात्रवृत्ति पाकर बी.ए., एम.ए उपाधि प्राप्त कर 1916 में कोलंबिया विश्वविध्यालय से डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की । 1920 में मूकनायक नामक पाक्षिक पत्रिका का आरंभ किया।

बी.आर. अम्बेडकर की प्रमुख पुस्तकें हैं - जाति विनाश 1936, कौनशूद्र है-1946, बुद्ध और उसके धम्म-1957 आदि । इनके सभी लेखन कार्य को कर्नाटक सरकार ने 26 भागों में प्रकाशित किया है । 6 दिसंबर 1956 को इनका निधन हुआ ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**जि.एस. घुर्ये (1893-1984) :** भारत के विश्वविद्यालय के स्तर पर समाजशास्त्र के अध्ययन विभागों को प्रारंभ करने में घुर्ये ने प्रमुख भूमिका निभाई है । इनका पूरा नाम गोविंद सदाशिव घुर्ये है। 12 दिसंबर 1893 को महाराष्ट्र के माल्वन् में इनका जन्म हुआ । इन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय में पिएच.डी. उपाधि प्राप्त कर 1924 को भारत लौटकर बंबई विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र का अध्ययन और अध्यापन विभाग प्रारम्भ कर उसके अध्यक्ष के रूप में कार्य किया । इनकी प्रमुख शोध पुस्तकें हैं - कास्ट अन्ड रेस इन इंडिया 1932, शेड्यूल्ड ट्रैब्स - 1943; भारतीय साधु 1953; इनके अलावा इन्होंने 30 से अधिक पुस्तकों की रचना की है ।



एम.एन.श्रीनिवास

**एम.एन.श्रीनिवास** (1916-1999) : एम.एन.श्रीनिवास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात भारत के प्रमुख समाजशास्त्रज्ञ है । इन्होंने क्षेत्राधारित दृष्टिकोण अध्ययन को प्रयोग कर समाज शोध को लोकप्रिय बनाया । ये जब स्टानफर्ड विश्वविद्यालय में थे उस समय वहाँ हुए विद्यार्थि यों की हडताल में इनके क्षेत्र कार्य की टिप्पणियाँ आग दुर्घटना में जलजाने के बाद 'दि रिमेम्बर्ड विलेज' नामक कृति को 1976 में प्रकाशित किया । यह कृति बहुत बार पुनः प्रकाशित हुई है । इसके पहले उन्होंने 1952 में अपने गुरु ए.आर रेडिक्लिप ब्रौन के मार्गदर्शन में दक्षिण भारत के 'कोडवरा समाज और समाज' नामक पुस्तक लिखी थी ।

इनका पूरा नाम मैसूरु नरसिंहाचार श्रीनिवास है । 16 नवंबर 1916 को मैसूरु में इनका जन्म हुआ था । इनके माता-पिता रुक्मिणी और श्रीनिवासाचार थे । श्रीनिवास ने बंबई विश्वविद्यालय में एम.ए, एल.एल.बी और पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर आक्सफर्ड में डी.फिल उपाधि प्राप्त कर दिल्ली में प्राध्यापक के रुप में काम किया था । इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं - दक्षिण भारत का कोडवर धर्म और समाज-1952, इंडियन विलेजस, सोषियल चैंज इन मार्डन इंडिया- 1966, रिमेम्बर्ड विलेज -1976 - आदि

**पार्वतम्मा. सी :** पार्वतम्मा कर्नाटक की हैं । सामाजिक भारत की प्रमुख महिला समाजशास्त्रज्ञों में एक हैं । ये अत्यंत गरीब परिवार की थी । जन्म से ही अनेक कष्टों को झेलते हुए भारत की प्रमुख समाजशास्त्रज्ञ बन गयी हैं । इनका जन्म कर्नाटक के दावणगेरे (पहले चित्रदुर्ग जिले दावणगेरे तहशील में) जिले के स्यागल्ली नामक गॉव में जून 1928 को हुआ । इनकी ठीक जन्म तिथि न मामूल होने से इनके स्कूली अभिलेख को ही मान्य माना है । जब वे नौ महीने की थीं तभी इनके पिता का देहांत हो गया था । बाद में ये नानी के घर में प्राप्त नैतिक और भौतिक बल से अपनी छोटी आयु की माता के साथ बडी होती हैं ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

इनकी प्राथमिक शिक्षा अपने गाँव की एक अध्यापक की पाठशाला में पूरी हुई। इनकी माध्यमिक शिक्षा पडोसी गाँव लोकीकेरे में, इसके बाद सरकारी हाईस्कूल दावणगेरे में हाईस्कूल की शिक्षा पूरी करती है । दावणगेरे में इंटरमीडियेट शिक्षा की व्यवस्था रहने पर भी उन्हें अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए इनके शिक्षक और जिला उपनिर्देशक श्री कांतराज की सहायता से मैसूरु में छात्रावास की व्यवस्था करके महाराणी कॉलेज में इंटरमीडियेट शिक्षा की व्यवस्था हुई ।

अनेक कष्टों के बीच पार्वतम्मा ने अपनी पढाई को आगे बढाकर कला (आर्ट्स) में इंटरमीडियट परीक्षा द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण कर बी.ए. आनर्स के लिए महाराज कॉलेज में सामाजिक तत्वशास्त्र के विषय के लिए प्रवेश लिया ।

माध्यमिक शिक्षा से बी.ए. तक छात्रवृत्ति पाकर बी.ए. आनर्स में प्रथम रैंक लेकर पास होती हैं । बाद में इनके एक प्राध्यापक ने इनकी उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए विदेश जाने की सलाह दी ।

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद विदेश से ये कर्नाटक लौटकर सारे दक्षिण भारत में समाजशास्त्र का प्रसार करने लगती हैं । यह इनकी सामाजिक आस्था को दर्शाता है । इनकी प्रमुख कृतियाँ हैं - पालिटिक्स और रिलीजियन, सोषियालाजिकल एस्सेस आन वीरशैविजम, अनुसूचित जाति और अनुसूचित वर्ग के सामाजिक और आर्थिक स्थिति के बारे में इनके टुकरा जो शोध ग्रंथ - ग्रंथ की रचना हुई है वह अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है ।


इरावती कर्वे

इरावती कर्वे : इरावती कर्वे एक प्रमुख समाजशास्त्रज्ञ हैं । ये जी.एस. घुर्ये की शिष्या हैं । ये प्रसिद्ध सुधारक हैं । ये महर्षि कर्वे की बहू हैं । इनमें सामाजिक, राष्ट्रीय और राजनीतिक विचारों के प्रति सहानुभूति भाव था । इन्होंने बंबई विश्वविद्यालय से एम.ए. उपाधि प्राप्तकर पुणे के एक कॉलेज में प्राध्यापिका के रुप में सेवा की । इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं - किनषिप आर्गनैजेशन इन इंडिया, फ्यामिली इन इंडिया, भारतीय समाज, संस्थाएँ और बंधुत्व - आदि।

**ए.आर. देसाई** (1915-1994) : भारतीय समाजशास्त्रों में ए.आर. देसाई प्रमुख हैं । यू.जि.सी के नेशनल फेलो रहकर, बंबई के विश्वविद्यालय में सम ाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष रुप में इन्होंने काम किया इनका पूरा नाम अक्षय रमणलाल देसाई था। 1915 में इनका जन्म हुआ । बंबई विश्वविद्यालय में घुर्ये के विद्यार्थी थे, बाद में वहीं प्राध्यापक रहे, विभागाध्यक्ष भी रहे । ये समाजशास्त्र के अध्ययन में मार्क्सवादी दृष्टिकोण का अनुसरण करने से इन्हें मार्क्सवादी समाजशास्त्रज्ञ कहा जाता है । दि सोशियलाजिकल बैकग्राउंड आफ इंडियन नेशनलिज्म - इनकी प्रमुख कृति है । भारत में ग्रामीण समाजशास्त्र, इंडियन सोषियालाजिकल सोसैटी, सोसाइटी अन्ड अर्बनैजेशन - आदि इनकी और प्रमुख कृतियाँ हैं।

Not to be republished ©KTBS



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## अभ्यास

### I. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

1. मानव ________________ जीवी है ।
2. औपचारिक शिक्षा ________________ में प्राप्त होती है ।
3. समाजशास्त्र के पितामह ________________ थे ।
4. मानव को समाज जीवी बनने के लिए ________________ आवश्यक है ।
5. मानव अपनी भावनाओं को ________________ द्वारा अभिव्यक्त करता है ।.

### II. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए उत्तर दीजिए ।

1. समाजशास्त्र का पितामह किसे कहा जाता है ?
2. मानव समाज जीवी है । कैसे ?
3. समाजशास्त्र किसे कहते हैं ?
4. आरंभिक प्रमुख समाजशास्त्रज्ञों के नाम लिखिए ।
5. भारत के प्रमुख समाजशास्त्रज्ञों के नाम लिखिए ।

### III. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए ।

1. मानव समाज जीवि है । स्पष्ट कीजिए ।
2. समाजशास्त्र और इतिहास के बीच का संबंध क्या है ?
3. समाजशास्त्र के अध्ययन के विषय कौन-कौन से हैं ?
4. कार्लमार्क्स की कृति कौन सी है ?
5. भारत के प्रमुख समाजशास्त्रज्ञ डा. बी. आर. अंबेडकर के बारे में लिखिए ।
6. कर्नाटक के प्रमुख समाजशास्त्रज्ञ डा. सी. पार्वतम्मा के बारे में लिखिए ।
7. भारत के प्रमुख समाजशास्त्रज्ञ डा. एम. एन. श्रीनिवास के बारे में लिखिए ।

### IV. क्रिया कलाप

1. भारत के प्रमुख समाजशास्त्रज्ञों के चित्र संग्रह कीजिए ।
2. कर्नाटक के प्रमुख समाजशास्त्रज्ञों के चित्र संग्रह कीजिए ।

* * * * *

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## अध्याय -2

# संस्कृति

**इस अध्याय में निम्नलिखित अंशों की जानकारी प्राप्त करते है ।**

- संस्कृति का अर्थ और स्वरूप
- संस्कृति की विशेषताएँ
- संस्कृति और समाज के बीच का संबंध
- सांस्कृतिक रीतिरिवाज, सांस्कृतिक विविधता और महत्व

## संस्कृति का अर्थ

मानव सामाजिक संघजीवी ही न होकर सांस्कृतिक जीवी भी है । संस्कृति अन्य प्राणी समाज से मानव समाज को भिन्न करनेवाला विशिष्ट अंश है । प्रत्येक मनुष्य को संस्कृति के प्रतिनिधि के रूप में देखा जा सकता है । मानव के सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक और अध्यात्मिक इत्यादि अंश संस्कृति के आधार पर ही निर्धारित होते हैं । संस्कृति को सामाजिक परिवर्तन के मुख्य अंश के रूप में माना जाता है । संस्कृति का विश्लेषण मानव सामाजिक परंपरा की जैविक व्यवस्था के रूप में किया जा सकता है ।

संस्कृति एक समुदाय के जीवन विधि-संगीत, साहित्य, कला, विज्ञान, तकनीकी आदि उपलब्धियों की सूचक है । मानव समाज को अर्थपूर्ण और विशिष्ट बनानेवाली संस्कृति है। समाज शास्त्र और मानवशास्त्र में इस परिकल्पना को विशिष्ट अर्थ में प्रयोग किया गया है ।

संस्कृति पीढी-दर-पीढी लोगों से ज्ञान, अनुभव, विश्वास मूल्य व्यवहार, श्रेणी, संबंध आदि विषयों को पीढी से प्राप्त करने की प्रक्रिया का विवरण देती है। इसलिए संस्कृति विशाल जनसमुदाय का आपस में बाँटनेवाला व्यवस्थित जीवन और ज्ञान कही जा सकती है।

संस्कृति एक समुदाय के लोगों का जीवनक्रम है । यहाँ आपसी व्यवहार, विश्वास, मूल्य और इस जनसमुदाय द्वारा अपनाये गए जीवन संकेत होते हैं । सामान्य रूप सेउन्हें एक पीढी से दूसरी पीढी तक स्थानांतरित किया जाता है ।

संस्कृति शब्द का अर्थ : अंग्रेजी के 'कल्चर' शब्द लैटिन भाषा के कूलेर शब्द से उत्पन्न है । इसका अर्थ है बढाना, पोषण करना, खेत जोतना मध्यकालीन युग में 'कल्चर' शब्द के लिए रोपे हुए बीज का प्रगतिदायक फसल का सूचित करने के लिए 'अग्रिकल्चर'नाम दिया गया है । लेकिन 18 और 19वीं शताब्दी में मानव व्यवहार के स्वरूप को सूचित करने के लिए 'कल्चर' शब्द का प्रयोग आरंभ हुआ है ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## संस्कृति की परिभाषाएँ

ई.बी. टेलर के अनुसार मानव समाज का एक सदस्य होकर अर्जित करनेवाले ज्ञान, विश्वास, कलाएँ, नीतियाँ, कानून, संप्रदाय और अन्य कई सामर्थ्य और रूढियों की अखंड संकीर्ण व्यवस्था ही संस्कृति है ।

मालिनोस्की के अनुसार :- मानव द्वारा अपने जीवन के लक्ष्यों को निर्मित करने का साधन ही संस्कृति है ।

## संस्कृति के प्रकार

संस्कृति को भौतिक संस्कृति और अभौतिक संस्कृति के रूप में दो वर्गों में बाँटा जा सकता है। भौतिक संस्कृति में हमारी आँखों को दिखनेवाली स्थूल वस्तुएँ, हमारे उपयोगी उपकरण आदि आते हैं ।

यहाँ यह भी उल्लेख किया जा सकता है कि संस्कृति की समग्रता के विवरण देते हुए आगबर्न ने संस्कृति को भौतिक और अभौतिक रूप में वर्गीकरण किया है । ये दोनों मानव द्वारा निर्मित है । आगबर्न के अनुसार भौतिक संस्कृति का अर्थ है कि प्राकृतिक संसाधनों से मानव निर्मित वस्तुओं जैसे घर, इमारत, विद्यालय, पुल, रास्ता, बाँध, यंत्र-उत्पादन विभाग, उद्योग, तकनीकी, कंप्यूटर इत्यादि को भौतिक संस्कृति की सभ्यता के नाम से जाना जाता है । भौतिक संस्कृति सीमित अवधि में तीव्रगति से परिवर्तित होती है । अमूर्त अभौतिक संस्कृति का अर्थ है मानव निर्मित उपलब्धियाँ । उदाहरण के लिए संप्रदाय, रीति-रिवाज, विश्वास, नैतिक नियम, मूल्य, आदर्श, कला, संगीत, साहित्य, धर्म, भाषा इत्यादि । भौतिक संस्कृति की तुलना में अभौतिक संस्कृति प्रत्येक समाज में बहुत धीमी गति से परिवर्तित होती है ।

## संस्कृति की विशेषताएँ -

1) संस्कृति अमूर्त है :- एक समुदाय का जीवन क्रम ही संस्कृति है । अर्थात अपनाए गये संकेतों को एक दूसरों को स्थानांतरण करने की प्रक्रिया होती रहती है । यह प्रक्रिया अमूर्त रूप से अर्थात् दृष्टिगोचर न होकर चलती रहती है । इससे कह सकते हैं कि संस्कृति अमूर्त है ।

2) संस्कृति सामाजिक है :- संस्कृति वैयक्तिक रूप नहीं है । समाज में रहनेवाले सभी के साथ जीना, आहार, आचरण, वेश-भूष इत्यादि को सामुदायिक रूप से अनुसरण करना होता है । इसलिए संस्कृति सामाजिक है ।

3) संस्कृति एक सीख है :- संस्कृति मनुष्य के जन्म से ही आने की प्रवृत्ति नहीं है । वह

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्रकृति निर्मित भी नहीं है । बल्कि मानव समाज में व्यक्तियों के बीच निर्मित होती है । बच्चे उस समाज की गतिविधियों को समाजीकरण प्रक्रिया द्वारा अपनाते हैं । निरंतर अभ्यास, संवाद, चर्चा, जीवनानुभव और चिंतनों द्वारा सीखने का गुण ही संस्कृति है । जैसे बच्चे अपने बडों से, शिक्षकों, परिवार के सदस्यों, समाज के सदस्यों और सहपाठियों से नये नये आचार सीखते रहते हैं ।

4) सांस्कृतिक सहजीवन है :- संस्कृति समाज के प्रत्येक सदस्यों को अपने मूल्यों और विश्वासों को आपस में बाँटने का अवसर देती है । इसके द्वारा समाज में रहनेवाले सभी प्रकार के संप्रदाय, आचार विचार, नैतिक नियम, विश्वास, आचरण, मूल्य, आदर्श और भाषाएँ इत्यादि अंशों में सहभागी होने का अवसर संस्कृति प्रदान करती है ।

5) संस्कृति निरंतर है :- प्रत्येक संस्कृति नये नये अंशों के जुडने से निरंतर बढती रहती है ।ज्ञान, कल्पना, नियम, मूल्य, एक संयोजित व्यवस्था के अंतर्गत निर्मित होने पर भी पिछले आचारों, मूल्यों को पूर्ण रूप से परिवर्तितन कर उसमें थोडा बहुत परिवर्तन कर आगे बढती रहती है ।

6) संस्कृति में विविधता है :- प्रत्येक जन समुदाय की अपनी ही एक संस्कृति रहती है । इसलिए संस्कृति एक रूप नहीं है । प्रत्येक संस्कृति संप्रदाय, आचार-विचार, नैतिक नियम, कला, व्यवहार, विश्वास, भाषा आदि एक समाज से दूसरे समाज तक अलग - अलग होती है । आदिवासी, ग्रामीण और नगर समुदायों में इसे पहचाना जा सकता है। उदाहरण के लिए उत्तर कर्नाटक का खान-पान, दक्षिण कर्नाटक के खान-पान से भिन्न है। इतना ही नहीं एक ही गाँव में बसनेवाले विविध जनसमुदायों की संस्कृति भी भिन्न होती है। इस विभिन्नता के बीच एकता की बात महत्व पूर्ण है ।

## संस्कृति का महत्व

1) संस्कृति ज्ञान का भंडार है । संस्कृति मानवों के लिए सामाजिक तथा भौतिक अस्तित्व के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करती है । पशु, पक्षी, अपनी सहज मूल प्रकृतियों द्वारा परिस्थिति के साथ मेल जोल करने का प्रयत्न करते है और जीवित रह जाते है । लेकिन मानव अपने सीखने की शक्ति से परिस्थिति के साथ मेल जोल करते हुए परिवेश की आवश्यकता के अनुसार अपनी जीवन को परिवर्तित करता हुआ आया दिखाई देता है । इसके लिए मानव की समयोजित सांस्कृतिक गतिविधियाँ ही कारण है । उदाहरण के लिए भाषा संस्कृति का एक उपांग है । उसकी प्रमुख विशेषता बात और लिखावट से अब तक की सभी उपलब्धियों को संग्रहीत कर परिस्थिति के अनुसार कैसे व्यवहार करना है - इसे आज की पीढी और अगली पीढियों के लिए कहावतों, लोकसाहित्यों, चित्रकलाओं, लेखनों द्वारा आवश्यक अधिगम

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उपकरणों को निर्मित किया गया है । यह हमारी पिछली पीढी के बडों द्वारा निर्मित करनेवाले ज्ञान के उपकरणों का प्रयोग कर नई परिस्थिति के अनुरूप रहने के लिए। प्रगती की ओर कदम बढाती है । इसलिए संस्कृति केवल आचार विचार न होकर वह सामाजिक विकास के लिए आवश्यक ज्ञानभंडार है ।

2) संस्कृति परिस्थिति का विवरण देती है :- संस्कृति हमें उस सांदर्भिक सामाजिक परिस्थिति का विवरण देती है । काल, संदर्भ और परिस्थिति के अनुरूप मानव समाज का विकास कैसे हुआ है इसे संस्कृति के अध्ययन से समझा जाता है । उदाहरण के लिए बागलकोट जिल्ले के बादामी, ऐहोले के आस पास की गुफाएँ और वहाँ की शिल्पकलाएँ हमारे समाज के विकास का परिचय देती है ।

3) संस्कृति मूल्यों का विवरण देती है :- मानव समाज के प्रकृति मनोभाव और आचार विचारों को मापन करनेवाला उपकरण ही मूल्य है । उदाहरण के लिए हमारे संविधान के आशय के अनुरूप सभी संस्कृति के लोगों को, जाति धर्म की असमानता के बिना समान रूप से रहना चाहिए - यह विविध संस्कृतियों को गौरव देने का मूल्य है । हम सब एक है हमारे बीच सामाजिक रूप से कोई विभिन्नता नही है । यह मूल्य है । इस प्रकार के चिंतन क्रम हमारे मनाभावों को निर्मित करता है । इस प्रकार संस्कृति मानवीय संबंधों में वृद्धि करने का मूल्य रखती है ।

4) संस्कृति आदर्श व्यवहारों का विवरण देती है :-संस्कृति हमें लक्ष्य और उसे उपलब्ध करने के मार्ग प्रदान करती है । हमारे समाज में रहनेनवाले मानवीय व्यवहारों, समाजोन्मुखी उपलब्धियों को संस्कृति बढाने की प्रेरणा देती है । इसी प्रकार समाज विरोधी, मानव विरोधी कार्यों को दंड देने का आदर्श संस्कृति में है । उदाहरण के लिए यदि हम कोई भूलकरें तो हमारे बडे और शिक्षक हमें समझते है कि यह ठीक बर्ताव नहीं है । इस प्रकार हमारे व्यवहारों को सुधारते है ।

## समाज और संस्कृति के बीच का संबंध

समाज और संस्कृति का संबंध पारस्परि है । मानव समाज के विकास के लिए संस्कृति ही आधार है । सभ्यता के विकास काल से संस्कृति मानव के जीवन में समा गयी है । सामाजिक जीवन में संस्कृति अविभाज्य अंग है । जहाँ सामाजिक जीवन रहता है वहाँ समाज रहता ही है । एक समाज में मानवों के बीच का संबंध ही संस्कृति है । मानवों के बीच संप्रेषण न रहे तो मानव समाज का निर्माण नहीं होता । इसी प्रकार संस्कृति के बिना मानव का जीवन और मानव समाज परिपूर्ण नहीं होता ।

2) संस्कृति और समाज एक ही सिक्के के दो पहलू है :- हमारी सामाजिक दुनिया हजारों मानव संबंधों से युक्त अनेक समाजों से निर्मित है । प्रत्येक समाज की संस्कृति विभिन्न है । संस्कृति और समाज एक ही सिक्के के दो पहलू जैसे है । संस्कृति अन्य जीवियों



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

© KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

से मानव को अलग करती है सांस्कृतिक नियमों को अनुसरण करते हुए एक समाज के सामाजिक नियंत्रण निर्मित होते है ।

संस्कृति से उदय होनेवाले सामाजिक नियम और समाज के बीच निकट संबंध रहता है । यह नियम समाज के हर एक व्यक्ति के व्यवहारों को नियंत्रण करते हैं । यह व्यक्ति पर रहनेवाले सामाजिक नियंत्रणों को सूचित करता है । प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में अनेक सामाजिक संस्थाओं के सदस्य होता है । प्रत्येक सामजिक संस्थाएँ अपने सांस्कृतिक नियमों के द्वारा वैयक्तिक संबंधों से बँधा रहता है । उदाहरण के लिए हमें अपने घरों में बड़ों के साथै से बर्ताव करना चाहिए । इन नियमों को उन परिवार के पारिवारिक संबंधों के नियमों का औपचारिक रूप से पालन करते है । यही संस्कृति और समाज के बीच के संबंधों को विवरण देनेवाला मूलभूत लक्षण है ।

**सांस्कृतिक आचरण का महत्व सांस्कृतिक विविधता और इनका महत्व -**

हम अपने जीवन में हर दिन एक न एक सांस्कृतिक आचरण देखते ही रहते हैं । उनमें उन सभी का परिशीलन करना कष्ट साध्य है । मानवीयता से चलनेवाले सांस्कृतिक आचरण किस प्रकार मानव समाज की भलाई के लिए कारण है, यहाँ इन सभी की चर्चा करेंगे।

मेले, भारत के ग्रामीण प्रदेश के सांस्कृतिक आचरणों में अत्यंत महत्वपूर्ण है । मेला केवल धार्मिक समारोह नहीं है । यहाँ वस्तुओं को खरीदने बेचने और आवश्यकता होने पर खरीदने की प्रक्रिया चलती है । मेला, फसल कटने के बाद एक प्रकार के मनोरंजन के रूप में प्रमुख भूमिका निभाता है ।

किसी भी जाति, वर्ण, धर्म, भेदभाव के बिना सभी लोग मिलकर, भाग लेकर मेले में जाते हैं । ये सांस्कृतिक रुप से अनेक समाजिक संबंधों को दृढ बनाता है। विविध भाषा बोलनेवाले लोग अपने कौशल शारीरिक रूप रंग प्रदर्शन के साथ साथ छोटे बडे सर्कस भी मेले में रहते हैं । इस प्रकार विविध वेश, विविध भाषा, विविध वृत्ति वाले लोग अपने कौशलों का यहाँ प्रदर्शन करते हैं । इनका प्रदर्शन केवल प्रदर्शन ही न होकर उनकी सांस्कृतिक प्रवृत्ति भी होता है । उदाहरण के लिए विविध कलाकार हमारे गाँवों में होनेवाले मेलों में रामायण और महाभारत की स्थानीय आवृत्तियों को झट से बोलते रहते हैं । इतना ही नहीं तार पर चलनेवाले बंदर, भालू के खेल नेवला - सँपेरा, हाथी, ऊँट, घोडों का अपने बच्चों की भाँति पालन पोषण कर उन्हें प्रदर्शन करते हुए उनके द्वारा ही अपने जीवन चलनेवाले लोग हमारे मेले में अब भी मिलते हैं । इन सभी वर्ग के लोग विविध संस्कृति, भाषा, सास्कृतिक आचरण के होते हैं । ये लोग उर्दू, मराठी, कन्नड, तेलुगू आदि भाषाओं को बोलते हैं ।

इस प्रकार बोलनेवाले ये लोग अपनी शारीरिक रचना से लेकर हर एक विषयों में



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

स्थानीय लोगों से भिन्न होते हैं । इस तरह विभिन्न वर्ग के लोग एक जगह एकत्रित होकर जुलूस में खुशी मनाते है । ये खुशियाँ केवल खुशियाँ ही नहीं बल्कि ये हमारे देश के संविधान के आशय - विविधता में एकता को लाने का प्रयत्न जैसी रहती हैं । इस तरह सामूहिक सांस्कृतिक आचरण में भाग लेते ही हम व्यक्तिगत विविधताओं कों आचरण करते रहते हैं । कुछ लोग इन आचरणों को लोकसाहित्य (फोल्क), स्थानीय ज्ञान कहते हैं । और कुछ लोग अपने जीवन के प्रेरणांतत्व रहते हैं । इस में कोई संदेश नहीं कि हमारे सांस्कृतिक आचरण मानव जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं ।

हमारे गणतंत्र समारोह में सारे देश की सांस्कृतिक विविधताएँ मूक झाँकी (टैबलोस) द्वारा, नृत्य द्वारा देखने को मिलती है । उत्तर कर्नाटक के सांस्कृतिक जीवन का प्रतिपादन करनेवाली एक मूक झांकी कर्नाटक के एक ग्रामीण परिवेश का प्रतिपादित करती है । इसी समय में राजस्थान के ग्रामीण परिवेश की संस्कृति का दूसरी मूकझाँकी प्रतिपादित करती रहती है । इस प्रकार भारत के हर एक राज्य के सांस्कृतिक जीवन को प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के जुलूस में दर्शन का मुख्य उद्देश है कि हमारी सास्कृतिक विविधताओं में भी एकता दिखाई देती ही है ।

इसके लिए एक भाषा का उदाहरण ले सकते हैं । अनेक भाषाओं को बोलते हुए एक ही परिवेश में बढनेवाले बच्चे एक साथ तीन से चार भाषाओं को सीखते रहते है । और बोलते रहते है । इस संदर्भ में वे केवल भाषाओं को ही न सीखकर भाषा परिवेश में रहनेवाले अंशों को भी अपनाते रहते है । इसके द्वारा धर्म, जाति, आधारित अंशों से परे रहने का प्रयत्न करते है । इसके लिए उदाहरण के तौर पर एक कारखाने में काम करनेवाले मजदूर विविध भाषाओं के होते है । उस भाषाई परिवेश में बडे होनेवाले बच्चे उन सभी भाषाओं की संस्कृतियों को त्योहार और सांस्कृतिक आचरणों को जानती है । इसके द्वारा हम सब के एक होने का भाव उनमें बढता रहता है । इसलिए सांस्कृतिक विविधता को गौरव देना विविधता को प्यार करना मानव समाज के विकास और शांति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अंश बन गये हैं ।

## अभ्यास

### I. खाली जगह को उचित पदों से भरिए:

1. संस्कृति का अर्थ .............. है।
2. रीति रिवाज़ में हमारे द्वारा ........... में बार बार प्रवृत्त होने का क्रियाकलाप है।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

3. भारत में ..... में एकता दिखाई देती है।
4. संस्कृति और समाज का ..... संबंध है।
5. संस्कृति आज की पीढ़ी का ...... अगले पीढ़ी तक चलनेवाला वाहक है।

## II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए

1. संस्कृति का अर्थ क्या है ?
2. हमारे चारों ओर के पर्यावरण में स्थित सांस्कृतिक वैविध्यता का उदाहरण दीजिए ।
3. संस्कृति को दो वर्गों में किसने विभाजित किया है?
4. अभौतिक संस्कृति क्या है ?
5. भौतिक संस्कृति का अर्थ क्या है ?

## III. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1. रीति रिवाज़ का अर्थ क्या है ? उदाहरण दीजिए।
2. सांस्कृतिक विविधता का विवरण दीजिए।
3. संस्कृति की विशेषताएँ बताइए ।
4. संस्कृति का महत्व समझाइए ।
5. मेलों की विशेषता समझाइए।

## IV. क्रिया कलाप :

1. अपने गाँव के मेला से संबंधित जानकारी अपने बुजुर्ग लोगों से जानिए उसके बारे में सूची तैयार कीजिए।
2. अध्यापक अपने स्कूल में संस्कृतिक विविधता से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन करें ।

*****

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# भूगोल (Geography)

### अध्याय-1

## पृथ्वी हमारा सजीव ग्रह

**इस अध्याय द्वारा पृथ्वी के विभिन्न नामों का परिचय समझना।**

- *पृथ्वी का महत्व तथा विविध नामों का परिचय पाना।*
- *पृथ्वी की माप तथा आकार को जानना।*
- *थल तथा जल भागों का वितरण जानना।*
- *भू-क्षेत्र तथा देशांतर का परिचय, इससे स्थान, दिशा तथा समय का निर्धारण करना जानना।*
- *विश्व के प्राकृतिक नक्शे (मानचित्र) में भू-भाग तथा सागर पहचानना।*

**हम कहाँ जीवन कर रहे हैं, क्या आप जानते हैं?**

हम भूमि पर निवास करते हैं। यह सूर्य के बाद तीसरा ग्रह है। सौरमंडल के ग्रहों में भूमि मात्र पर ही जीवन है। पृथ्वी हर प्रकार के जीवियों का निवास स्थान है। वनस्पति, प्राणी और मानव यहाँ रहते हैं। इसका कारण सूर्य और भूमि के बीच की दूरी, जीवित लोगों के लिए अनुकूल उष्णांश, गैस, वातावरण, तथा जलमंडल हैं। पृथ्वी को सजीवग्रह, विशिष्ट ग्रह, जलावृत ग्रह,नीलाग्रह, जैसे प्रकार विविध नामों से जाना जाता है।

**पृथ्वी की माप तथा आकार-**

सूर्य के परिवार में पृथ्वी पाँचवाँ बडा ग्रह है। भूमि का व्यास चंद्र के व्यास से करीब चार गुना बडा है और सूर्य से 107 गुना छोटा है।

पृथ्वी का कुल भौगोलिक क्षेत्र 510 दस लाख वर्ग किमी., (70.78%) पानी से आवृत है। शेष 149 दस लाख वर्ग कि.मी.क्षेत्र, (29,22%) भूभाग से युक्त । इस प्रकार पृथ्वी का जल तथा, भूक्षेत्र का विवरण असंतुलित है। भूमंडल और जलमंडल के बीच का 1:2.43 अनुपात है।



पृथ्वी

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पृथ्वी (भूमि) का आकार - पृथ्वी का आकार जियाइड या गोलाकार माना जाता है। क्योंकि पृथ्वी ध्रुवों के पास थोडी चपटी है और भूमध्यरेखा के पास उभरी हुयी है। पृथ्वी की भूमध्य रेखा का व्यास 12756 कि.मी. और ध्रुवीय व्यास 12714 कि.मी. है। उसी प्रकार भूमध्य रेखा की चौडाई 40.076 की.मी और ध्रुवीय चौडाई 40.008 कि.मी. है। इन दोनों के व्यास में 42 कि.मी का अंतर है। यह भूमि के गोलाकार होने का स्पष्टीकरण करता है।




**थल तथा जल भाग का वितरण :-**

पृथ्वी के भूभाग को खंड कहते हैं। समस्त भूभाग 7 खंडो में विभाजित है। वे है एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अंटार्कटिका, यूरोप और आस्ट्रेलिया। इनमें एशिया सबसे बडा खंड है और आस्ट्रेलिया सबसे छोटा है। पृथ्वी पर विस्तृत जलराशि महासागर कहलाती है। उन्हें चार भागों में विभाजित किया हैं। वे इस प्रकार हैं। 1) प्रशांत महासागर 2) अटलांटिक सागर 3) हिन्द महासागर और 4) आर्कटिक सागर। प्रशांत महासागर अत्यंत विस्तृत और अत्यधिक गहरा सागर है। आर्कटिक सागर अत्यंत छोटा तथा कम गहरा है।

थल और जलभाग उत्तरी दक्षिणी गोलार्ध में समान रूप से वितरित नहीं हैं। उत्तरी गोलार्ध में 60% भूभाग है तो 40% जलभाग है। इसीलिए इसे भूप्रधान गोलार्ध कहा गया है। इसके विपरीत दक्षिणी गोलार्ध में 81% भाग जल से व्याप्त है। केवल 19% भूभाग है। इसीलिए इसे जलप्रधान गोलार्ध कहा गया है।

*एक स्थान की दिशा और अंतर को हम किस प्रकार समझ सकते हैं ?*

**अक्षांश और देशांतर**

पृथ्वी गोलाकार है। इसलिए भूमि पर दो स्थानों दिशाओं तथा अंतर को पहचानना मुश्किल है। पृथ्वी के ऊपर किसी स्थान की निश्चित जगह अंतर और दिशाओं को पहचानने के लिए काल्पनिक रेखाजाल की व्यवस्था नक्शा (मानचित्र) गोलार्ध भाग में खींची गयी है। इस काल्पनिक रेखाओं को पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण को खींचा गया है ये काल्पनिक रेखाएँ अक्षांश और देशांतर कहलाती हैं। ये परस्पर लम्बवत एकदूसरी रेखाओं को विभक्त करती हैं जिससे छेदक बिंदुओं को भौगोलिक सहसंबंध कहते हैं। इन्हे भौगोलिक निर्देशांक अथवा भौगोलिक जाल भी कहते है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**अक्षांश :** भूमध्य रेखा से उत्तर या दक्षिण की ओर कोणरूप में खींची रेखा ही अक्षांश है। ये काल्पनिक रेखाएँ हैं। जिन्हे डिग्री से मापा जाता है। उत्तरी तथा दक्षिणी ध्रुव के बीच भूमि के अक्ष पर लंबवत् खींची काल्पनिक रेखा ही समभाजक रेखा है। यह समभाजक वृत्त के समानांतर रूप से ग्लोब पर पूर्व से पश्चिम की ओर खींची काल्पनिक रेखा अक्षांश कहलाती है। समभाजक वृत्त, $0^0$ महावृत्त कहलाता है जो पृथ्वी के चारों ओर मध्यम समान है। वहाँ से उत्तरी तथा दक्षिण की ओर की अक्षांश रेखाएँ लंबाई में छोटी होती जाती हैं। सभी अक्षांश रेखाएँ भूमध्य रेखा के समानान्तर होने के कारण इन्हें समान्तर रेखा भी कहते हैं। ससभाजक वृत्त से उत्तरी गोलार्ध में $90^0$ तथा दक्षिणी गोलार्ध में $90^0$ अक्षांशों को बनाया गया है। किंतु $90^0$ उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांश केवल बिंदु भाग हैं। एक अक्षांश से दूसरे अक्षांश का भूमिपर अंतर 110.4 कि.मी. है।

## प्रमुख अक्षांश




**अक्षांश रेखा और देशांतर के रेखाओं का जाल**

1) $0^0$ अक्षांश भूमध्य वृत्त रेखा
2) $23\frac{1}{2}^0$ उत्तरी अक्षांश कर्का रेखा
3) $23\frac{1}{2}^0$ दक्षिणी अक्षांश मकर रेखा
4) $66\frac{1}{2}^0$ दक्षिणी अक्षांश - उत्तरध्रुवी अक्षांश (आर्कटिक रेखा)
5) $66\frac{1}{2}^0$ दक्षिणी अक्षांश - दक्षिणी ध्रुव वृत्त
6) $90^0$ उत्तरी अक्षांश - उत्तरी ध्रुव
7) $90^0$ दक्षिणी अक्षांश - दक्षिणी ध्रुव

## देशांतर

समभाजक वृत्त को समांतर रूप से उत्तर और दक्षिण ध्रुवों को मिलाने वाली, उत्तर और दक्षिण ध्रुवों में मिलने वाले रेखाओं को देशांतर कहते है।

ग्लोब पर देशांतर रेखाऐं अर्धवृत्त श्रेणी के समान दिखाई देती है। ये उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों से मिलकर भूमध्य रेखा से होकर जाती हैं। सभी देशांतर की लंबाई समान है। देशांतर को मध्याह्न अथवा मेरेडियन रेखा कहते हैं। क्योंकि कोई भी देशांतर सिर पर सूर्य के आने के समय उस पूरे देशांतर की लंबाई में सभी स्थानों पर एक ही समय पर मध्याह्न (दोपहर) होता है।

इंग्लैंड के ग्रीनविच से होकर गुजरनेवाली देशांतर रेखा को प्रधान देशांतर रेखा कहलाती है। इन्हें $0^0$ से सूचित किया गया है। ग्रीनविच देशांतर के पूर्वी भाग की ओर $180^0$देशांतर पश्चिम की ओर $180^0$ देशांतर है इस प्रकार कुल $360^0$ देशांतर है। प्रधान देशांतर से $180^0$

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

तक के पूर्वी क्षेत्र को पूर्वी गोलार्ध कहते हैं। और उसके विरुद्ध भाग को पश्चिमी गोलार्ध कहते हैं।

भूमध्य रेखा/वृत्त से ध्रुव की तरफ जाते जाते-दो देशांतरों के बीच में अंतर क्रमशः कम होता जाता है। क्योंकि सभी देशांतर दोनों ध्रुवों में मिलते हैं। भूमध्य रेखा/वृत्त पर दो रेखांशों के बीच का अंतर करीब 111 कि.मी. रहता है।

देशांतर और समय : देशांतर और समय के बीच निकटतम संबंध है। पृथ्वी अपने अक्ष के चारों तरफ घूमती रहती है और एक वृत्त पूर्ण करने के लिए 24 घंटों का समय लगता है अर्थात 360 देशांतरों का घूमकर पूर्ण करने के लिए 24 घंटे लगते हैं। एक देशांतर से दूसरे देशांतर के बीच का समयांतर 4 मिनिट का होता है। प्रति पंद्रह देशांतरों के बीच 60 ($360 \times 4 = 1400 / 60 = 24$) मिनट का अंतर होता है। पश्चिम से पूव की ओर चलते समय ज्यादा लगता है। (EGA-East Gain Add) तथा पूर्व से पश्चिम की ओर जाते वक्त/समय कम होता है। (WLS - West Lose Subtracts).

**स्थानिक समयः** एक स्थान के स्थानिक समय को उस स्थान के देशांतर अथवा सूर्य के स्थानानुसार कहते है। स्थानिक समय उस स्थान के स्थानीय मध्याह्न की रेखा पर अवलंबित रहता है। उन स्थानों पर सूर्य की किरणों सीधा पडने के कारण मध्याह्न 12 बजे होता है। उस मध्याह्न रेखा पर पार होकर जानेवाले सभी स्थानो में एक ही स्थानिक समय रहता है। प्रत्येक देशांतर का अपना स्थानिक समय होता है।

**मानक समयः** स्थानिक समय एक जगह से दूसरे जगह में अंतर पाता है। प्रत्येक स्थान में एक प्रकार का स्थानिक समय होने के कारण असमंजसता होती है। इस असमंजसता को दूर करने के लिए कुछ देशो में एक रूप के समय का अनुसरण किया जाता है।

इस प्रकार एक ही रूप मे समय उस देश के बीच गुजरनेवाला देशांतर के समय पर आधारित होता है। देशांतर अथवा उस देशांतर पर ही उस नगर का समय निश्चित होता है। इस प्रकार समय देश के अन्य भागों में भी अनुकरण करने के कारण इसे मानक समय कहा जाता है। भारत में $82\frac{1}{2}^0$ पूर्व देशांतर को देश का आदर्श देशांतर कहा जाता है। यहा उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद नगर से गुजरता है। भारत का समय इस देशांतर पर आधरित होने का कारण इसे भारत का मानक समय कहा जाता है (IST)। यह ग्रीनविच समय से पाँच घंटा तीन मिनट आगे चलता है।

**समय क्षेत्र :** विश्व के कुछ राष्ट्रों मे 45 से अधिक देशांतर है। एक भाग दूसरे भाग तक होकर गुजरते समय उसमें 3 से 4 घंटे का अंतर आता है। यहाँ एक समान समय क्षेत्र को



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अनुसरण करना मुश्किल होता है। इसलिए समस्त राष्ट्रों के समय क्षेत्र के रूप मे विभाजन किया गया है। समस्त ग्लोब 24 समय क्षेत्रों में विभजित है।

प्रत्येक समय क्षेत्र मे एक घंटे का अंतर आता है। विशाल राष्ट्र में अनेक देशांतर से पार करते है। कई राष्ट्रों में अधिक समय क्षेत्र होता है। उदाहरण रूप में 11 समय क्षेत्र यू.एस.ए और केनडा में 5 समय क्षेत्र हैं। आस्ट्रेलिया में 3 समय क्षेत्र हैं।

**अंतराष्ट्रीय दिनांक रेखा** (IDL)**:** विश्व समय की समस्या को मानक समय से दूर किया गया है। लेकिन विश्वपर्यटन करनेवाले पर्यटकों को सप्ताह में दिनांक और तिथियों को निश्चित करने में समस्या होती है। इसलिए ग्रीनविच देशांतर की विरुद्ध दिशा मे $180^0$ देशांतरें पर विश्व पर्यटन करने वाले अपनी सुविधा के लिए दिन और दिनांक को तय करना पडता है। यह पेसिफिक सागर से पार होकर जानेवाले $180^0$ देशांतर होने पर भी कुछ भूभागों से बचने के लिए वक्र आकार में खींची गयी है। इसे अंतर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा कहते हैं।




**अंतर्राष्ट्रीय समय क्षेत्र तथा अंतर्राष्ट्रीय दिन रेखा**

वायुयान और जहाजों में सफर करनेवालों को यह रेखा पार करते वक्त दिन और दिनांकों में परिवर्तन करना पडता है। किसी वायुयान/जहाज इस रेखा से पश्चिमि पूर्व की ओर पार करने पर (एशिया से उत्तरी अमेरिका)। एक दिन बढा लेना पडता है। उसी प्रकार इस रेखा के द्वारा पूर्व से पश्चिम पूर्व के ओर पार करने पर उत्तर अमेरिका से एशिया को एक दिन घटाना पडता है।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# अभ्यास

**I. खाली जगहों को सही उत्तर से भरिए**

1. पृथ्वी का कुल भौगोलिक क्षेत्र _____________ वर्ग कि.मी है।
2. पृथ्वी _____________ आकार में है।
3. पृथ्वी भूमध्य वृत्त और ध्रुव प्रदेश का व्यास __________ और ___________ कि.मी है।
4. $23\frac{1}{2}^0$ उत्तरी अक्षांश को _____________ कहते हैं।
5. भारत का मानक समय _____________ देशांतर पर आधारित है।

**II. इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए**

1. पृथ्वी को सजीव ग्रह क्यों कहते है ?
2. उत्तरी गोलार्ध को भूप्रधान गोलार्ध तथा दक्षिणी गोलार्ध को जल प्रधान गोलार्ध क्यों कहा गया है ?
3. अक्षांश और देशांतर किसे कहते है?
4. स्थानिक समय और समय क्षेत्र का अंतर बताइए।
5. अंतराष्ट्रीय दिनांक रेखा किसे कहते हैं?

**III. इस का अर्थ लिखिए:**

1. विशिष्ट ग्रह
2. पृथ्वी की मात्रा
3. भूमि का आकार
4. भूखंड
5. प्रधान देशांतर
6. भारत का स्थानिक समय

**खत. याद रखनेवाली बातें**

1. सजीव ग्रह
2. भूमध्य रेखा
3. उत्तरी ध्रुव ( आर्कटिक वृत्त)
4. अंटार्कटिका वृत्त
5. समय क्षेत्र
6. अंतराष्ट्रीय दिनांक रेखा

**त. क्रिया योजना-**

1. देशांतर आधार पर पूर्वी गोलार्ध के राष्ट्रों और पश्चिमी गोलार्ध के राष्ट्रों की सूची बनाइए।

❖❖❖



Not to be republished ©KTBS

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अध्याय-2

# चट्टान/थल मंडल

## इस अध्याय के अध्ययन के बाद आप जानेंगे:

- *चट्टानमंडल का अर्थ और महत्व*
- *भूमि की आंतरिक रचना और संयोजन*
- *चट्टानों की उत्पत्ति और उनके प्रकारों का परिचय*
- *भूमि की आंतरिक शक्तियाँ-ज्वालामुखी, भूकम्प, इत्यादि के कारण और परिणाम*
- *भूमि की बाह्य शक्तियाँ जैसे तापमान, चक्रवात, वर्षा और नदियों का महत्व*

## थल/चट्टानमंडल - अर्थ और महत्व

भूमि के बाह्य ठोस भाग को चट्टान/थलमंडल कहते हैं। यह परत महाद्वीपों में बहुत मोटी होती है और समुद्र तल के पास पतली होती है। स्थलमंडल विविध प्रकार के चट्टानों खनिजों और मिट्टी से बना है। वायुमंडल और जलमंडल की सहायता से इस भाग में जीवन का अस्तित्व बना रहता है। महाद्वीप थलमंडल का एक भाग है जहाँ पर्वत, पठार (ऊँची चौरस भूमि) मैदान इत्यादि पाए-जाते हैं।

## पृथ्वी की आँतरिक रचना और संयोजन-.



पृथ्वी के अंदर वाली

हमारा ग्रह - पृथ्वी, 4.6 दसलाख करोड वर्षों से पुराना है। सालों पहले अस्तित्व में आया और तबसे अब तक उसमें निरंतर परिवर्तन होते आए हैं। मनुष्य हमेशा से इस परिवर्तन को और पृथ्वी की आँतरिक रचना को समझने के लिए उत्सुक रहा है और प्रयास में लगा है। पृथ्वी के अंदर क्या क्या है? यह बात आज तक मनुष्य के लिए एक रहस्य बनी हुयी है। सालों के अध्ययन और संशोधन से मनुष्य पृथ्वी के अंदर 10 से 12 कि.मी. तक की वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने मे सफल हो पाया है। अधिक गहराई में जाते-जाते तापमान के बढ़ने के कारण (प्रति 32 मीटर पर 10C) वहाँ की जानकारी पाना कठिन हो जाता है।

भूमि की आंतरिक रचना के बारे में अधिक जानने के लिए मनुष्य परोक्ष साधनों पर अवलम्बित है, जैसे- भूकम्प की तरंगें, ज्वालामुखी के फटने पर



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

निकलने वाली वस्तुएँ, इत्यादि। भूमि के आंतरिक भाग में विविध प्रकार की वस्तुएँ विभिन्न रूप में पाई जाती हैं। इन वस्तुओं का घनत्व, रासायनिक रचना और भौतिक स्थिति के आधार पर भूमि के आंतरिक भाग को 3 प्रमुख परतों में विभाजित किया गया है और वे हैं- भूकवच, मैंटल और भूगर्भ।

**भूकवच (Crust) :** पृथ्वी की सबसे ऊपरी बाहय परत (कवच) को भूकवच कहते हैं। यह परत सिलिका, अल्युमिनियम और मैगनीशियम से समृद्ध है। इसकी गहराई भूमि की सतह से करीब 60 कि.मी. तक है। भूकवच के ऊपरी भाग में हल्की वस्तुएँ पाई जाती हैं। यहाँ सिलिका और अल्युमिनियम अधिक मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इसे डखअङ सियाल कहते  हैं। यह भाग महाद्वीपीय कवच भी कहलाता है। भूकवच के निचले भाग में सिलिका और मैगनीशियम् अधिक मात्र में पाए जाते हैं, इसे SIMA सैमा अथवा समुद्रीय कवच भी कहते हैं।

**मैंटल :** यह पृथ्वी का दूसरा और मध्य भाग में पाया जाने वाला परत है। इसकी गहराई भूकवच से करीब 2900 कि.मी. तक है। यहाँ पाए जाने वाले पदार्थ अंशतः द्रव्य रूप में होते हैं जिसे मैग्मा कहते हैं। मैंटल ठोस और कठोर पत्थरों से बना है जिसमें मुख्य रूप से मैगनीशियम और लोहे जैसे खनिज होते है। मैंटल के दो भाग है- a) अंशतः द्रव्य स्थिति में पाया जाने वाला ऊपरी मैंटल अथवा एस्थनोस्फीयर, b) निचला मैंटल अथवा मीसोस्फीयर, जो ठोस रुप में पाया जाता है।

भूकवच और मैंटल के संपर्क होने भाग को मोहोरिविसिक अथवा मोहो, क्षेत्र कहते हैं। मैंटल तथा केंद्र भाग को करने वाले सीमा क्षेत्र को गुटेनबर्ग सीमा क्षेत्र कहते है। मैंटल और यहाँसे ऊपर और नीचे के पत्थरों की विविध रासायनिक संरचना केंद्र भाग से अलग होने वाली होती है।

**भूगर्भः** पृथ्वी के सबसे अंदर वाली परत को भूगर्भ कहते हैं। इस परत की गहराई धरातल से 6371 कि.मी. तक है। भूगर्भ में पाए जाने मुख्य पदार्थ है-निकिल (Ni) और लोहा (fe) । इसलिए इसे Nife कहते हैं। भूगर्भ को दो हिस्सों में बाँटा गया है- a) बाहरी भूगर्भ, जहाँ पदार्थ अर्ध द्रव्य स्थिति में पाए जाते हैं। b) अंतः भूगर्भ, जहाँ पदार्थ ठोस/धन स्थिति में पाए जाते हैं ।

**क्या आपको मालूम है? विश्व की सबसे गहरी खानें /खदानें-**

1. *रूस के अंकोला प्रायःद्वीप की खान करीब 12 कि.मी गहरी है।*
2. *दक्षिण अफ्रीका की किम्बरली हीरे की खान करीब 3.9 कि.मी गहरी है।*
3. *भारत के कर्नाटक में स्थित के.जी. एफ सोने की खान करीब 1.5 कि.मी गहरी है।*



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# चट्टानें (Rocks)

पृथ्वी के भूकवच पर पाई जाने वाली अजैविक ठोस पदार्थों को चट्टान कहते हैं। चट्टानें विविध प्रकार की खनिजों से बनी होती हैं। चट्टानें विभिन्न प्राकृतिक प्रक्रियाओं से निर्मित होती हैं। चट्टानों के निर्माण की प्रक्रिया के आधार पर चट्टानों को तीन प्रकारों में विभाजित किया गया है। वे हैं 1) आग्नेय चट्टानें, 2) तलछटी चट्टानें 3) परिवर्तित चट्टानें ।

**1. अग्नि की चट्टानें:** आग्नेय चट्टानों को अंग्रेजी में इग्नियस रॉक्स कहते हैं। इग्नियस का मतलब है - आग (अग्नि)। आग्नेय चट्टानें पृथ्वी के अंदर के द्रवित लावा के ठंडे होकर ठोस बनने से बनती हैं। आग्नेय चट्टानें सबसे पहले बनी थी। इसलिए इन्हें प्राथमिक चट्टानें भी कहते हैं।.




## अंतर्निर्मित आग्नेय चट्टानें :

जब भूमि के अंदर का द्रवित पदार्थ (मैग्मा) भूमि की सतह पर पहुँचने से पहले ही, भूमि के अंदर ही ठंडा होकर ठोस बन जाता है, उसे अंत:र्निमित आग्नेय चट्टानें कहते हैं, ये चट्टानें बड़े-बड़े कणों से बनी होती हैं। और भूमि के अंदर बहुत गहराई में पाई जाती हैं। उदाहरण : ग्रेनाइट, डयोराइट, ग्याब्रो इत्यादि।

*चट्टान- पदार्थ जब भूमि के अंदर द्रवित स्थिति में होता है, उसे मैग्मा कहते हैं और जब वही द्रव पदार्थ पृथ्वी की सतह के बाहर आता है, उसे लावा कहते हैं।*




शिला चक्र

**बहिर्निर्मित अग्नि चट्टानें:** जब मैग्मा (भूमि के अंदर का द्रवित पदार्थ) भूमि की सतह पर आकर, ठंडा होकर ठोस बनता है, उसे बहिर्निमित आग्नेय चट्टानें कहते हैं। ये चट्टानें



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

छोटे-छोटे कणों से बनी होती हैं, शीशे की तरह मुलायम होती हैं, क्योंकि लावा भूमि की सतह पर बहुत जल्दी ठंडा होकर ठोस बन जाता है। उदाहरण : बेसाल्ट, एंडेसाइट।

**2. तलछटी चट्टानें:** तलछटी चट्टानों को अंग्रेजी में "सेडिमेंटरी रॉक्स" कहते हैं। "सेडिमेंटरी" इस पद को लैटिन भाषा के "सेडिमैंटम" शब्द से लिया गया है, जिसका मतलब है "तल पर जम जाना" ! तलछटी चट्टानों का निर्माण जल, वायु और बर्फ द्वारा होता है। ये कारक आग्नेय चट्टानों को तोड़कर चूर-चूर करते हैं, फिर इन टूटे हुए पत्थरों को किसी निश्चित स्थान पर संचित करते हैं। इस तरह टूटे हुए पत्थरों का संचय, परत दर परत होता रहता है। इसलिए तलछटी चट्टानों को "परतीय चट्टानें" भी कहते हैं। आग्नेय चट्टानों के विघटन से तलछटी चट्टानें बनती हैं, इसलिए इन्हें "द्वितीय चट्टानें" कहते हैं। तलछटी चट्टानों का निर्माण सामान्य तौर पर समुद्र, सागर, झील इत्यादि जलराशियों में होता है, इसलिए इन्हें "जलीय चट्टानें" कहते हैं। इनके निर्माण में जल की प्रमुख भूमिका है। तलछटी चट्टानों को दो प्रकारों में विभाजित किया गया है : (i) अजैविक चट्टानें (ii) जैविक चट्टानें




**अजैविक चट्टानें:** अजैविक चट्टानें दो तरह की होती हैं : a) भौतिक क्रिया से बनी चट्टानें b) रासायनिक क्रिया से बनी तलछटी चट्टानें

**a) भौतिक क्रिया से बनी तलछटी चट्टानें:** ये चट्टानें मूल चट्टानों के शिथिलीकरण और कटाव से बने छोटे-छोटे टुकडों से निर्मित होती हैं । उदाहरण, रेतीला पत्थर(रेत से बनी चट्टान), शेल (मिट्टी से बनी चट्टान)

**b) रासायनिक क्रिया से बनी तलछटी चट्टानें:** लवणांश युक्त पानी जब गर्मी की वजह से बाष्पित होता है, उसमें घुले हुए रसायन संचित होकर इन चट्टानों का निर्माण करते हैं। उदाहरण : लवण, जिप्सम इत्यादि।

**जैविक क्रिया से बनी तलछटी चट्टानें:** जब पौधों और प्राणियों के अवशेष लाखों सालों तक दबाव में रहकर ठोस रूप लेती हैं, तो ऐसी चट्टानें बनती है। उदाहरण : चूना, (चूरे से बनी चट्टान), कोयला (कार्बनीकृत चट्टान)

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**3. रूपांतरित (परिवर्तित) चट्टानें:** अत्यधिक ताप और दबाव के परिणाम से जब आग्नेय और तलछटी चट्टानों का रूपांतरण होता है, तब परिवर्तित चट्टानों का निर्माण होता है।

**उदाहरण :**

| | |
|---|---|
| ग्रेनाइट - नीस | रेतीला पत्थर - स्फटिक |
| बेसाल्ट - शिस्ट | कोयला - ग्रेफाइट |
| चूना- मार्बल (संगमरर्मर) | ग्रेफाइट - हीरा |

परिवर्तित चट्टानें पृथ्वी पर सबसे अधिक दृढ़ चट्टानें हैं। इन चट्टानों से हमें अमूल्य पत्थर जैसे- हीरा, लालमणि(ruby), पन्ना (emerald), नीलमणि (sapphire) इत्यादि मिलते हैं।

## भू-कवच की विभिन्न शक्तियाँ

पृथ्वी पर दो प्रकार के बल (शक्ति) है जो पृथ्वी के भू-स्वरूप को बदलते रहते हैं । वे हैं 1) आंतरिक बल 2) बाह्य बल

**1) आँतरिक बल:** आंतरिक बल की उत्पत्ति पृथ्वी के अंदर होती है, और ये पृथ्वी के भू-स्वरूपों को प्रभावित करता है। आंतरिक बल को अंतर्जनित बल भी कहते हैं। उदाहरण: ज्वालामुखी, भूकम्प ।




**ज्वालामुखी की रचना**

**a) ज्वालामुखी:** ज्वालामुखी पृथ्वी के भू-कवच में एक ऐसा रंध्र या द्वार है, जो एक पतली नली के द्वारा मैग्मा से जुड़ा है। ज्वालामुखी विस्फोट के समय इस द्वार से पृथ्वी के अंदर का लावा, पत्थरों के चूरे, राख, आग, भाप और गैसें बाहर निकलती हैं। वह रास्ता जहाँ से होकर अंदर का मैग्मा और ज्वालामुखीय पदार्थ बाहर निकलते हैं उसे द्वार(vent)कहते हैं।

ज्वालामुखी के शिखर पर स्थित चिमनी के आकार की खोखली जगह को ज्वालामुखी का मुख (गड्ढा) कहते हैं। गहरे और विस्तृत ज्वालामुखी के मुँह को काल्डेरा (लरश्रवशीर) कहते हैं।

**ज्वालामुखी के प्रकार:** ज्वालामुखी को उनके कार्यविधि अथवा उद्भेदन के आधार पर तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। वे हैं : (i) सक्रिय ज्वालामुखी

(ii) सुप्त ज्वालामुखी (iii) सुषुप्त ज्वालामुखी ।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**i) सक्रिय ज्वालामुखी:** जो ज्वालामुखी बार-बार या निरंतर विस्फोटित होती रहती हैं, उन्हें सक्रिय ज्वालामुखी कहते हैं। विश्व में लगभग 600 सक्रिय ज्वालामुखी हैं। उदाहरण: इटली की स्ट्रोबोली और एट्ना, अमेरिका की सेंट हेलेना, हवाई द्वीप की मौना लोवा, फिलीपीन्स की पिनाटुबो इत्यादि ।

**ii) सुप्त ज्वालामुखी:** जो ज्वालामुखी विस्फोटित हो चुके हैं, और भविष्य में भी विस्फोटित हो सकते हैं, पर लम्बे समय से सक्रिय नहीं हैं, उन्हें सुप्त ज्वालामुखी कहते हैं। उदाहरण : इटली का माउन्ट विसूवियस, जापान का माउन्ट फ्यूजीयामा, तंजानिया का किलीमंजारों इंडोनेशिया का क्राकाटोआ इत्यादि ।

**iii) सुषुप्त ज्वालामुखी:** जो ज्वालामुखी बहुत समय पहले विस्फोटित हो चुके हैं, पर अब सक्रिय नहीं हैं और ना ही उनके सक्रिय होने के कोई लक्षण हैं, ऐसे ज्वालामुखी को सुषुप्त ज्वालामुखी कहते हैं। उदाहरण : तनजानिया के गोरंगोरो, स्काटलैंड का आर्थर सीट आदि।

**ज्वालामुखी विस्फोट के पदार्थ:** ज्वालामुखी विस्फोट से निकलने वाले पदार्थ तीन प्रकार के होते हैं। **ठोस पदार्थ :** ज्वालामुखी विस्फोटक, शिलाओं के टुकड़े, धूल, राख, **द्रव पदार्थ:** लावा, **गैस :** सल्फर, हाइड्रोजन, कार्बन, डाइऑक्साइड वाष्प इत्यादि ।

***क्या आप जानते है?***

***विश्व के प्रबल ज्वालामुखी विस्फोट***

*1. माउन्ट विसूवियस (इटली)*

*2. माउन्ट क्राकाटोआ (इंडोनेशिया)*

*3. माउन्ट पीली (वेस्ट इन्डीस)*

*4. जापान के लोगों द्वारा पूजित माउन्ट फ्यूजीयामा ज्वालामुखी*

**ज्वालामुखी का वितरण:** ज्वालामुखी विश्व के कई प्रदेशों में पाए जाते हैं, जैसे कि द्वीपों में, नई पर्वत श्रृंखलाओं में, महाद्वीपों में इत्यादि। अधिक ज्वालामुखी पाए जाने वाले मुख्य प्रदेश हैं :

i) पैसिफिक वृत्तीय क्षेत्र, प्रशांत महासागर के तटीय प्रदेश, जैसे - फिलीपिन्स, जापान, अमेरिका इत्यादि।

ii) मध्य सागरीय प्रदेश : आइसलैंड, वेस्ट इंडीस

iii) मध्य भूखंडीय क्षेत्र : इटली, स्पेन, फ्राँस, यूनान, टर्की इत्यादि।

iv) प्रमुख द्वीप : हवाई द्वीप, इंडोनेशिया आदि

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



भू कंपन की क्रियाएं

**भूकम्प :** पृथ्वी के अंदर के भूकवच या मैटल में अचानक से हुए कवचीय चट्टानों के तीव्र चलन की वजह से भू-सतह पर होनेवाली हलचल, कंपन या कंपनों की शृंखला को भूकंप कहते हैं।

भूकम्प की प्रबलता भू-सतह केन्द्र के पास अत्यधिक होती है और भू-सतह केन्द्र से बढ़ती दूरी के साथ कम होती जाती है। अगर भूकंप का अंतःकेंद्र भूमि के सतह के पास होता है तो भूकम्प के प्रभाव और भी अधिक प्रबल हो जाते हैं। पृथ्वी के अंदर के भूकम्प के उगम स्थान को अंतःकेन्द्र कहते हैं। अंतःकेन्द्र से सीधा ऊपर भूमि की सतह पर स्थित बिन्दु को भूकम्प का भू-सतह केन्द्र (epicentre) कहते हैं।

भूकम्प के वैज्ञानिक अध्ययन को भूकम्प विज्ञान कहते हैं । भूकम्प तरंगों का उद्गम (मूल) स्थान, समय, वेग और दिशा को भूकम्प मापक नामक उपकरण से मापा जाता है।

**भूकम्प के कारण**

**भू-रचना कारण :** पृथ्वी का भू-कवच विविध छोटे और बड़े शिला-फलकों से बना है। ये फलक अस्थिर होते हैं। इन फलकों की सीमाएँ बहुत गतिशील होती हैं, भूकम्प गतिविधियों का प्राथमिक स्थान होती है। (उदाहरण : प्रशांत सागर का वृत्तीय क्षेत्र)

ज्वालामुखी विस्फोट ज्वालामुखी विस्फोट के दौरान होने वाले गैसों के विस्फोट से भूकम्प होते हैं। उदाहरण इण्डोनेशिया का क्राकाटोआ ज्वालामुखी।

**स्तरभंग:** कभी-कभी पृथ्वी के अंदर के फलकों के तीव्र चलन के कारण अचानक कोई भू-सतह धँस जाती है या कोई नया भू-स्वरूप उभर कर आता है, ऐसे में कई बार पृथ्वी की सतह भंग हो जाती है (चटक जाती है) ऐसे भंगित सतहों के पास जब फलकों का चलन होता है तो भूकम्प होते हैं । (उदाहरण : अमेरिका के केलीफोर्निया में स्थित सॉन एण्ड्रीयास स्तरभंग प्रदेश)

**मानव निर्मित कारण:** मानव का प्रकृति के साथ आवश्यकता से अधिक कार्यशील होना भी भूकम्प का कारण बन जाता है। जैसे- अधिक गहराई में खनन, बहुत बड़े बाँध



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

या जलाशय बनाना, अणु परीक्षा करना इत्यादि। उदाहरण महाराष्ट्र में कोयना बाँध, अमेरिका का हूवर बाँध ।

**भूकंप तरंगें:** भूकम्प के अंत:केन्द्र में भूकम्प तरंगें निर्मित होकर भू-सतह केन्द्र की ओर लहरें की तरह वृत्ताकार में चलती हैं। भूकम्प तरंगे तीन प्रकार की होती है।

**1. प्राथमिक तरंगें :** प्राथमिक तरंगें लंबी तथा अत्यंत वेग से चलती हैं। इसे दबाने वाली तरंगें भी कहते हैं। प्राथमिक तरंगें भूकम्प के अंत: केन्द्र से भू-सतह केन्द्र पर सबसे पहले पहुँचती हैं। ये तरंगे ठोस, द्रव और गैस सभी पदार्थों में से गुज़र सकती हैं।

**2. द्वितीय तरंगें:** द्वितीय तरंगों को अनुप्रस्थ तरंगें कहते हैं। ये तरंगे पानी से होकर नहीं गुज़र सकती हैं। ये प्राथमिक तरंगों के बाद भू-सतही केन्द्र पहुँचती हैं।

**3. भू-सतही तरंगें:** भू-सतह तरंगें केवल भू-सतह पर चलती हैं। इन्हें लंबी तरंगें भी कहते हैं। ये तरंगें भूकम्प तरंगों में से सबसे धीरे चलती है, पर भू-सतह पर सबसे अधिक विनाशकारी होती हैं।

*भूकम्प के परिणाम और तीव्रता को रिक्टर पैमाने में मापा जाता है।*

**भूकम्प के परिणाम:** भूकम्प विनाशकारी होते हैं। इनसे अपार मृत्यु (जनहानि), सम्पत्ति का विनाश होता है। भूकम्प से कई बार भू-स्खलन, बाढ़ इत्यादि भी होते हैं जो जान-माल की हानि को और अधिक बढ़ा देते हैं। भूकम्प से इमारतें, पुल, रास्ते इत्यादि सबको नुकसान पहुँचता है।

**सुनामी (Tsunami) :** सागर या समुद्र के तल के पास होनेवाले भूकम्प से बहुत बड़ी (दैत्याकारी) तरंगें उठती हैं, इन्हें सुनामी कहते हैं। यह एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है ''बंदरगाह तरंगें'' - समुद्र तट पर आने वाली बहुत बड़ी तरंगें।

**क्या आप जानते हैं ?**

*1. 26 दिसंबर 2004 को हिन्द महासागर में आए सुनामी ने इंडोनेशिया, भारत, श्रीलंका, थाइलैंड इत्यादि देशों के समुद्र तटीय प्रदेशों को अत्यधिक हानि पहुँचाई थी।*

*2. 11 मार्च 2011 को प्रशांत महासागर में आए सुनामी ने जापान के पूर्वी समुद्र तटीय प्रदेशों को बहुत हानि पहुँचाई। इनमें फुकुशिमा, सेडाई, मियागी इत्यादि प्रदेश प्रमुख हैं।)*

*3. भारत में स्थित कुछ भूकम्प मापन केन्द्र: गौरीबिदनूर (कर्नाटक), कोडैकेनाल (तमिलनाडु), पुणे (महाराष्ट्र), हैदराबाद (आंध्र-प्रदेश), देहरादून (उत्तरांचल) हैं।*

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**भूकम्प वलयों का वितरण :**

- प्रशांत महासागर के आसपास के तटीय प्रदेश- न्यूजीलैंड, फिलीपीन्स, जापान, अमेरिका, पेरु इत्यादि।
- मेडिटरेनियन समुद्र तटीय प्रदेश
- भारत के हिमाचल पर्वत प्रदेश (शिवालिक प्रदेश)




भूकंप और ज्वालामुखी प्रदेश

©KTBS Not to be republished

## बाह्य बल (Exogenic forces)

बाह्य बल पृथ्वी के बाहर की वे प्राकृतिक शक्तियाँ हैं, जो पृथ्वी के भू-स्वरूप को बदलती रहती हैं। कुछ प्रमुख बाह्य बल हैं - तापमान, हवाएँ, हिमपात, वर्षा, नदियाँ, हिमनदियाँ इत्यादि।

शिथिलीकरण : वायुमंडल में स्थित कारकों (तापमान, वर्षा, हवाएँ इत्यादि) के द्वारा चट्टानों के टूटने, क्षीण होने या विघटन को शिथिलीकरण कहा जाता है। शिथिलीकरण तीन प्रकार के होते हैं। वे हैं :

**1. यांत्रिक शिथिलीकरण:** जब चट्टानें बिना किसी रासायनिक बदलाव के टूटती या विघटित होती हैं, उसे यांत्रिक अथवा भौतिक शिथिलीकरण कहते हैं। भौतिक शिथिलीकरण की प्रमुख क्रियाएँ हैं - कणीय विघटन, शिला (खंड) विघटन, परतीय विघटन। यांत्रिक शिथिलीकरण के कारक हैं - तापमान, हवाएँ, ठंडी (हिम) इत्यादि।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**2. रासायनिक शिथिलीकरण:** वर्षा के पानी में घुले हुए पदार्थों की क्रिया से होनेवाले शिथिलीकरण को रासायनिक शिथिलीकरण कहते हैं। इस प्रकार के शिथिलीकरण में चट्टानों में उपस्थित खनिजों की संयोजना बदल जाती है। रासायनिक शिथिलीकरण चार प्रकार के होते हैं। वे हैं :

- **ऑक्सीकरण:** इस तरह के रासायनिक शिथिलीकरण में वर्षा जल में उपस्थित आक्सीजन चट्टानों में स्थित खनिजों, विशेषकर लोहे के साथ मिलकर ऑक्साइड बनाते हैं ।
- **कार्बोनीकरण :** जब वर्षाजल चूने के पत्थरों पर पड़ता है, पत्थरों में उपस्थित कैल्शियम कार्बोनेट वर्षाजल में उपस्थित कैल्शियम कार्बोनेट वर्षाजल से कार्बन डाइऑक्साइड को सोख लेता है और कैल्शियम बाइ-कार्बोनेट बन जाता है।
- **हैड्रीकरण :** इस प्रक्रिया में चट्टानों में उपस्थित कुछ खनिज पानी को सोख लेते हैं और चूर-चूर हो जाते हैं। उदाहरण - फैल्डस्पार ।
- **विलीनीकरण:** जब वर्षाजल कुछ चट्टानों पर पड़ता है, वह उसमें उपस्थित कुछ खनिजों को अपने साथ घोल लेता है।

**उदाहरण:** जिपसम, नमक, फास्फ़ेट इत्यादि ।

**3. जैविक शिथिलीकरण:** पौधों, प्राणियों और मनुष्य द्वारा चट्टानों के टूटने को जैविक शिथिलीकरण कहते हैं। इस प्रकार के शिथिलीकरण में भौतिक और रासायनिक दोनों प्रकार के शिथिलीकरण होते हैं :

- **पौधे :** पौधों की जड़ें बढ़ते हुए विस्तृत होती हैं और इस प्रक्रिया में पत्थरों को चूर कर देती हैं ।
- **प्राणी:** भूमि में बिल बनाने वाले प्राणी, खरगोश, चूहे, केंचुआ इत्यादि।
- **मनुष्य:** खनन, पत्थर की खान, निर्माण कार्य इत्यादि ।

## भू-अनाच्छादन (Denudation)

**भू-अनाच्छादन:** विविध प्रकार की प्राकृतिक शक्तियों के द्वारा पृथ्वी के भू-स्वरूप को बदलने के कार्य को भू-अनाच्छादन कहते हैं। भू-अनाच्छादन के कारक हैं : नदियाँ, हिमनदियाँ, अंतर्जल, हवाएँ, समुद्र की लहरें इत्यादि। ये कारक भू-क्षरण, परिवहन और

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

निक्षेपण का कार्य करते हैं। और इन क्रियाओं से कुछ विशिष्ट भू-स्वरूपों का निर्माण करते हैं।

**नदी:** उद्‌गम स्थान से लेकर समुद्र तक एक निर्दिष्ट मार्ग से होकर बहने वाले पानी की धारा को नदी कहते हैं। नदियाँ भू-अनाच्छादन का एक प्रमुख कारक हैं। जिस स्थान से नदी का उद्‌गम होता है, उसे नदी का मूल स्थान और जहाँ नदी सागर से मिलती हैं, उसे नदी का मुख कहते हैं। एक बड़ी नदी के साथ उसके रास्ते में कुछ छोटी नदियाँ आकर जुड़ जाती हैं, इन्हें उपनदी कहते है। वो जगह जहाँ एक नदी दूसरी नदी से मिलती है, उसे संगम कहते हैं।

**नदी का मार्ग:** एक नदी के उद्‌गम स्थान से लेकर नदी के मुख तक के मार्ग को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। ये तीन चरण हैं : उच्च मार्ग, मध्यम मार्ग, निम्न मार्ग ।




नदी के पात्र के विविध अवस्थाएँ और उनसे संबंधित भू स्वरूप

a) **उच्च मार्ग:** इस चरण में नदी-पर्वतों की तीव्र दलानों से गुज़रती है और घाटियों को अधिक गहरी बना देती है, जिसके फलस्वरूप तंग घाटियों, "V" आकार की घाटियों, झरनों इत्यादि का निर्माण होता है। इस चरण में सबसे अधिक भू-क्षरण होता है।

b) **मध्यम मार्ग:** इस चरण में नदी मैदानों में प्रवेश करती है। यहाँ पर कम ढलान होती है, इसलिए नदी का वेग भी कम हो जाता है। मुख्य नदी के साथ कई उपनदियों के जुड़ जाने से नदी में पानी भी बढ़ जाता है। इस चरण में नदी मुख्य रूप से भू-क्षरण के पदार्थों (तलछटों) का परिवहन करती है और थोड़ा-बहुत निक्षेपण भी करती है। इससे कुछ विशिष्ट, भू-स्वरूपों का निर्माण होता है, जैसे कि : अलुवियल फैन, मियंडर ।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

c) **निम्न वर्ग:** इस चरण में ढलान सबसे कम होती है। इसलिए नदी का वेग भी बहुत कम होता है। इस चरण में नदी का मुख्य कार्य निक्षेपण है। इससे कुछ विशिष्ट भू-स्वरूपों का निर्माण होता है। उदाहरण : बाढ़ मैदान, प्राकृतिक तटबंध, शृंग, सरोवर, डेल्टा (सुन्दरबन डेल्टा, नील डेल्टा)




**नदी संचयन से निर्मित प्रमुख भू स्वरूप**

| |
|---|
| *नदी के कार्य को नदीय चक्र (Fluvial cycle) कहते हैं ।* |

| |
|---|
| ***कुछ प्रमुख तत्व :*** |
| **नदमुख (Estuary):** नदी के समुद्र / सागर से मिलने के स्थान पर बना चौड़ा मुहाना। |
| **डेल्टा:** *नदी के सागर से मिलने के अंतिम चरण में निक्षेप से बने पंखे के आकार के मैदान ।* |

**हिमनदी (Glacier) :** ध्रुवीय प्रदेशों और ऊँचे पर्वतों पर अपार हिमराशि होती है। इस हिमराशि का अपने भार और गुरुत्वाकर्षण के कारण ढलान की ओर खिसकने को हिमनदी कहते हैं।

**हिमनदियों के प्रकार :** हिमनदियों दो प्रकार की होती हैं।

a) भूखंडीय हिमनदी b) पर्वतीय हिमनदी

a) **भूखंडीय हिमनदी :** ध्रुव प्रदेशों में पाए जाने वाले हिम के व्यापक (विस्तृत) चादर की भूखंडीय (महाद्वीपीय) हिमनदी कहते हैं । उदाहरण : ग्रीनलैंड, अंटार्कटिका

b) **पर्वतीय अथवा अल्पाइन अथवा घाटीय हिमनदी:** ऊँचे पर्वतों पर पाए जानेवाली हिमनदियों को पर्वतीय हिमनदी कहते हैं।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

भू-अनाच्छादन के कारक के रूप में हिमनदियाँ भू-क्षरण, संवहन और निक्षेपण का कार्य करती हैं। भू-क्षरण के रूप में हिमनदियाँ मुख्यतः घाटियों के किनारों को काटती हैं। इस फलस्वरूप कुछ विशिष्ट भू-स्वरूपों का निर्माण होता है। उदाहरण : अर्ध-वृत्तीय घाटी, ण-आकार की घाटी, झुकी हुई घाटी, पर्वत मेढ, पर्वत श्रृंग, इत्यादि।



हिमनदी

हिमनदियों का संवहन और विक्षेपण कार्य साथ-साथ चलता है। निक्षेप कार्य से निर्मित कुछ प्रमुक भू-स्वरूप हैं : हिमोढ, हिम टीला, एस्कर, केम्स, हिम प्रवाह मैदान, त्रिकोने मैदान इत्यादि ।

हिमोढ़ हिमनदियों द्वारा अनाच्छादित भू-भाग का सबसे प्रमुख भू-स्वरूप है। हिमोढ़ चार प्रकार के होते हैं :

a) **पार्श्व हिमोढ़:** हिमनदी घाटियों के किनारों पर निक्षेपित चट्टानों का मलबा।

b) **मध्य हिमोढ़:** जब दो पार्श्व हिमोढ़ मिलते हैं तो मध्य हिमोढ़ बनते हैं।

c) **तलीय हिमोढ़:** हिम नदी घाटी के तल पर जमा हुए चट्टानी पदार्थों के तलीय हिमोढ़

d) **अंत्य हिमोढ़:** हिमनदी के अंत में पाई जाने वाले निक्षेप को अंत्य हिमोत्त कहते हैं।

*हिमनदी के कार्य को हिमनदी चक्र (Glacial Cycle) कहते हैं ।*

## अंतर्जल

भूमि के ऊपर गिरनेवाले बारिश के पानी का कुछ भाग रिसकर अंदर चला जाता है। इस तरह भूमि के अंदर की परतों में संग्रहित पानी को अंतर्जल कहते हैं। इस तरह अंतर्जल भूमि के अंदर चट्टानों की विभिन्न परतों से होकर गुजरती है। जो चट्टाने पानी को अपने अंदर से प्रवाहित (बूंद-बूंद करके) होते देती हैं, उन्हें 'छिद्रित चट्टानें' कहते हैं । और जो चट्टानें पानी को अपने अन्दर से प्रवाहित (बूंद-बूंद करके) नहीं होने देती हैं, उन्हें



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

'अछिद्रित चट्टानें' कहते हैं। जो चट्टानें अपने अंदर अपार मात्रा में पानी को समाए हुए होती हैं, उन्हें 'जलीय चट्टानें' कहते हैं। छिद्रित चट्टानें पानी को संग्रहीत करके फव्वारा निर्मित करती हैं। अंतर्जल के प्राकृतिक रूप से बाहर निकलने को फव्वारा कहते हैं।

**फव्वारों के प्रकार**

1. **चिरस्थायी (सदाबहारी) फव्वारा:** ऐसा फव्वारा जिससे पानी निरंतर बाहर निकलता रहता है।
2. **नियतकालिक फव्वारा:** ऐसा फव्वारा जिससे वर्ष के किसी निर्दिष्ट समय पर पानी निकलता है।
3. **गर्म पानी का फव्वारा:** जब गर्म पानी प्राकृतिक रूप से भूमि से बाहर निकलता है उसे गर्म पानी का फव्वारा कहते हैं। ये सामान्यत: ज्वालामुखीय प्रदेशों के पास पाए जाते हैं।
4. **उष्णोत्स:** उष्णोत्स नियमित अथवा अनियमित अंतराल में गर्म पानी और भाप के फव्वारे को बाहर छोड़ते हैं। उदाहरण : अमेरिका के यलो स्टोन नैश्नल पार्क में स्थित ओल्ड फेथफुल गीसर ।
5. **आर्टीसियन कुआँ:** जब अंतर्जल दो अछिद्रित चट्टानों की परतों के बीच संग्रहित होता है, वह स्वाभाविक रूप से बाहर नहीं आ पाता। जब छिद्रित चट्टान तक जाने वाला एक कृत्रिम छेद बनाया जाता है, तब पानी फव्वारे की तरह बाहर निकलता है। इन्हें आर्टीसियन कुआँ कहते हैं। ये सामान्य रूप से ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं।




अर्टिशियन कुआँ



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अंतर्जल भी भू-क्षरण, संवहन और निक्षेपण का कार्य करता है। अंतर्जल का कार्य मुख्य रूप से चूने के पत्थर वाले प्रदेशों में पाया जाता है। अंतर्जल कार्य से निर्मित कुछ प्रमुख भू-स्वरूप हैं - लेपीस, आरपार छिद्र (सिंक होल्स), अंतर-गुफाएँ, आरोही और अवरोही शंकु, कैल्साइट स्तंभ इत्यादि ।



अंतर्जल प्रक्रिया

> ***क्या आप जानते हैं ?***
> **चूने के पत्थर की गुफाएँ**
> 1. कर्नाटक के उत्तर कन्नडा में जानवरों की गुफा, आकल गवि अथवा उलावी गुफा
> 2. आंध्र प्रदेश के वेलं और बोर्रा गुफाएँ

> *अंतर्जल द्वारा निर्मित भू-स्वरूपों को 'कार्सटोपोग्राफी' कहते हैं।*

## हवाएँ/चक्रवात

हवाओं का भू-अनाच्छादन कार्य सामान्य रूप से शुष्क प्रदेशों और रेगिस्तानों में पाया जाता है। जब रेगिस्तानों में तेज़ हवा चलती है, तब तो भू-क्षरण, संवहन और निक्षेपण करके विभिन्न भू-स्वरूप निर्मित करती है। हवाओं के भू-क्षरण से संबंधित प्रमुख भू-स्वरूप हैं - पेडेस्टल चट्टान, इनसेल चट्टान, कुकुरमुत्ता चट्टान (Mushroom rock)

हवाओं के निक्षेपण से बने प्रमुख भू-स्वरूप : रेत के टीले, लोयस मैदान, बरखान (अर्ध-चंद्राकार रेतीला पहाड़)



अर्ध चंद्राकृति का बालू का टीला

बरखान अर्थात् अर्ध-चन्द्राकार रेत के टीले सामान्य रूप से रेगिस्तानों में पाए जाते हैं। रेगिस्तान के किनारों पर पाए जानेवाले रेत के छोटे-छोटे कणों से बने मैदानों को लोयस मैदान कहते हैं। उदाहरण : चीन का लोयस मैदान (पीले रेत के बारीक कणों से बना मैदान )।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

*चक्रवातों के अनाच्छादन कार्य चक्रवाती आवर्तन (Acolian cycle) कहते हैं ।*

**समुद्र की लहरें:** भू-अनाच्छादन के विभिन्न कारकों की तरह समुद्र की लहरें भी एक प्रमुख बाह्य शक्ति है। समुद्री लहरें समुद्र के पानी को नियमित उतार-चढ़ाव को कहते हैं। समुद्री लहरों का कार्य समुद्र तटीय प्रदेशों में मुख्य रूप से पाया जाता है। समुद्री लहरों द्वारा निर्मित विशिष्ट भू-स्वरूप हैं - खड़ी चट्टान, समुद्रीय गुफा, समुद्री ढेर, समुद्र कमान, समुद्री उच्च स्थाव, रेत के टीले, समुद्र तट, लगून इत्यादि ।




समद्र की तरंग

## अभ्यास

**I. सही शब्द लिखकर खाली स्थान भरो :**

1. भूखंडीय कवच को __________ भी कहते हैं।
2. ज्वालामुखी के गहरे विस्तृत मुखद्वार को __________ कहते हैं।
3. भूकम्प तरंगों में से सबसे विनाशकारी तरंगे __________ हैं।
4. आरोही और अवरोही शंकु सामान्यत: __________ के अनाच्छादन से निर्मित होते हैं।
5. समुद्र के रेतीले तट __________ कार्यों से बनता है।

**II. नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. पृथ्वी की तीन प्रमुख परतों के नाम लिखिए ।
2. विस्फोट की आवृत्ति के आधार पर ज्वालामुखी के तीन प्रकारों के नाम लिखिए।
3. विश्व के प्रमुख भूकम्प प्रदेशों के नाम लिखिए ।
4. शिथिलीकरण क्या है? शिथिलीकरण के तीन प्रकार के नाम लिखिए।
5. नदी के कार्य से सम्बन्धित मुख्य भू-स्वरूपों के नाम लिखिए ।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**III. जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. सैमा | अ) भूकम्प |
| 2. रेतीला पत्थर | आ) पीले रेत के कण |
| 3. भू-सतही केन्द्र | इ) सागरीय कवच |
| 4. उष्णोत्स (गीसर) | ई) तलछटी चट्टान |
| 5. लोयस मैदान | उ) अंतर्जल |

**IV. नीचे दिये गए पदों की परिभाषा लिखिए :**

1. जलीय चट्टान
2. पैसिफिक अग्नि वृत्त
3. यांत्रिक शिथिलीकरण
4. चट्टानी निचय
5. कार्बनीकृत चट्टानें
6. सुनामी
7. भूखंडीय हिमनदी
8. गर्म पानी का फव्वारा

**V. कुछ प्रमुख पद :**

1. निफे (Nife)
2. चूरे से युक्त और मृण्मय चट्टानें
3. भूरचना शक्तियाँ
4. पर्वतीय हिमनदी
5. चक्रवाती आवर्तन
6. समुद्री तट

**VI. क्रियाकलाप :**

1. अपने आस-पास के स्थानों पर पाए जाने वाले पत्थरों चट्टानों के अंश को संग्रहित कीजिए और नामांकित कीजिए।
2. पास के झरने को देखने जाइए और उसके निर्माण के बारे में जानकारी हासिल कीजिए।

❖❖❖



©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# अर्थशास्त्र

## अध्याय - 1

## अर्थशास्त्र का परिचय

**इस अध्याय द्वारा निम्नलिखित अंशों की जानकारी प्राप्त करते हैं।**

- अर्थशास्त्र का अर्थ तथा अर्थशास्त्र की आधारभूत परिकल्पनाएँ
- अर्थशास्त्र के अध्ययन का महत्व
- मूल आर्थिक समस्याओं को विवरण देनेवाले आर्थिक क्रियाकलाप
- सूक्ष्म तथा विशाल अर्थशास्त्र के अंतर

### अर्थशास्त्र का अर्थ तथा महत्व

हमारे दैनंदिन जीवन में हम अनेक वस्तुओं का उपयोग करते रहते हैं। उन्हें सामग्रियाँ तथा सेवाएँ कहते हैं। सामग्रियाँ भौतिक तथा मूर्त है-जैसे आहार, कपड़े, पुस्तक, साइकिल, फोन, टी.वी-आदि। सेवाएँ अमूर्त हैं। वे भी हमारे उपयोग के लिए आवश्यक हैं। बिजली, परिवहन, शिक्षा, वैद्यकीय, सिलाई, संगीत, मोबाइल, अंतर्जाल आदि हमारी उपयोग करनेवाली सेवाएँ हैं। सामग्रियों तथा सेवाओं का उपयोग प्राप्त करनेवालों को उपभोक्ता और तथा सेवाओं उत्पादन करनेवालों को उत्पादक कहते हैं। इन सामग्रियों तथा सेवाओं को हमारे पास पहुँचानेवाले परिवहनों, व्यापारी तथा दुकानदारों को वितरक कहा जाता है।

हमारेलिए आवश्यक सामग्रियों तथा सेवाओं को हम मूल्य देकर खरीदते हैं। यह धन के रूप में परिवर्तित सामग्रियों तथा सेवाओं का मूल्य है। आवश्यक सामग्रियों को खरीदने के लिए हमें धन चाहिए। यह धन हमें कैसे प्राप्त होता है? इस के लिए हम सब किसी व्यवसाय में लगते है। व्यवसाय से आय (धन) प्राप्त करते हैं। जब हम अपनी आय को खर्च करते हैं तब वह उत्पादक तथा वितरकों का आय बनता है। शांति और सुव्यवस्था को बनाये रखना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार आंतरिक तथा बाह्य सुरक्षा के साथ अच्छी सड़कें, बिजली जैसी मूल सुविधाओं की व्यवस्था करती है। इन सामग्रियों तथा सेवाओं के लिए सरकार कर निर्धारित करती है।

उत्पादक, वितरक और उपभोक्ता के बीच प्रतिदिन संबंध दिखाई देता है। इन सब को आय और खर्च करने के कार्य आर्थिक क्रियाकलाप का मूल अंश है। व्यक्तियों के इन आर्थिक क्रियाकलापों का अध्ययन करनेवाला शास्त्र अथवा उत्पादन, वितरण और सामग्रियों तथा सेवाओं के उपयोगों के बारे में अभ्यास करनेवाला विज्ञान ही अर्थशास्त्र है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

एक महत्वपूर्ण बात यह है कि सभी सामग्रियों तथा सेवाओं को खरीदा नहीं जाता, क्योंकि उन्हें खरीदने के लिए हमारे पास धन सीमित है। इसलिए आवश्यकतानुसार आवश्यक वस्तुओं को स्थान देकर कम आवश्यक वस्तुओं को अगला स्थान देते हैं। इसलिए चलचित्र की तुलना में आहार का स्थान महत्वपूर्ण है; ट्रैक्टर से पहले बीज और खाद का स्थान महत्वपूर्ण होता है। इस प्रकार इच्छाओं को अधिक अथवा कम महत्व देकर वर्गीकरण करने को प्राथमिकता प्रदान करना कहते है। प्राथमिक वस्तुओं के लिए अधिक धन का व्यय करते हैं। संसाधनों की कमी रहने पर हम अधिक आवश्यक इच्छाओं को चुनते हैं अथवा उनके महत्व के आधार पर सूची तैयार करते हैं। इसलिए अभाव और चुनाव हम सब की मूलभूत समस्याएँ हैं, ये अर्थशास्त्र की भी प्रमुख समस्याएँ हैं।

यह जानिए: मानलीजिए आपके पास 20 रुपये हैं। आपके शिक्षक ने एक पुस्तक खरीदने के लिए कहा है। आप एक नई फिल्म देखना चाहते हैं। सिरदर्द के लिए दवा भी खरीदना चाहते हैं। आपको घर जाना है और आप भूखे भी हैं। 20 रुपयों से सभी आवश्यकताओं को पूर्ति करना, संभव नहीं है। इसलिए आप अपनी इच्छाओं को प्राथमिकता देते हैं। अर्थात् पहले-आप कुछ खाते हैं, बाद में सिरदर्द के लिए गोलियाँ खरीदते हैं और घर जाने के लिए रूपयों का उपयोग करके पुस्तक खरीदना और फिल्म देखने की इच्छा को आगे टालते हैं। यही अभाव और चुनाव है।

©KTBS Not to be republished

''लोग अपनी असीमित इच्छाओं को तृप्त करने के लिए सीमित अथवा अभाव संसाधनों का उपयोग कैसे करते हैं'' - इसे जाँचनेवाला समाज विज्ञान ही अर्थशास्त्र है कई परिभाषाएँ होने पर भी यह अर्थशास्त्र की मूलभूत समस्याओं का विवरण देती है।.

**अर्थशास्त्रज्ञों द्वारा अर्थशास्त्र की परिभाषाएँ:**

''संपत्ति का अध्ययन करनेवाला विषय ही अर्थशास्त्र है।'' -आडम् स्मिथ (1776) (अर्थशास्त्र के पितामह)

''लोगों के सामान्य जीवन के व्यवहारों को अर्थशास्त्र अध्ययन करता है।'' - आलफ्रेड मार्शल (1890)

''विविध उपयोगी, अभाव के संसाधनों और मानव की अपरिमित इच्छाओं के संबंध में मानव के व्यवहार का अध्ययन करनेवाला विज्ञान ही अर्थशास्त्र है।'' - लियोनिल राबिन्स (1932)

''विविध समाज अभाव के संसाधनों उपयोग करके उपयोगी सामग्रियों का उत्पादन करके उन्हें लोगों में कैसे वितरण करते हैं - इसे अभ्यास करनेवाला विषय ही अर्थशास्त्र है''।- पाल.ए. सेम्युअलसन (1948)



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अर्थशास्त्र अंग्रेजी के एकनामिक्स शब्द का हिंदी रूप है, जो ग्रीक शब्द ओकोस अर्थात् परिवार और नोमोस अर्थात् व्यवस्था (प्रबंध) से आया है। इस प्रकार अर्थशास्त्र परिवार व्यवस्था (प्रबंध) का संकेत देता है और वह परिवार की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए परिवार की प्रगति को उपलब्ध संसाधनों के उपयोग करने का संकेत देना है। इसी नियम को सारे समाज पर लागू करने से लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए और आर्थिक वृद्धि को समाज कैसे अपने संसाधनों का उपयोग करता है - यह अर्थशास्त्र अध्ययन का विषय बनता है। विविध आर्थिक क्रियाकलाप के संघटनों को आर्थिक व्यवस्था कहते हैं।

**अर्थशास्त्र के अध्ययन का महत्व**

व्यक्ति तथा समाज के लिए अर्थशास्त्र का अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है। अर्थशास्त्र का अध्ययन निम्नलिखित कार्यों के लिए सहायक है।

- असीमित इच्छाओं के संदर्भ में संसाधनों के अभाव को मान्यता देता है।
- संसाधनों के उपयोग करने में प्राथमिकता देकर उनमें कौनसा अधिक महत्व का है और कौनसा कम महत्व का है। - पहचानता है।
- संसाधनों का उपयोग करते समय किफायत करना और संसाधनों के उपयोग करते समय दक्षता का मार्ग ढूँढ़ना।
- प्रत्येक व्यक्ति उपने परिवार और राष्ट्र की उन्नति के लिए आर्थिक क्रियाकलाप में भाग लेना।
- सरकार के आय के लिए योगदान देना और सरकार के विकासात्मक और कल्याण कार्यक्रम के लिए सहायता पहुँचाना।
- राष्ट्र की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं जैसे-गरीबी, बेरोजगारी, मुद्रास्फीति ादि जानने में और उनके लिए समाधान देने के लिए प्रयत्न करना।
- राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए नीति निर्धारण कर अनुष्ठान करने के लिए मार्गदर्शन करना।

| |
|---|
| अर्थशास्त्र का अध्ययन केवल ज्ञान का विकास ही नहीं करता वल्कि लाभदायक भी है। - ए.सी.पीगू |

**आर्थिक क्रियाकलापः**

हमारे दैनंदिन जीवन में उपयोग करनेवाले सामग्रियों और सेवाओं का वितरण सीमित है और वे मुफ्त में मिलती भी नहीं हैं। उन्हें खरीदने के लिए हमें धन देना पड़ता है। ऐसी सामग्रियों और सेवाओं को आर्थिक सामग्रियाँ और सेवाएँ कहते हैं। हम अपने कौशल और श्रम से धन की कमाई करते हैं और उस धन से अपनी इच्छाओं को तृप्त करते हैं। अपनी इच्छाओं को तृप्त करने के लिए हम विविध क्रियाकलाप करते हैं। इन्हें आर्थिक क्रियाकलाप कहते हैं।

Not to be republished ©KTBS



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**इन आर्थिक क्रियाकलापों को हम चार भागों में बाँट सकते हैं।**

1) उत्पादनः सामग्रियों और सेवाओं को उत्पादन करनेवाले कार्य ही उत्पादक क्रियाकलाप हैं। उदाहरण के लिए: कृषि, पशुपालन, मछली पकड़ना (मत्स्योद्यम), खनन (mining) अरण्याभिवृद्धि, विविध प्रकार के उद्योग, परिवहन, संपर्क- आदि

2) उपयोगः सामग्रियों और सेवाओं का उत्पादन मानव के उपयोग के लिए होता है। इन्हें मानव अपनी इच्छाओं को तृप्त करने के लिए खरीदता है। इन सब क्रियाकलापों को उपभोग क्रियाकलाप कहते हैं।

3) विनियमः उत्पादकों से उत्पादित सामग्रियों और सेवाओं को उपभोक्ता तक पहुँचाने के लिए बाजार की व्यवस्था रहती है। इस व्यवस्था में सामग्रियों का संग्रहण, परिवहन, बेचने और खरीदने के कार्य होते हैं।

4) वितरणः सामग्रियों और सेवाओं के उत्पादन से प्राप्त लाभ को उत्पादन के लिए सहयोग देनेवाले उत्पादनांगों (भूमि, श्रम, पूँजी, उद्योग-उपक्रम अथवा संघटन) का वितरण करना पड़ता है। इस प्रक्रिया में उत्पादनांगों का मूल्य निर्धारण होता है। प्राप्त आय को उचित ढंग से सभी उत्पादनांगों को वितरण करने का कार्य करना पड़ता है।

अनेक क्रियाकलाप कभी-कभार आर्थिक न होने पर भी बाद में ये आर्थिक क्रियाकलाप के रूप में परिवर्तित हो सकते हैं। उदाहरण के लिए एक शिक्षक छात्रों को घर में निःशुल्क अध्यापन करने से वह आर्थिक क्रियाकलाप नहीं हो सकता लेकिन वही शिक्षक उस अध्यापन के लिए शुल्क निर्धारित करे तो वह आर्थिक क्रियाकलाप होता है।

## सूक्ष्म और बृहत् अर्थशास्त्र

अर्थिशास्त्र मानव के आर्थिक क्रियाकलापों का अध्ययन करने से वह बृहत् (विशाल) विषय बन चुका है। विविध आर्थिक क्रियाकलापों का अध्ययन करने के दृष्टिकोण से अर्थशास्त्र को सूक्ष्म अर्थशास्त्र (मैक्रो) और बृहत् अर्थशास्त्र (म्याक्रो)- के रूप में दो भाग कर सकते हैं।.

**सूक्ष्म अर्थशास्त्रः** सूक्ष्म (मैक्रो) का अर्थ है छोटा। सूक्ष्म अर्थशास्त्र अत्यंत छोटी इकाइयों के आर्थिक क्रियाकलापों का अध्ययन करता है। अर्थशास्त्र में सामग्रियों और सेवाओं के उपयोग करने के संबंध में निर्धारण लेना होता है। समाज की अत्यंत छोटी इकाई व्यक्ति, परिवार और व्यापारिक कंपनी जैसे संसाधनों के उपयोग संबंधी निर्धार लेने के अध्ययन सूक्ष्म अर्थशास्त्र करता है।

1) इच्छाओं की आपूर्ति के लिए हम सामग्रियों और सेवाओं को खरीदते हैं। एक उपभोक्ता को उपभोग से अधिकतम तृप्ति प्राप्त करने कि दृष्टि से इन निर्धारणों को लेना पड़ता है कि आप कौनसी इच्छा की आपूर्ति करते है? किसी सामग्री अथवा सेवा के लिए



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कितना मूल्य देना चाहते है? आप कितने घंटों तक कहाँ काम करने के लिए तैयार हैं? - आदि

2) सामग्रियों और सेवाओं की एक उत्पादन संस्था अपनी सामग्रियों और सेवाओं को बेचने के लिए मूल्य निर्धारण करना पड़ता है। निम्नतम खर्च में उत्पादन करने के लिए उत्पादनांशों का निर्धारण करना पड़ता है।

3) सूक्ष्म अर्थशास्त्र की एक और विषय वस्तु है- बाजार में खरीदनेवाले और बेचनेवालों के बीच के आपसी संबंध से मूल्य निर्धारण होता है। वे आपस में कैसे व्यवहार करते हैं? किस आधार पर आपस मे मूल्य निर्धारण करते हैं?

बृहत् अर्थशास्त्रः बृहत् (म्याक्रो) का अर्थ होता है बड़ा या विशाल। एक व्यक्ति की तुलना में समाज अथवा राष्ट्र या अर्थ व्यवस्था बृहत् है। कुछ निर्धारण अर्थ व्यवस्था के स्तर पर लेना पड़ता है। सारी आर्थिक व्यवस्था के स्तर पर लेनेवाले आर्थिक निर्धारण बृहत् अर्थशास्त्र की विषय वस्तु हैं। सारी आर्थिक व्यवस्था पर प्रभाव डालनेवाले आर्थिक निर्धारण जैसे कर वसूली, सार्वजनिक सामग्रियाँ और कल्याणकारी क्रियाकलापों पर खर्च करनेवाले धन, मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, आर्थिक प्रगति की उन्नति - आदि बृहत् अर्थशास्त्र की व्याप्ति के अंतर्गत आते हैं। इन निर्धारणों को प्रायः सरकार लेती है।

सूक्ष्म अर्थशास्त्र एक व्यक्ति के बेचने-खरीदने के व्यवहार से संबंध रखता है। खरीदनेवाले के दृष्टिकोण से सामग्रियों और सेवाओं पर करनेवाला व्यय उस उपभोक्ता का व्यय होता है। इसी प्रकार सभी व्यक्ति के उपभोक्ता व्यय को समेकित करने पर हमें कुल उपभोक्ता व्यय प्राप्त होता है। इसी प्रकार सभी व्यक्तियों के आय को समेकित करने से कुल आय अथवा राष्ट्रीय आय प्राप्त होता है। इस समग्र अंश के राष्ट्रीय आय, राष्ट्र के कुल उपभोक्ता व्यवय-आदि बृहत् अर्थशास्त्र के दूसरे अंग है। इसके कारण, प्रभाव और उसके नियंत्रण के साधन के बारे में बृहत् अर्थशास्त्र अध्ययन करता है। इसी प्रकार बेरोजगारी, आर्थिक प्रगति और विकास - आदि सारे राष्ट्र पर प्रभाव डालने के कारण ये भी बृहत् अर्थशास्त्र के अंग बन गये हैं। इस प्रकार ये दोनों विभाग महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

©KTBS Not to be republished

### यह जानिए

सूक्ष्म अर्थशास्त्र एक वन के एक पेड़ का अध्ययन करता है तो बृहत अर्थशास्त्र सारे वन का अध्ययन करता है; सूक्ष्म अर्थशास्त्र एक कीट की दृष्टि रखता है तो बृहत अर्थशास्त्र आर्थिक व्यवस्था की विहंगम दृष्टि रखता है।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## मूल आर्थिक समस्याएँ

अर्थशास्त्र में संसाधनों के अभाव से समस्याएँ पैदा होती है और वे उचित विकल्प चुनने के लिए प्रभाव डालती हैं। यह सूक्ष्म और बृहत दोनों तत्व अर्थशास्त्र में हैं। इस दिशा में अर्थशास्त्र निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयत्न करता है।

1) क्या उत्पादन करना चाहिए? एक व्यक्ति अथवा एक समाज किन सामग्रियों और सेवाओं का उत्पादन करना है - इसे निर्धारण करना पड़ता है। जैसे क्या आहार धान्यों का उत्पादन करे या शस्त्रास्त्र? क्या कृषिसामग्रियों का उत्पादन करे या औद्योगिक सामग्रियाँ का? क्या शिक्षा के लिए महत्व दिया जाय या स्वास्थ्य का? क्या उपभोक्ता के लिए उत्पादन करे या यंत्रोपकरणों का? सामग्रियों के उत्पादन के ढंग और परिमाण एक और संसाधनों की प्राप्यता और दूसरी और लोगों की आवश्यकता पर निर्भर है।

2) कैसे उत्पादन करें? निश्चित सामग्री के उत्पादन के लिए अनेक मार्ग हैं। इस के लिए उत्पादनांग और विविध संसाधनों का संमिश्रण कर सकते हैं। इसे उत्पादन-तकनीक कहते हैं। अधिक श्रम की तकनीक अथवा अधिक पूँजी उपयोग तकनीक- इन में कौनसा तकनीक उपयोग करे इसे समाज निर्धारण करता है। यह न्यूनतम उत्पादन व्ययौर प्राप्त संसाधनों के दक्ष उपयोग के लिए अत्यंत आवश्यक है।

3) किनके लिए उत्पादन करें: उत्पादित सामग्रियों को कौन प्राप्त करते हैं? और किस परिमाण में प्राप्त करते हैं? यह वितरण से संबंधित विषय है। हर एक व्यक्ति न्यूनतम परिमाण की सामग्रियों और सेवाओं की प्राप्ति करें। उदाहरण के लिए आहार की प्राप्यता, मूलभूत शिक्षा अथवा प्राथमिक आरोग्य - आदि। इसलिए हर एक समाज अभाव के संसाधनों और सामग्रियों तथा सेवाओं को लोगों के उपयोग के लिए वितरण करने का निर्धारण करना चाहिए।

इसलिए अर्थशास्त्र का अध्ययन संसाधनों के आजकल का उपयोग और भविष्य में उनके सक्षम उपयोग के लिए योजना तैयार करने के लिए सहायक है। सामन्य रूप से अर्थशास्त्रज्ञ सरकार को इस विषय से संबंधित सुझाव देते हैं। इसके द्वारा व्यक्ति और राष्ट्र के कुशाल क्षेम में सुधार ला सकते हैं।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

### I. रिक्त स्थानों को उचित शब्दों से भरिये।

1. अर्थशास्त्र शब्द ग्रीक मूल के ..... और..... पदों से आया है।
2. ..... और.... अर्थशास्त्र की मूल समस्याएँ है।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

3. .... देकर करनेवाले क्रियाकलापों को आर्थिक क्रियाकलाप कहते हैं।
4. सूक्ष्म अर्थशास्त्र..... इकाइयों का अध्ययन करता है।
5. बृहत अर्थशास्त्र ..... इकाइयों का अध्ययन करता है।

## II. निम्नशास्त्र किसे कहते हैं?

1. अर्थशास्त्र किसे कहते हैं?
2. अभाव शब्द का स्पष्ट कीजिए।
3. विविध आर्थिक क्रियाकलापों की सूची तैयार कीजिए।
4. यदि आप एक पेन (pen) खरीदते हैं तो अर्थशास्त्र की कौनसी शाखा आपके निर्धारण का विश्लेषण करता है?
5. सूक्ष्म अर्थशास्त्र किसे कहते हैं?

## III. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए।

1. आर्थिक क्रियाकलाप कौन-कौन से हैं?
2. हमें अर्थशास्त्र का अध्ययन क्यों करना चाहिए?
3. सूक्षम और बृहत अर्थशास्त्र का अंतर समझाइए।
4. मूल आर्थिक समस्याएँ कौन-कौन से हैं?
5. सरकार कौन-कौन से प्रमुख आर्थिक निर्णय लेती हैं?

## IV. क्रियाकलाप के लिए सुझाव

1. आपके घर के सदस्यों के आर्थिक क्रियाकलापों की सूची बनाइए।
2. आपके आस पड़ोस लोगों के आर्थिक क्रियाकलापों की सूची तैयार कीजिए।
3. आपसे प्रतिदिन उपभोग होनेवाली वस्तुओं की सूची बनाइए।
4. किसान कैसे अपनी पैदावार करने और उसके लिए उपयोग करनेवाले विविध उत्पादन के बारे में निर्णय करते हैं? इसे अवलोकन कीजिए।
5. आपके विद्यालय के मुख्य शिक्षक से साक्षात्कार करके जानिए कि वे अर्थशास्त्र को कैसे अपनाते हैं?

❖❖❖

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# अध्याय - 2

# अर्थव्यवस्था का अर्थ और प्रकार

**इस अभ्यास में निम्नलिखित अंश जानते है ।**

- अर्थव्यवस्था का अर्थ और प्रकार ।
- आर्थिक व्यव्स्था में भिन्नता और उनके गुणदोष ।
- भारत की आर्थिक संरचना के लक्षण ।
- भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की उपलब्धि ।

अर्थ व्यवस्था समाज के आर्थिक क्रियाकलापों के संघटन स्वरूप दर्शाती है । आपने यह सीखा है कि संसाधनों के अभाव में सामग्रियों को खरीदकर इच्छाओं की आपूर्ति करने के लिए आर्थिक क्रियाकलापों में लगना पडता हैं । इनके स्वरूप और स्तर के आधार पर उनकी आय भिन्न होती है । कुछ क्रियाकलापों में (उदा: साफ्टवेयर) आय अधिक रहती है । उसकी आय की गति तेज होती है । पर कृषि जैसे क्रियाकलाप में आय कम और उसकी गति मंद रहती है । तेज गति से चलनेवाली अर्थव्यवस्थावाले देश अन्य देशों की तुलना में तेज गति से विकास करते हैं । संसाधनों के स्वामित्व के आधार पर भी अर्थ व्यवस्था का वर्गीकरण होता है । संसाधन निजी स्वामित्व में हो सकते हैं या सार्वजनिक स्वामित्व के हो सकते हैं । प्रशासनात्मक इकाई के आधार पर भी अर्थ व्यवस्था का वर्गीकरण कर सकते हैं । जैसे ग्राम अर्थ व्यवस्था, जिला अर्थ व्यवस्था, राज्य अर्थ व्यवस्था (उदा : कर्नाटक) और राष्ट्र अर्थ व्यवस्था (उदा : भारत) - इनमें विविध स्तर के विकास हुआ होगा । इस प्रकार की आर्थिक व्यवस्था और उसके विकास स्तर का अवलोकन करने के अनेक मार्ग हैं ।

अर्थ: मानव की इच्छाओं की आपूर्ति करने के लिए मानव निर्मित एक संघटन ही अर्थ व्यवस्था है । ए.जे. ब्रौन के अनुसार लोगों के लिए जीविकोपार्जन का मौका दिलाने के लिए निर्मित व्यवस्था ही अर्थ व्यवस्था है । व्यक्ति जीविकोपार्जन के वास्ते कई क्रियाकलापों में व्यस्त रहता है । ये एक स्थान से दूसरे स्थान, एक समय से दूसरे समय में भिन्न होते हैं । प्राचीन समय में जीविकोपार्जन के स्रोत सरल और सादगी पूर्ण थे । नागरिकता के विकास के साथ वे जटिल होते गये हैं । व्यक्ति के जीविकोपार्जन न्यायसम्मत हो और कानून सम्मत हो ।गैरकानूनी जैसे डकैती, तस्करी आदि से निजी आय बढने पर भी सामाजिक रूप से हानिकारक होने पर उनकी आर्थिक क्रियाकलापों के अंतर्गत मान्यता नहीं रहती है



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

। इसलिए व्यक्ति तथा समाज की कुशलता बढानेवाले आर्थिक संस्थाओं की रूपरेखा को अर्थव्यवस्था कह सकते हैं ।

**अर्थ व्यवस्था की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं :-**

1) एक अर्थ व्यवस्था में अनेक व्यक्ति, आर्थिक संस्थाएँ और सरकार तथा उनके आपसी संबंध होते हैं ।

2) एक अर्थ व्यवस्था में क्रियाशील होकर निरंतर रूप से परिवर्तन होती रहती है । आर्थिक संस्थाएँ निरंतर रूप से संरचित होती रहती है, नष्ट होती है और परिवर्तित होती है। उदाहरण के लिए 1950 में भारत के विकास के लिए सामाजिक, आर्थिक योजनाओं को बनाने के लिए योजना आयोग की रचना की गयी । पर 2015 में उसके स्थान पर नीति आयोग की स्थापना हुई । उसके अनुरूप 1913 में साम्यवाद (कम्युनिजम) अर्थ व्यवस्था अपनाई गई । 1989 में पूँजीवाद से अपनाकर अर्थव्यवस्था परिवर्तित हुई। प्राचीन समय में वस्तु विनिमय पद्धति जारी थी । लेकिन आजकल धन के बिना कोई भी व्यवहार नहीं हो सकता ।

3) उत्पादन, उपयोग और पूँजीनिवेश अर्थ व्यवस्था के प्रमुख क्रियाकलाप हैं ।

4) विविध अर्थ व्यवस्थाओं में आर्थिक क्रियाकलाप निरंतर रूप से परिवर्तित होते रहते है। विकासशील राष्ट्रों में कम आय को देनेवाले प्राथमिक (संसाधनों पर आधारित) क्रियाकलाप दर्शित होते है । लेकिन विकसित राष्ट्रों में द्वितीयक और तृतीयक (उत्पादन और सेवाधारित) क्षेत्र के क्रियाकलाप प्रमुख होते है । ऐसे ही उत्पादन तकनीक भी परिवर्तित होती है ।

5) व्यक्ति उत्पादक और उपभोक्ता दोनों होते हैं । उत्पादक के रूप में सामग्रियों और सेवाओं का उत्पादन करते हैं । और उपभोक्ता होकर उनका उपयोग करते हैं। हम सब उपभोक्ता ही है । लेकिन हमारे बीच में कुछ लोग उत्पादक भी है ।

6) आधुनिक आर्थिक व्यवस्था जटिल तो है ही। व्यक्तियों के क्रियाकलापों को कई संस्थाएँ नियंत्रण करती हैं । इसलिए हम भारतीय रिसर्व बैंक (आर.बि.आइ) भारतीय शेयर विनिमय मंडली सार्वत्रिक बैंक, अंतराष्ट्रीय वित्तीय निधि (आइ.एम.एफ्), विश्व व्यापार संघटन(डब्ल्यु.टि.ओ), सार्क, एशियन अभिवृद्धि बैंक, आदि संस्थाएँ व्यक्तियों और राष्ट्रों के क्रियाकलापों को नियंत्रण करती हैं और प्रोत्साहित करती हैं ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

| | | |
|---|---|---|
| RBI | : | Reserve Bank of India |
| SEBI | : | Securities Exchange Board of India, |
| IMF | : | International Monetary Fund |
| WTO | : | World Trade Organization, |
| SAARC | : | South Asian Association for Regional Co-operation |
| ADB | : | Asian Development Bank |

**पूँजीवाद, समाजवाद और मिश्र आर्थिक व्यवस्थाएँ :-**

अर्थ व्यवस्थाओं को उनके उत्पादन उपलब्धियों के स्वामित्व ही नहीं आर्थिक क्रियाकलापों में सरकार के हस्तक्षेप के परिणाम और नियंत्रण के आधार पर पूँजीवादी, समाजवादी और मिश्र आर्थिक व्यवस्था के रूप में वर्गीकृत कर सकते हैं । इस आर्थिक व्यवस्था के अर्थ, लक्षण, गुण और दोषों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे ।

**पूँजीवादी आर्थिक व्यवस्था :-**

पूँजीवादी व्यवस्था में व्यक्तियों के पास उत्पादन का स्वामित्व रहता है । और उनके सुविधानुसार उपयोग करने में वे स्वतंत्र रहते हैं । इसलिए इसे उद्यम अर्थव्यवस्था कहते हैं । यहाँ आर्थिक क्रियाकलापों में सरकार का हस्तक्षेप बहुत कम रहता है । पूँजीवाद अर्थव्यवस्था के प्रमुख लक्षण निम्नलिखित हैं -

1) निजी संपत्ति : यहाँ व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार संपत्ति को अर्जन करने, प्राप्त करने और वसीयतनामा लिखने के लिए स्वतंत्र होते हैं । इसलिए संपत्ति को अपने लाभ के लिए उपयोग करने से संपत्ति अर्जित करने की और संग्रहित करने की भावना अत्यंत प्रबल होती है ।

2) उद्यम की स्वतंत्रता : पूँजीवाद आर्थिक व्यवस्था में व्यक्ति किसी भी उद्यम को चुन सकता है । व्यवहार संस्थाएँ संसाधनों को प्राप्त करने के लिए और उन्हें किसी भी सामग्रियों और सेवाओं के उत्पादन के लिए उपयोग कर सकती हैं और उन्हें अपनी चुनाव के अनुसार बजार में अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए बेच भी सकती हैं ।

3) उपभोक्ता का आधिपत्य : पूँजीवादी अर्थ व्यवस्था में उपभोक्ता ही अधिपति होता है । वह अपने लिए अधिकतम संतुष्टि देनेवाली सामग्रियों और सेवाओं पर खर्च करने के लिए स्वतंत्र होता है । यहाँ उत्पादन उपभोक्ता की चुनाव के आधार पर ही निर्धारित होता है ।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

4) लाभ का उद्देश्य : पूँजीवादी पद्धति में संपत्ति के स्वामित्व और संग्रहण पर कोई निषेध नहीं है । व्यक्ति अपने हित से निर्देशित होते हैं । पूँजीपति वर्ग न्यूनतम व्यय करके अधिकतम आय और लाभ प्राप्त करना चाहते हैं ।

5) प्रतिस्पर्धा बाजार और मूल्य : पूँजीवादी व्यवस्था में हर एक लाभ प्राप्त करने के लिए और अपने चयन के आधार पर व्यवसाय प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र रहने के कारण तेज प्रतिस्पर्धा रहती है । मूल्य निर्धारण में बाजार की शक्ति मांग और आपूर्ति में मुक्त रूप से कार्य निर्वहण करती है ।

6) सरकार का हस्तक्षेप न होना : पूँजीवादी अर्थ व्यवस्था में मुक्त बाजार की कार्य प्रणाली और मूल्य पद्धति नियंत्रण और निर्णायक होते है । यहाँ सरकार का हस्त-क्षेप नही होता है अथवा अत्यधिक कम परिमाण में होता है ।

जन कल्याण और आर्थिक विकास की वृद्धि में सरकार की सक्रिय भूमिका की आवश्यकता रहने के कारण आर्थिक क्रियाकलापों पर उसका नियंत्रण और हस्तक्षेप क्रमशः बढ गया है। संपूर्ण रूप की पूँजीवाद पद्धति दिखाई नहीं देती । अमेरिका और यूरोप के बहुत से राष्ट्रों में अधिक पूँजीवादी व्यवस्थाएँ हैं ।

**समाजवादी अर्थ व्यवस्था :**

समाज के समग्र हित की वृद्धि करने के लिए सरकार के हाथ में उत्पादक संसाधनों के स्वामित्व और नियंत्रण रहे तो उसे समाजवादी अर्थ व्यवस्था कहते हैं । इस व्यवस्था में सभी के हित के लिए एक केंद्र योजना संस्था योजनाओं को संरचित करती है और आर्थिक क्रियाकलापों को नियंत्रित करती है । समाजवादी अर्थ व्यवस्था की निम्नलिखत विशेषतायें हैं ।

1) उत्पादन और संपत्ति का सामूहिक स्वामित्व : समाजवादी अर्थव्यवस्था में उत्प-ादन, उपकरणों का स्वामित्व जनता की ओर से सरकार लेती है । सभी संपत्ति का स्वामित्व सामूहिक होता है ।

2) सामाजिक कल्याण का उद्देश्य : जन कल्याण को बढाने के लिए सरकार उनकी ओर से निर्णय लेती है । सभी प्रकार के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार उत्पादन परिमाण और उनके वितरण को निर्धारित करती है ।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

3) केंद्रीभूत योजना : राष्ट्र के विकास की प्राथामिकताओं को निर्धारित करके उन्हें उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक संसाधनों के वितरण को आर्थिक योजनाओं द्वारा किया जाता है । राष्ट्र की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को पहचानकर उन्हें उपलब्ध करने के लिए कार्यतंत्रों की रचनाकर समग्र विकास और सभी के कल्याण के लिए उन कार्यतंत्रों के अनुष्ठान के लिए एक केंद्रीय योजना प्राधिकार को रचना की जाती है । यह संस्था राष्ट्र की प्राथमिकता और लभ्य संसाधनों को ध्यान में रखकर संसाधनों का व्यय करती है । प्रस्तुत और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उत्पादन, उपयोग और पूँजी निवेश से संबंधित सभी आर्थिक निर्णय सरकार लेती है । समाजवादी अर्थ व्यवस्था में मूल्य बाजारों की भूमिका संकुचित रहती है ।

4) असमानता का घटाव : समाजवादी अर्थव्यवस्था में निजी संपत्ति के संग्रहण के लिए मौका न रहने के कारण आर्थिक असमानता का घटाव होता है ।

5) वर्ग संघर्ष नहीं रहता है : समाजवादी अर्थ व्यवस्था में सभी लोग सहकर्मी होने के कारण वर्ग संघर्ष नहीं रहता है ।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रूस, चीन तथा पश्चिमी यूरोप के कई राष्ट्रों ने समाजवाद को अपनाया था । लेकिन 1990 के उदारीकरण से इन राष्ट्रों पर भी प्रभाव पडा आज इन राष्ट्रों को भी निजी क्षेत्र मे स्थान मिला है।

**मिश्र आर्थिक व्यवस्था:**

मिश्र आर्थिक व्यवस्था पूँजीवादी और समाजिक अर्थ व्यवस्था के उत्तम अंशों को लिया हैं । पूँजीवादी अर्थ व्यवस्था की मुक्त उद्यमशीलता और समाजवादी अर्थ व्यवस्था के सरकारी नियंत्रण - इनके मिश्रण से बना है । सार्वजनिक और निजी क्षेत्र साथ साथ कार्य निर्वहण करने की निम्नलिखित हैं -

**विशेषताएँ**

1) सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों का अस्तित्व :- लाभ के उद्देश्य से निजी उद्यम और कल्याण के उद्देश्य से सरकार के स्वामित्व के उद्यम दोनों साथ साथ अस्तित्व में आए हैं । निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के कार्यक्षेत्रों को विभाग करके निर्दिष्ट किया जाता है । आमतौर पर अभिवृद्धि प्राप्त करने के लिए अर्थ व्यवस्था के

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

संसाधनों का उपयोग निर्देश देने के लिए सरकार योजनाएँ लागू करती है । इस निजी क्षेत्र के क्रियाकलापों को लाईसेन्स, कर, मूल्य, वित्तीय नीतियों के द्वारा नियंत्रण करती है ।

2) व्यक्तिगत स्वतंत्रता :- व्यक्ति अपनी इच्छानुसार अद्ययन और उत्पादन और उपभोगों को चुनने के लिए स्वतंत्र रहते है । उत्पादक उपभोक्ताओं और मजदूरों को शोषण करने के लिए मौका नहीं रहता है । लोगों के कुशल क्षेमों को ध्यान में रखकर सरकार नीतियों को बनाती है । और निजी क्षेत्रों का नियंत्रण करती है । सरकार के इन नियम, नियंत्रण और निषेधों की रूपरेखा में निजी क्षेत्र से अपने कार्यकलापों में स्वतंत्रता रहती है ।

3) आर्थिक योजना :- अर्थ व्यवस्था की अभिवृद्धि के लिए सरकार विकास योजनाओं को रचना करने के लिए योजना विधान को अपनाती है । और इसके द्वारा निजी और सार्वकालिक क्षेत्रों की भूमिका को निर्धारण करती है । सार्वजनिक क्षेत्र सीद सरकार के नियंत्रण में रहकर उत्पादन के लक्ष और योजनाओं के अनुरूप कार्य करता है । पर निजी क्षेत्र प्रोत्साहक सहारा और सहाय धन के द्वारा पोषित होता है ।

4) मूल्य नीति :- मिश्र अर्थ व्यवस्था में सरकार में सरकार की नीतियाँ मूल्यों पर अधिक प्रभाव डालती है । सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की सामग्रियों अथवा सेवाओं के मूल्य को सरकार ही निर्धारण करती है । उन्हे प्रशासनात्मक मूल्य कहा जाता है । (उदाहरण के लिए भारत में रेल व्यवस्था )

मिश्र अर्थ व्यवस्था के लिए भारत एक अत्युत्तम उदाहरण है । सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कार्यक्षेत्रों सुव्यवस्थित रूप से निर्दिष्ट करके अभिवृद्धि को उपलब्ध करने के लिए आर्थिक योजना एक मुख्य तंत्र बना है । आजकल विश्व के बहुत से राष्ट्रों की आर्थिक अभिवृद्धि में सरकार क्रियाशील भूमिका निभाते हुए मिश्र अर्थ - व्यवस्था की विशेषताओं से युक्त है ।

**अभिवृद्धि स्तर के आधार पर आर्थिक व्यवस्थाओं के प्रकार:-**

अभिवृद्धि स्तर के आधार पर राष्ट्रीय आयों और व्यक्तिगत आयों को ध्यान में रखकर आर्थिक व्यवस्थाओं को दो वर्ग में बाँटा जा सकता है । वे है 1) विकसित अर्थ व्यवस्था और 2) विकासशील अर्थव्यवस्था



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

विकसित राष्ट्रों में अधिक राष्ट्रीय और व्यक्तिगत आय :- अधिक बचत और पूँजीनिवेश होने के कारण अधिक मात्रा में पूँजी यहाँ रहती है । इन राष्ट्रों में अत्युत्तम कुशल और प्रशिक्षित मांनव संसाधन, अत्युत्तम नागरिक सुविधाएँ, अत्युत्तम स्वास्थ्य और सफाई सुविधाएँ हैं और कम जन्मदर, कम मृत्युदर और कम शिशुमृत्यु दर है । ये राष्ट्र सदृढ वित्त व्यवस्था और पूँजी बाजारों विकसित औद्योगिक और सामाजिक मूल सुविधाओं से पूर्ण रहते हैं। विकसित राष्ट्रों में जनजीवन स्तर उन्नत होता है ।

विकासशील राष्ट्र विकास स्तर में पिछडा होता है । उन्हे अनाभिवृद्ध, पिछडा अथवा गरीब राष्ट्र कहते हैं । इन राष्ट्रों की राष्ट्रीय और व्यक्तिगत आय कम होती है । उनमें कम बचत, पूँजी निवेश और पूँजीनिर्माण के साथ पिछडी हुई कृषि और औद्योगिक क्षेत्र है । यह राष्ट्र सामान्यतः प्राथामिक कृषि तथा प्राकृतिक संसाधन आधारित वस्तुओं को निर्यात करते है । संक्षिप्त रूप में कहा जाय तो उनमें कम जनजीवन स्तर, अस्वस्थता और गंदगी अधिक प्रमाण में शिशुमृत्यु, अधिक जन्म और मृत्युदर और दुर्बल मूलभूत सुविधाएँ होती है ।

**मिश्र व्यवस्था के रूप में भारत :-**

सरकार के योजना अनुदान और नियंत्रणों की रूपरेखा के अंतर्गत सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र कार्य निरत भारत मिश्र अर्थ व्यवस्था के लिए एक अत्युत्तम उदाहरण है । भारत अधिक तेज गति से अभिवृद्धि पाने के लिए और सभी वर्ग के लोगों के लिए अत्युत्तम जीवन स्तर दिलाने के लिए स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद मिश्र आर्थिक व्यवस्था को अपनाया । भारत की मिश्र आर्थिक व्यवस्था की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं ।

**विशेषताएँ**

1) सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों का सहअस्तित्व :- भारत सरकार द्वारा 1948 और 1956 में लागू औद्योगिक नीतियाँ सार्वजनिक क्षेत्र में बहुत बडी भूमिका के साथ सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के सह अस्तित्व के लिए मौका दिया गया । सार्वजनिक क्षेत्र में मूल और बृहत उद्योग थे । लेकिन 1990 के बाद उदारीकरण नीतियों से क्षेत्र की व्याप्ति भी विस्तृत हो रही है ।

2) योजनाधारित अभिवृद्धि :- राष्ट्र और लोगों की समग्र अभिवृद्धि के लिए संविधान में निहित राष्ट्र नीति के निर्देशक तत्वों के रूप रेखा के अंतर्गत पंचर्षिक योजनाओं को बनाने के लिए 1950 में योजना आयोग की स्थापना की गयी । योजना आयोग अब तक बारह पंचवार्षिक योजनाओं को, अनेक वार्षिक योजनाओं को तैयार कर



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

भारत की अर्थ व्यवस्था को क्रियाशील बनाये है । 2015 में योजना आयोग के बदले में (National Institution for Transforming India) भारत के परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय संस्था नामक नई संस्था की रचना हुई है ।

भारत की योजनाओं के मुख्य उद्देश्य अ) आर्थिक प्रगति ब) आधुनिकी करण इ) स्वावलंबन ई) सामाजिक न्याय उ) गरीबी निर्मूलन ऊ) पूर्ण रोजगारी और ऋ) मूलभूत आवश्यकता आहार, कपडे, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की पूर्ण आपूर्ति

3) सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका:- भारत की अर्थ व्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र महत्व-पूर्ण भूमिका निभा रहा है । इसने आर्थिक प्रगति को बढाया है । और आय और संपत्ति की असमानता को हटाया है । यह (अ) मूलभूत सुविधाओं की अभिवृद्धि (ब) मूल और बृहत उद्योगों की स्थापना (क) कई पिछडे हुए प्रदेशों में उद्य-ोगों का विस्तरण और (ड) अंतराष्ट्रीय व्यापार के साथ व्यापार और बाजार के क्रियाकलापों को प्रोत्साहन देने वाले कार्यों को महत्वपूर्ण सहयोग दिया है ।

4) निजी क्षेत्र :- केवल उद्योग क्षेत्र ही न होकर कृषि, छोटे उद्योग, व्यापार, आ-वास और भवन निर्माण आदि में अधिक मात्रा के क्रियाकलापों को निजी क्षेत्र का निर्वहण कर रहा है । यह मानव शक्ति के पौने भाग तक व्यवसाय देने का प्रयास करता है । निजी क्षेत्र को नियंत्रण करने के लिए अनेक नीति और नियम जारी में है । लेकिन वैसा प्रतिबंध पहले की तरह अब कठिन नहीं है ।

5) सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में समन्वय :- योजना आयोग के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों साथ में कार्य करते रहे हैं ।

यद्यपि आजकल सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका कम होकर निजी क्षेत्र के क्रियाकलाप विस्तृत हो रहे हैं।

**भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की उपलब्धि :-**

भारत में अर्थ व्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों पर आधिपत्य स्थापना करने के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया । तेज गति की आर्थिक अभिवृद्धि, आर्थिक श्क्ति के केंद्रीकरण को घटाना, संतुलित प्रादेशिक विकास रोजगारों की सृष्टि आयात नियंत्रण और निर्यात के लिए प्रोत्साहन और संसाधनों के सदुपयोग करने के उद्देश्यों से सार्वजनिक क्षेत्र को प्रोत्साहन देने का मुख्य कारण बन गया था ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

सार्वजनिक क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र की कमियों को पूर्ति करते हुए रोजगारों को सृष्टि, संतुलित, प्रादेशिक अभिवृद्धि को प्रोत्साहन देकर राष्ट्र की अर्थ व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण देन है। प्रमुख उत्पादन जैसे इस्पात, बिजली के उत्पादन और पेट्रोलियम उद्यमों में अधिक पूँजी निवेश करके प्रमुख क्षेत्रों पर अत्युत्तम नियंत्रण रखा है ।

दोषपूर्ण मूल्य नीति, राजनीति के अधिक हस्तक्षेप, निर्धारण लेने में, विलंब नीति, अत्यधिक कर्मचारी, जिम्मेदारी का अभाव कार्यकुशलता का पूर्ण उपयोग न करना आदि गंभीर समस्याओं के कारण सार्वजनिक क्षेत्र उत्तम उपलब्धि न प्राप्त कर हानि का अनुभव कर रहा है ।

1980 के बाद उनके कार्यक्रमों में सुधर लाने के लिए अनेक प्रयत्नों को किया गया और 1991 के आर्थिक सुधार क्रमों में सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र की नीति में निजीकरण एक प्रमुख अंश बन गया है । सरकार सार्वजनिक उद्यमों के अपने शेयरों को निजी क्षेत्र के लोगों को बेच रही है । इसे पूँजी निवेश वापस लेना कहते है ।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों का उचित शब्दों से भरिए ।**

1. अर्थ व्यवस्था ........ संघटन स्वरूप से संबंधित है ।
2. नीति आयोग को ............... में संरचित किया गया है ।
3. मुक्त उद्यम ..... अर्थ व्यवस्था का मुख्य विशेषता है ।
4. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के लिए .......... अत्युत्तम उदाहरण है ।
5. सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के सह अस्तित्व को ...... में देखा जा सकता है ।

**II. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर समूह चर्चा करके दीजिए :-**

1. अर्थ व्यवस्था किसे कहते हैं ?
2. पूँजीवाद अर्थव्यवस्था के लक्षणों को समझाइए ?
3. पूँजीवाद अर्थव्यवस्था के दोष कौन कौन से हैं ?
4. योजना किसे कहते है ?



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5. अभिवृद्धि स्तर के आधार पर आर्थिक व्यवस्थाओं को कैसे विभजित किया जाता है ?

6. मिश्र अर्थ व्यवस्था में निजी क्षेत्र के कार्यकलापों को सरकार कैसे नियंत्रित करती है ?

7. पूँजी निवेश वापस लेना किसे कहते है ?

8. भारत की अर्थ व्यवस्था को विकासशील क्यों कहा जाता है ?

## III. परियोजनाकार्य

1. भारत की योजनाओं के उद्देश्यों की सूची बनाइए

## IV. क्रियाकलाप

भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्दमों की सूची बनाइए और उनकी समस्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए.

©KTBS Not to be republished

❖❖❖



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# व्यावहारिक अध्ययन

## अध्याय-1

# वाणिज्य अध्ययन की इकाइयाँ

**इस अध्याय के अध्यायन के बाद इन निम्न अंशों की जानकारी प्राप्त करेंगे।**

- *व्यवहारिक अध्ययन के मूलभूत अंश आर्थिक प्रक्रियायें और उनके प्रकारों को समझना।*
- *व्यवहार का विकास, अभिवृद्धि के सोपानों को समझना।*
- *अर्थिक विकास में व्यापार वाणिज्य की भूमिका और प्रमुखता के बारे में जानकारी प्राप्त करना।*
- *इक्कीसवीं सदी में वाणिज्य विकास के बारे में समझना।*

समाज विज्ञान के इस विभाग में व्यवहारिक अध्ययन के मूल विषयों की जानकारी प्राप्त करेंगे। आर्थिक प्रक्रियायें व्यवहारिक अध्ययन के मूल स्त्रोत हैं। आगे के अध्यायों में आर्थिक प्रक्रियाओं से संबंधित व्यावहारिक अध्ययन के विषयों को संक्षिप्त रूप में समझेंगे।

व्यवहार नामक शब्द सदा क्रिया कलापों से युक्त 'Busy' नामक शब्द से आया हे। प्रत्येक मानव के लिए आहार, वेशभूषा तथा आवास की आवश्यकता होती है। हमें इसके साथ साथ दैनिक घरेलू वस्तुओं की भी आवश्यकता होती है। इन्हें हम व्यापारियों से प्राप्त करते हैं। इन व्यापारियों में फुटकर विक्रेता थोक विक्रेताओं से या उत्पादकों से सामग्री प्राप्त करता है। इस सबके विविध कार्यकलाप ही **व्यवहार** कहलाते हैं। साथ ही इन सबकों व्यापारी कहते हैं। व्यवहार एक आर्थिक क्रिया कलाप है जो वस्तुओं के उत्पादन तथा वितरण की निरंतरता लिए हुए है। और मानव की माँग को पूरा करता है।

**आर्थिक प्रक्रिया:** मानव की अनेक इच्छाएँ होती हैं। इनकी आपूर्ति के लिए अनेक वस्तु और सेवाओं की आवश्यकता होती है। खेती-बाडी और उद्यमों से वस्तुओं का उत्पादन होता है। इन उत्पादित वस्तुओं के वितरण से ग्राहकों को अनेक सेवाएँ प्राप्त होती है इस प्रकार वस्तुओं का उत्पादन उनका वितरण और सेवा प्रदत्त प्रक्रियाओं को आर्थिक प्रक्रिया कहते हैं।

आर्थिक प्रक्रियाओं को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता हैं वे हैं -

1. व्यवहार  2. वृत्ति  3. उद्योग

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

1. व्यावहार मुख्य रूप से सामग्री एवं सेवाओं की उत्पत्ति और उन्हें ग्राहकों तक पहुँचानेवाली प्रक्रिया से संबंधित है। उदाहरणः दुकानें
2. वृत्ति मुख्य रूप से विशिष्टतम तकनीकी तथा परिणित सेवाओं से संबंधित है। उदाः वकील, लेखपाल, डाक्टर, प्रशासनिक सालाहकार इत्यादि।
3. उद्योग अथवा सेवा वेतन या कुली के लिए उद्योग दाता के कार्यों को निर्वहण करनेवाला उद्योगी अथव नौकर से संबंधित है। उदा : खेती-बाडी, मजदूरी, औद्योगिक नौकर आदि।

**ज्ञात रहेः**

*उद्योगदाता को उद्यमपति भी कहा जाता है। यह वेतन या मजदूरी देकर काम कराता है। इसके पास पैसों के लिए काम करनेवाला 'नौकर' कहलाता है।*

**विनिमय अथवा विनियोगः** वस्तु और सेवाओं को ग्राहकों तक वितरण करने की प्रक्रिया को विनमय कहा जाता है। विनिमय उत्पादन और उपयोगिता के बीच की कडी है। वस्तुओं का उत्पादन कहीं होता है और उनका उपयोग किसी और जगह होता है। उत्पादन प्रक्रिया में उत्पादक मार्केट परीशीलन, वस्तुओं को ले जाना, ले आना, दर निश्चय, वस्तुओं का संग्रह, वस्तुओं से संबंधित विज्ञापन, आर्थिक सुविधा आदि की गणना की जाती हैं। आजकल वस्तुओं का विनिमय आसान है। किसी भी वस्तु को कहीं से भी हम पैसों के द्वारा आसानी से विनिमय कर सकते हैं। इस प्रकार की विनिमय पद्धति से ही आगे चलकर व्यापार की शुरुवात हुई।

**ज्ञात रहेः**

*उपयोगिता प्राप्त करनेवाला उपभोक्ता कहलाता है। 'उपभोक्ता' का तात्पर्य है उपयोग करने वाला तथा सेवा प्राप्त करने की यह एक कला भी है। इस कला में निपुणव्यक्ति 'ग्राहक' कहलाता है।*

**व्यवहार का विकास और अभिवृद्धि :**

मनुष्य की कोई भी आर्थिक प्रक्रिया व्यवहार कहलाती है। व्यवहार के अंतर्गत व्यापार, उद्योग, बैंकिंग, बीमा, ऐजेन्सी, विज्ञापन आते हैं जो वस्तु और सेवा को ग्राहक तक पँहुचाते हैं।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

किसी भी प्रक्रिया का जन्म और उसके विकास का क्रम 'विकसन' कहाजाता है। वाणिज्य विकसन को ''व्यावहारिक इतिहास'' भी कह सकते हैं। वाणिज्य-व्यवहार का एक भाग है प्रक्रिया इसका क्रिया कलाप वस्तुओं और सेवाओं का वितरण।

व्यावहारिक विकास अनेक सोपानों से होते हुए विकसित हुआ है। उन में मुख्य सोपान निम्नलिखित हैं।

1. आखेट और मछलियों को पकडने की अवस्था/स्तर
2. पशुपालन अवस्था/स्तर
3. कृषि अथवा खेती-बाडी का अवस्था
4. कुशलकर्मी अवस्था
5. वस्तु विनियम अवस्था
6. आर्थिक अवस्था
7. नगरों की आर्थिक अवस्था
8. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अवस्था

1. **आखेट (शिकार करना) और मछली पकडने की अवस्था:** इसे आर्थिक विकास का प्रथम सोपान कह सकते हैं। इस परिस्थिति में लोग घुमक्कड थे उनका कोई निश्चित आवास नहीं था। एक स्थान से दूसरे स्थान में वे स्थानांतरण करते थे। प्राणियों का शिकार करते थे। नदियों, तालाबो से मछालियाँ पकडते थे। कंद-मूल, तालु, फलों को चुनकर खाते थे। जानवरों के माँस, कंद-मूल, रतालू, मछली इनका आहार था। ठंड, हवा और वर्षा से बचने के लिए ये पेडों की आड प्राणियों के चर्म का उपयोग करते थे। सामान्यत: गुफाओं में वास करते थे। इस सोपान में कोई आर्थिक प्रक्रिया नहीं थी।

2. **पशुपालन अवस्था:** इस अवस्था में लोगों ने जानवरों को पालना सीख लिया। पहले गाय, भेंड, बकरी, आदि प्राणियों को पालते थे। इन प्राणियों से उन्हें खाद्य और-ओढने की अन्य सुविधायें प्राप्त होती थीं। गायों को चराने चरागाहों (grass land) की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरण करते थे। इस सोपान में लोग

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कुछ हद तक उत्तम स्तर में पँहुचे। फिर भी वाणिज्य का विकास नहीं हो पाया।

3. **खेती-बाडी की (कृषि) अवस्था:** पशुपालन के अवस्था के कुछ वर्षों बाद लोग अनाज का उत्पादन करने लगे। एक निश्चित स्थान में निवास करने लगे। धीरे धीरे समूह में रहने लगे। वाणिज्य प्रक्रिया शुरु हुई। ग्राम और समुदायों का जन्म हुआ। श्रम का विभाजन होने लगा।

4. **दस्तकारों या कारीगर की अवस्था:** कृषकों को अनेक उपकरणों की जरुरत आ पडी। रहने के लिए घरों का निर्माण करना पडा। इसलिए कुछ लोग खेती-बाडी से संबंधित उपकरण तैयार करने लगे। कुछ लोग भवन निर्माण और अन्य काम करने लगे, इन्हें दस्तकार कहते हैं। ये लोग कृषि उपयोगी सामग्रियों का निर्माण करके लोगों के देकर बदले में खाद्य पदार्थ लेते थे। वस्तुविनिमय भी शुरु हुआ। आज भी ऐसे दस्तकारों को हम गाँवों में देख सकते हैं। समयानुसार ऐसे दस्तकारों ने अपनी प्रगति करके अपने वृत्ति संघो का निर्माण किया।

5. **वस्तु विनियम पद्धति की अवस्था:** श्रम के वर्गीकरण होने से उत्पादन क्षिप्रगति से होने लगा। अधिक उत्पादित वस्तुओं का दूसरे वस्तुओं के साथ विनिमय करने लगे। इस प्रक्रिया को 'वस्तुविनिमय पद्धति' कहते हैं। इस पद्धति में भी अनेक समस्यायें उत्पन्न हुई। जो निम्नलिखित है।

अ) **ऐच्छिक पारस्परिकता की कमी:** उदाहरण के लिए किसी किसान के पास चावल अधिक है और उसे गेहूँ की जरूरत है, तब चावल के साथ गेंहू का विनिमय कर लेता है तो इसे इच्छाओं की पारस्परिकता कहा जाता है। लेकिन कभी-कभार इच्छाओं की पारस्परिकता नहीं होती थी। उदा: चावलवाले किसान को गेंहू की जरूरत है, गेंहूवाले को ज्वार चाहिए, तब चावल के बदले में गेंहू मिल नहीं पाता था।

आ) **नापतोल अथवा ऐच्छिक मूल्यों की असमता:** कितने प्रमाण के चावल के लिए कितने प्रमाण का गेहूँ देना चाहिए ? अथवा कितने गायों का विनियम कितनी बकरियों में होना चाहिए? इस प्रकार वे मूल्य निश्चय नहीं कर पाते थे।

इ) **वस्तु विभाजन की असमता:** एक गाय के बराबर बकरियों को विभाजन नही कर सकते थे।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**ई) वस्तुओं का परिवहन और संग्रह की समस्या:** एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश तक वस्तुओं को रवाना करने की समस्या थी। और वस्तुओं को लंबे समय तक संग्रह नहीं कर पाते थे।

6. **आर्थिक व्यवस्था की अवस्था:** वस्तु विनिमय की समस्या को दूर करने के लिए अनेक मार्गों को अपनाया गया। प्राणियों का चर्म, कौडियों आदि को विनिमय का माध्यम बनाया गया। बाद में लोहे का उपयोग किया जाने लगा। क्रमश: ताँबा, चाँदी और सोने के सिक्कों का उपयोग करने लगे। फिर भी वस्तुओं का आदान-प्रदान मुश्किल हुआ। तत्पश्चात कागज के पैसों का उपयोग करने लगे। इस कागज के पैसों की पूर्ण जिम्मेदारी केंद्र रिसर्व बैंक लेता है। इस प्रकार चेक, ड्राफ्ट, बाँड पेपर, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि पैसों के रूप प्रचलित हुए।

7. **नगरों की आर्थिक स्थिति की अवस्था:** विनिमय के बदले में पैसों का प्रयोग हो जाने से वाणिज्य क्षेत्र की प्रगति क्षिप्रगति से होने लगी। लोग अधिक वस्तुओं का उत्पादन करने लगे। विनिमय का क्षेत्र विस्तृत हुआ। सब लोग एक निश्चित स्थान में मिलने लगे। आगे चलकर ऐसे स्थान मार्केट बन गये । तदुपरंत नगरों का रूप धारण करने लगे। व्यापारी लोगों की संख्या भी बढ़ गयी। दस्तकारों को बुलवाकर कच्चा माल देकर वस्तुओं को तैयार करवाने लगे। ऐसे वस्तुओं का गाँवों में वितरण होने लगा। इस प्रकार वाणिज्य क्षेत्र में बहुत अभिवृद्धि होने लगी। बाजारों की संख्या भी बढ़ गयी।

8. **अंतरराष्ट्रीय व्यापर की अवस्था:** क्रि.श.15 और 16 वी सदी में भौगोलिक अन्वेषण होने लगे। कोलंबस ने अमेरिका का अन्वेषण किया। वास्को-द-गामा ने भारत के लिए नवीन समुद्रीमार्ग को ढूँढा। पुर्तगाल देश के 'मेगलन' स्पेन देश के राजा की मदद लेकर 'विक्टोरिया जहाज' द्वारा स्पेन देश से विश्वपर्यटन करने निकला। पेसिफिक सागर पार कर, वहाँ से फिलिपीन्स द्वीपों में गया और मारा गया। तीन साल के बाद विक्टोरिया जहाज स्पेन लौटा । इस प्रकार 'विक्टोरिया' विश्व पर्यटन करनेवाला प्रथम जहाज कहलाने लगा।

वाणिज्य क्षेत्र की प्रगति में इग्लैंड की क्रांति और भौगोलिक अन्वेषणों से अधिक सहायता मिली। स्थानीय माँगों के साथ अन्य देशों की माँगों के लिए भी उत्पादन का काम होने लगा। उच्चस्तर के यंत्र और वस्तुओं द्वारा अधिक मात्रा में उत्पादन होने लगा। अंतर्राष्ट्रीय मार्केट भी प्रारंभ हुआ। यातायात संपर्क साधनों में शीघ्रगति का परिवर्तन मार्केटों

Not to be republished ©KTBS



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

के विकास का कारण बन गया। उत्पादन एक देश के लिए सीमित न होकर विश्व व्यापी हुआ।

## आर्थिक अभिवृद्धि में व्यापार और वाणिज्य क्षेत्र का महत्व

वस्तु या सामग्रियों को खरीदने और बेचने की प्रक्रिया को व्यापार कहते हैं। यातायात बीमा, बैंकिंग, गोदामों की व्यवस्था, विज्ञापन आदि वाणिज्य क्षेत्र के पूरक अंश कहलाते हैं। इन्हें वाणिज्य सेवा कह सकते हैं। विक्रेता ग्राहकों की इच्छा के अनुसार वस्तुओं का वितरण करते हैं। यातायात द्वारा उत्पादन केंद्र से वस्तु व्यापारियों के माध्यम से ग्राहक तक पँहुचती है। बैंक उत्पादक और व्यापारियों को कर्ज देकर मदद करते हैं। यातायात अथवा संग्रह के समय कोई नुकसान (नष्ट) हुआ तो बीमा कंपनी यों (Insurence Company) की सहायता मिलती है। किसी समय में उत्पादित वस्तु की आवश्यकता किसी समय में ग्राहकों को हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में वैज्ञानिक तकनीकी से निर्मित मालगोदाम वस्तुओं के संग्रहण में मदद करते हैं। विज्ञापन संस्था ग्राहकों को वस्तुओं की जानकारी देती है। इस प्रकार वाणिज्य क्षेत्र को इन सभी की सेवा प्राप्त होती है। केवल उद्यमी अथवा वाणिज्य क्षेत्र को ही नहीं समाज को भी इन संस्थाओं की सेवा मिलती है।

**वाणिज्य क्षेत्र के महत्व को संक्षेप में बताया जाय तो** यह एक सुविधाजनक क्षेत्र है। ग्राहकों को सेवा प्रदान करने की पूरी जिम्मेदारी यह लेता है। उद्यमों की स्थापना में कीमतों के नियंत्रण करने में मदद करता है। वाणिज्य क्षेत्र में अनेक विषयों का विनिमय भी होता है। सांस्कृतिक विकास का भी यह कारण बनता है। देश की व्यवस्था में वाणिज्य क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। सरकार की आय में कर और सीमा सुविधा प्रदान कर अपना योग देता है।

**इक्कीसवीं सदी में वाणिज्य का विकासः** 21 वीं सदी समूह माध्यम का युग है। इंटरनेट, बैंकिंग, बीमा योजना, निजीकरण, संचारी मार्केट तथा वर्तमान (इंटरनेट) विज्ञापन की व्यवस्था से ग्राहक, सेवाओं को अतिशीघ्र प्राप्त कर सकते हैं।

ग्राहक, विश्व के किसी भी भाग में उत्पादित अपनी आवश्यक वस्तु को टेली मार्केट के द्वारा प्राप्त कर सकता है। इंटरनेट विज्ञापनों से विश्वस्तर पर ग्राहकों को आकृष्ट कर रहा हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ उत्पादित वस्तुओं को आसानी से वितरण कर रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अधिक मात्रामें वस्तुओं का उत्पादन करके ग्राहकों को पहुँचा रही हैं। ये कई राष्ट्रों में कार्य करते हुए इनसे उत्पन्न वस्तुओं को विश्व स्तर के बाजार में वितरित करने में समर्थ



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

हो रही हैं। ये बडी मात्रा में वस्तुओं को उत्पादित कर विशेष गुणवत्ता वाली वस्तुओं को स्पर्धात्मक दर पर ग्राहकों को देती है। कुल मिलाकर वाणिज्य की अभिवृद्धि तेजी से हो रही है।

## अभ्यास

### I. खाली जगह भरिए :

1. ग्राहकों को देनेवाले तकनीकी अथवा विशिष्ट वैयक्तिक सेवाओं से संबंधित आर्थिक प्रक्रिया ________________ कहलाती हैं।
2. प्राचीन काल में वस्तुओं का विनिमय ________________ के साथ होता था।
3. कागज के पैसों की जिम्मेदारी ________________ लेता है।
4. वाणिज्य विकास के ________________ स्तर/अवस्था में ग्राम और समुदायों का जन्म हुआ।
5. अंतरराष्ट्रीय व्यापार स्तर में भौगोलिक ________________ होने लगे।
6. व्यापार और वाणिज्य सरकार को ________________ देने से आर्थिक विकास में सहायता मिलती है।

### II. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए :

1. आर्थिक प्रक्रिया किसे कहते हैं?
2. व्यापार और वाणिज्य में क्या अंतर है?
3. विनिमय पद्धति किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।
4. उद्योग किसे कहते हैं ?
5. व्यापार के पूरक अंश कौन-कौन से है?
6. वृत्ति संघ किसे कहते हैं?

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## III. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए:

1. दैनिक जीवन के लिए वस्तुओं का उत्पादन और वितरण का क्या महत्व है?
2. विविध प्रकार के आर्थिक प्रक्रियाओं की चर्चा कीजिए।
3. वस्तु विनिमय पद्धति की समस्याएँ कौन-सी हैं? पैसों के माध्यम से इनका निवारण कैसे होता है?
4. वाणिज्य विकसन के मुख्य स्तर या सोपान कौन-से हैं? किसी एक पर संक्षिप्त में लिखिए।

## IV. क्रिया कलाप-

1. अपने क्षेत्र के कुशल कारीगरों की सूची बनायें। किसी एक के कार्य को यथा संभव समझकर अपने अनुभव के आधार पर एक निबंध लिखिए।

❖❖❖

©KTBS
Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com